# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com भोपाल, मंगलवार 16 अप्रैल 2024




ट्रेविस हेड की सबसे तेज सेंचुरी

आईपीएल 2024 में रिकॉर्ड की झड़ी

## हैदराबाद ने सबसे ज्यादा 287 रन बनाए...मैच में 38 छक्के लगे

**नई दिल्ली।** आईपीएल 2024 में हैदराबाद ने रिकॉर्ड्स की झड़ी लगा दी। बेंगलुरु के खिलाफ इतिहास रचते हुए तीन विकेट पर 287 रन बनाकर आईपीएल का सबसे बड़ा स्कोर बना डाला। बेंगलुरु ने भी 262 रन बनाए लेकिन 25 रन से हार का सामना करना पड़ा। मैच में 38 छक्के भी रिकॉर्ड है। पढ़ें खेल पेज भी

नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय से 'हरिभूमि और आईएनएच' न्यूज चैनल के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी का 'चुनावी संवाद'

# जिन्होंने भ्रष्टाचार किया है, उनको क्या 'फूलमालाएं' चढ़ाएं हम ? 4 जून के बाद इनके खिलाफ और कड़ी कार्रवाई होगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

inh विशेष

भाजपा के कद्दावर नेता और मंत्री कैलाश विजयवर्गीय तकरीबन एक दशक से हरियाणा, बंगाल समेत अन्य राज्यों में भाजपा का इकबाल बुलंद करने के बाद अब अपने गृहप्रदेश लौट आए हैं। लोकसभा चुनाव में उन्हें पार्टी ने महाकौशल क्षेत्र में छिंदवाड़ा की जिम्मेदारी सौंपी है। यह लोकसभा क्षेत्र कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ का करीब 5 दशक से गढ़ बना हुआ है। इस किले को भेदने के लिए पार्टी ने मंत्री विजयवर्गीय को सबसे उपयुक्त माना है। यही वजह है कि वे छिंदवाड़ा में डेरा डाले हुए हैं। उनका कहना है कि हम कांग्रेस को और कमजोर करना चाहते हैं, ▶▶ शेष पेज 4 पर

### ये भी बोले विजयवर्गीय?

- *कांग्रेसियों को लाने हम किसी के घर नहीं गए, जो कांग्रेस की लीडरशिप से तंग आ चुके हैं, वे खुद हमारे पास आ रहे*
- *अब लोगों को समझ में आ गया है कि कमलनाथ हमेशा के लिए घर बैठने वाले हैं, इसलिए अबकी बार भाजपा को वोट देना है*



### उनसे सीधी बात

**सवालः** जिस छिंदवाड़ा को जीतने की अभिलाषा थी, वे आपके पास ही आ रहे थे, मामला कहां अटक गया?

**जवाबः** यह बात सही है कि कांग्रेस के कुछ लोग टिकट मांगने भाजपा के पास आए थे, उस पर चर्चा के बाद तय हुआ कि उनको पार्टी में नहीं लेना है। मेरे कहने का अंदाज अलग है। हालांकि, पार्टी जो निर्णय करती है, उस पर मैं कोई टिप्पणी नहीं करता हूं। पार्टी का निर्णय है कि कांग्रेस के लोगों को भाजपा में लेना है। कांग्रेस की नीति है कि भ्रष्टाचार की आवाज उठाओ, उनकी नीति है कि तुष्टीकरण की नीति अपनाओ तो वे भाजपा को कोसते रहे। जो लोग आ रहे हैं, उन्होंने अपनी पार्टी की रीति-नीति के साथ किसी ने 10 साल तो किसी ने 50 साल तक काम किया, लेकिन अब वे भाजपा में आ गए तो वे भाजपा की रीति-नीति के अनुसार काम करेंगे। वे भाजपा में आए तो सोच-समझकर आए हैं। उन्हें पीएम मोदी पर विश्वास है।

**सवालः** इस चुनाव का 2019 के चुनाव से कोई अंतर देख रहे हैं क्या ?

**जवाबः** इस बार देश की जनता ने तय कर लिया है कि नरेंद्र मोदी को फिर से पीएम बनाना है। विपक्ष कहीं पर भी संयुक्त दिखाई नहीं दे रहा है। एकदम बिखरा हुआ है। उनकी विचारधारा स्पष्ट नहीं है। इसलिए, यह निश्चय भी हो गया है कि 400 पार करेंगे। राहुल गांधी कोई भी घोषणा करें, उससे मेरा कोई ऐतराज नहीं है। वे चाहे साल में महिलाओं को 1 लाख रुपए दें या महीने में साढ़े 8 हजार, ▶▶ शेष पेज 4 पर

### मां महागौरी



श्वेते वृषे समरूढा श्वेताम्बरधरा शुचिः। महागौरी शुभं दद्यान्महादेवप्रमोददा॥


inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


## लोकसभा चुनाव से पहले पीएम नरेंद्र मोदी का महत्वपूर्ण साक्षात्कार, ईडी-सीबीआई, आयकर विभाग और ईसी से जुड़े सवालों के दिए जवाब

# मेरे फैसले किसी को डराने या किसी को 'दबाने' के लिए नहीं, 'विकास' के लिए

मोदी से जब समान अवसर की कमी और ईडी, सीबीआई, ईसी आदि एजेंसियों पर कथित प्रभाव के बारे में भी पूछा गया तो उन्होंने कहा कि इनमें से एक भी कानून (ईडी, सीबीआई केस दायर करना) मेरी सरकार द्वारा नहीं लाया गया, इसके विपरीत, चुनाव आयोग में सुधार मेरी सरकार द्वारा लाया गया। पहले एक परिवार के करीबी लोगों को चुनाव आयुक्त बनाया गया, जिन्हें बाद में राज्यसभा सीटें और मंत्रालय मिले। हम (भाजपा) उस स्तर पर नहीं खेल सकते।

ईवीएम पर विपक्ष के सवाल पर कहा कि वास्तव में, वे अपनी हार का कारण ढूंढने की कोशिश कर रहे हैं। ताकि, हार का दोष सीधे तौर पर उन्हें न दिया जाए।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक इंटरव्यू दिया है। इस इंटरव्यू में उन्होंने विपक्षी नेताओं पर जमकर निशाना साधा है। पीएम मोदी ने देशवासियों से कहा कि मेरे फैसले किसी को डराने या किसी को कमतर करने के लिए नहीं होते हैं। पीएम मोदी ने देशवासियों से कहा कि मेरे पास बड़ी योजनाएं हैं। वे देश के समग्र विकास के लिए बनाए जाते हैं।

जब पीएम नरेंद्र मोदी से विपक्ष के इस आरोप के बारे में पूछा गया कि एजेंसियां सरकार के नियंत्रण में हैं, और जब ईवीएम पर सवाल उठाया गया तो उन्होंने कहा कि वास्तव में, वे अपनी हार का कारण ▶▶ शेष पेज 4 पर



### मैं मां भारती का बेटा हूं

1 सवाल पूछा गया कि पहले कहा जाता था कि इंदिरा इज इंडिया और इंडिया इज इंदिरा और अब है मोदी इज भारत और भारत इज मोदी। वे बोले-ऐसा है कि देश यह कहता है और मैं खुद भी फील करता हूं कि मैं मां भारती का बेटा हूं।

2 मोदी ने कहा कि जो भ्रष्टाचार से घिरे हैं, उनमें पाप का डर होता है। आज कितने विपक्ष के नेता जेल में हैं। मुझे कोई नहीं बताता। और क्या ये वही विपक्षी नेता हैं, जो सरकारें चलाते थे? ये पाप का डर है। आखिर एक ईमानदार व्यक्ति को किस बात का डर?

### *ईडी का काम बेहतरीन, एजेंसी के 97% केस उन पर जो राजनीति से नहीं जुड़े*

*पीएम ने कहा है कि ईडी आज के समय में बेहतरीन काम कर रही हैं। उन्होंने दावा किया कि एजेंसी के 97 फीसदी केस ऐसे लोगों पर हैं, जो राजनीति में शामिल नहीं है। इतना ही नहीं पीएम ने कहा कि ईडी और सीबीआई से जुड़े कोई भी कानून भाजपा के समय में नहीं आए। बल्कि भाजपा सरकार चुनाव आयोग में बदलाव के लिए कानून लाई। मोदी ने कहा कि एक ईमानदार आदमी को किसी से डरने की जरूरत नहीं है। पर जो भ्रष्टाचार से घिरे हैं, उनमें पाप का डर होता है। आज कितने विपक्ष के नेता जेल में हैं। मुझे कोई नहीं बताता। और क्या ये वही विपक्षी नेता हैं, जो सरकारें चलाते थे? ये पाप का डर है। आखिर एक ईमानदार व्यक्ति को किस बात का डर? जब मैं मुख्यमंत्री था, तब उन्होंने मेरे गृह मंत्री को जेल में डाल दिया था। देश को समझना होगा कि राजनीतिक नेताओं पर ईडी के सिर्फ तीन फीसदी केस ही हैं। 97 फीसदी मामले उन लोगों पर हैं, जो राजनीति से नहीं जुड़े हैं।*

### मैंने ज्यादा से ज्यादा करने का प्रयास किया, मैं अभी बहुत कुछ करना चाहता हूं

*एक राष्ट्र-एक चुनाव पर प्रधानमंत्री मोदी ने साक्षात्कार में कहा कि यह हमारी प्रतिबद्धता है। हमने इसके लिए समिति बनाई, जिसे कई लोगों ने अपने सुझाव दिए। एक राष्ट्र-एक चुनाव योजना को लेकर सकारात्मक सुझाव आए हैं। अगर हम इस रिपोर्ट को लागू कर पाए तो देश को बहुत फायदा होगा। ज्यादातर सरकारों का स्वाभाव होता है कि उन्हें लगता है कि उन्होंने सब कुछ कर लिया लेकिन मैं ऐसा नहीं मानता कि मैंने सब कुछ कर लिया। लेकिन यह जरूर है कि मैंने ज्यादा से ज्यादा करने का प्रयास किया है। पीएम मोदी ने कहा कि जब मैं कहता हूं कि मेरे मन में बहुत बड़े-बड़े प्लान हैं। मेरे निर्णय देश के सर्वांगीण विकास के लिए हैं। मेरे निर्णय जनकल्याण के लिए हैं। देश के युवाओं की आकांक्षाओं को पूरा करने में मैं देर नहीं करना चाहता। मैं समय नहीं बिगाड़ना चाहता। मुझे पता है कि देश में बहुत चीजों की आवश्यकता है। हर परिवार के बहुत सपने होते हैं, उनका सपना कैसे पूरा किया जाए, वह मेरे दिल में है। इसलिए मैं कहता हूं कि जो हुआ वह बस ट्रेलर है। मैं अभी बहुत कुछ करना चाहता हूं।*

## कांग्रेस के घोषणा पत्र से युवा मतदाता निराश, आज की पीढ़ी सस्ते डेटा से खुश

कांग्रेस के घोषणापत्र की आलोचना करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि ये घोषणापत्र अर्थव्यवस्था को पूरी तरह से विफल करता है। कांग्रेस का घोषणा पत्र पहली बार मतदान करने वाले मतदाता की आकांक्षाओं को भी एक तरह से नष्ट कर देता है। मोदी ने कहा कि मैं जब विकसित भारत-2047 की बात करता हूं तो यह उनके लिए हैं, जो आज 20 साल के हैं। यह उनकी पूरी जिंदगी का टाइम फ्रेम है। 2047 में 20 साल वाला आज का युवा, 40-45 साल का होगा। भारत का विकास और उसके जीवन का विकास एक साथ होगा। विकसित भारत-2047 का सबसे बड़ा लाभार्थी वही होगा। मैं उन्हें यही समझा रहा हूं कि आप मेरे साथ जुड़े और अपना भविष्य बनाएं। मुझे विश्वास है कि वे जुड़ेंगे। अगर आप ध्यान दें तो इस घोषणा पत्र से सबसे बड़ा नुकसान 25 साल से कम उम्र के लोगों को है। मैं उन युवाओं के जीवन को बेहतर बनाना चाहता हूं। मैं देश में नवाचार को ताकत देना चाहता हूं। मोदी ने कहा कि आज की युवा पीढ़ी सोच रही है कि हमारी जिंदगी बेहतर हो रही है। आज भारत में सबसे सस्ता इंटरनेट है। सस्ते इंटरनेट के कारण युवाओं को देश में डिजिटल क्रांति लाने की ताकत आई है। मैंने हाल ही में गेमर्स से मुलाकात की थी। उन्होंने मुझसे कहा कि सर, हम दुनिया में खेलने जाते हैं, वहां डेटा बहुत महंगा है, हमारे लिए भारत में बहुत सारे अवसर हैं।

### करदाताओं का सम्मान करना चाहिए

पीएम ने कहा कि देश में करदाताओं का सम्मान होना चाहिए। लोगों को सरकार पर भरोसा है, अब कर संग्रह में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। पिछले 10 साल के शासन में आईटीआर फाइल धारकों की संख्या में बढ़ोतरी हुई है। पहले चार करोड़ से भी कम लोग आईटीआर फाइल करते थे, अब आठ करोड़ से अधिक लोग आईटीआर फाइल कर रहे हैं। मैं करदाताओं से अनुरोध करता हूं कि देश के लिए आप कम से कम ऐसे तीन लोगों को प्रेरित करें, जो अभी कर नहीं देते हैं। जब मैं गरीबों के लिए घर बनाता हूं तो उस ईंट का भुगतान करदाता करता है। जब करदाताओं के कारण गरीब को मुफ्त राशन दे पाता हूं। करदाताओं के कारण जरूरतमंद को खाना मिलता है।


### खबर संक्षेप

### आने वाला है एमपी बोर्ड 10वीं, 12वीं का परिणाम



**नई दिल्ली।** माध्यमिक शिक्षा बोर्ड मप्र 10वीं, 12वीं की परीक्षाओं के नतीजों को जारी करने की तैयारी है और ये तैयारियां अपने अंतिम चरण में हैं। एमपी बोर्ड रिजल्ट 2024 को 20 अप्रैल के दिन दोपहर 2 बजे जारी किया जा सकता है। बोर्ड एग्जाम 2024 में इस वर्ष 16 लाख छात्र छात्राओं ने उपस्थिति दर्ज कराई थी, जो अपनी परीक्षाओं के परिणामों का इंतजार कर रहे हैं। उत्तर पुस्तिकाओं की जांच का काम पूरा हो चुका है।

### केंद्रीय गृह अमित शाह आज छिंदवाड़ा प्रवास पर



**भोपाल।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह 16 अप्रैल को छिंदवाड़ा जिले के प्रवास पर रहेंगे। इस दौरान रोड शो में शामिल होंगे। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह शाम 5.30 बजे छिंदवाडा के फव्वारा चौक से बड़ी माता मंदिर, छोटी बाजार तक रोड शो में शामिल होंगे। इस चुनाव में यह दूसरा रोड-शो है। इसके पहले पीएम नरेंद्र मोदी ने जबलपुर में रोड-शो किया था।

### विदिशा में भीषण सड़क हादसा

## ट्रक और ट्रैक्टर में भिड़ंत से दो किसानों की मौत, चार गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

विदिशा में एक भीषण हादसा हो गया। एक ट्रक और ट्रैक्टर-ट्रॉली की टक्कर में दो किसानों की मौत हो गई। यह विदिशा-सागर हाईवे की घटना है। टक्कर के बाद छह किसान ट्रॉली के नीचे दब गए। दो की मौत हो गई, चार गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। जानकारी के मुताबिक, बगरोद के पास संस्कार वेयर हाउस के सामने सुबह करीब साढ़े तीन बजे यह हादसा हुआ। दरअसल, यहां अनाज बेचने आए किसानों के ट्रैक्टर-ट्राली की कतार ▶▶ शेष पेज 4 पर



### सपा-कांग्रेस का साझा समर्थन

## खजुराहो में वीडी शर्मा को टक्कर देंगे आरबी प्रजापति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



खजुराहो लोकसभा सीट काफी समय से विवादित चल रही है। इस सीट से मध्य प्रदेश भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा प्रत्याशी हैं। जहां पहले कांग्रेस ने गठबंधन के तहत यह सीट सपा को दी थी, वहीं सपा प्रत्याशी का नामांकन रद्द हो जाने पर गठबंधन का कोई उम्मीदवार यहां से नहीं बचा, जिसके बाद सोमवार को कांग्रेस और सपा ने संयुक्त रूप से पीसीसी में प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर ऑल इंडिया फॉरवर्ड ब्लॉक के उम्मीदवार को समर्थन का ऐलान किया। बता दें कि अब यहां से वीडी शर्मा को ऑल इंडिया फारवर्ड ब्लाक के उम्मीदवार राजा भैया (आरबी) प्रजापति सीधे टक्कर देंगे। जिसमें उन्हें सभी विपक्षी पार्टियों का सहयोग मिलेगा, इसलिए ▶▶ शेष पेज 4 पर

## देश भर में अमरनाथ यात्रा के लिए पंजीयन शुरू



भोपाल के न्यूमार्केट स्थित जम्मू एंड कश्मीर बैंक में पंजीयन कराने वालों की भीड़ उमड़ी।

### पहले दिन 190 से अधिक रजिस्ट्रेशन

**भोपाल।** अमरनाथ यात्रा के लिए सोमवार से अग्रिम यात्री पंजीकरण शुरू हो गया है। सुबह ही भोले के भक्त जम्मू शहर के बैंक की विभिन्न शाखाओं में पंजीकरण कराने के लिए पहुंचना शुरू हो गए। भोले के भक्तों ने जयघोष लगाते हुए पंजीकरण हासिल किया और खुशी-खुशी यात्रा की तैयारियों के लिए घर की ओर रवाना हुए। देशभर में जम्मू-कश्मीर बैंक, पंजाब नेशनल बैंक ▶▶ शेष पेज 4 पर

### 21 पूर्व जजों ने चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ को पत्र लिखा

संकीर्ण राजनीतिक हितों और व्यक्तिगत लाभ से प्रेरित ये तत्व कोशिश कर रहे हैं कि हमारी न्यायिक प्रणाली में जनता का विश्वास कम हो जाए

## जनता का विश्वास कम हो रहा, हम दबाव में हैं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट और हाई कोर्ट के 21 पूर्व जजों ने चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ को एक पत्र लिखा है। जिसमें उन्होंने देश के मौजूदा हालात में न्यायपालिका पर बढ़ते दबाव की बात की है।

उन्होंने ये भी कहा है कि न्यायिक प्रणाली में अब जनता का विश्वास कम हो रहा है। इस चिट्ठी को लिखने वालों में 17 हाई कोर्ट के पूर्व जज हैं और बाकी सुप्रीम कोर्ट के जज हैं। इन सभी जजों ने 14 अप्रैल को एक सामूहिक पत्र में चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ से जो कुछ भी कहा है, वो देश के हर जागरूक नागरिक को पढ़ना चाहिए। पूर्व 21 जजों ने लिखा है कि कुछ गुटों द्वारा सोचे-समझे दबाव, गलत सूचना और ▶▶ शेष पेज 4 पर



### ये हमारे देश के लोकतंत्र के लिए हानिकारक

पत्र में आगे लिखा कि हम खासतौर से गलत सूचना की रणनीति और न्यायपालिका के खिलाफ जनता की भावनाओं को भड़काने के बारे में चिंतित हैं, जो न केवल अनैतिक हैं, बल्कि हमारे लोकतंत्र के मूलभूत सिद्धांतों के लिए हानिकारक भी हैं। किसी के विचारों से मेल खाने वाले न्यायिक निर्णयों की चयनात्मक रूप से प्रशंसा करने और उन फैसलों की तीखी आलोचना करने की प्रथा जो न्यायिक समीक्षा और कानून के शासन के सार को कमजोर नहीं करते हैं।

### खुशखबरी : ला नीना प्रभाव के चलते सामान्य से बेहतर रहेगा मानसून

### भारतीय मौसम विभाग का अनुमान

भारतीय मौसम विभाग के प्रमुख ने बताया कि साल 1951 से लेकर 2023 तक का डेटा देखने से पता चलता है कि देश में नौ बार मानसून सामान्य से बेहतर रहा है। ला नीना प्रभाव के चलते ही ऐसा हुआ।

## इस साल 'जमकर बरसेंगे' बादल, पूरे देश में औसतन 87 सेंटीमीटर तक हो सकती है बारिश

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत में इस साल मानसून सामान्य से बेहतर रह सकता है। मौसम विभाग का कहना है कि इस साल पूरे देश में औसतन 87 सेंटीमीटर तक बारिश हो सकती है। ला नीना प्रभाव के चलते इस साल देश में मानसून अच्छा रहेगा। अगस्त-सितंबर में अच्छी बारिश होने का अनुमान है। भारतीय मौसम विभाग के प्रमुख ने बताया कि साल 1951 से लेकर ▶▶ शेष पेज 4 पर

देश में चार महीनों तक (जून से सितंबर तक) सामान्य से ज्यादा बारिश होगी और 106 प्रतिशत तक होगी



### *मानसूनी हवाएं कमजोर होने से पैदा होते हैं सूखे के हालात*

*अल नीनो प्रभाव में मध्य प्रशांत महासागर की सतह का पानी गर्म होता है, इसके चलते मानसूनी हवाएं कमजोर होती हैं और भारत में सूखे के हालात पैदा होते हैं। ला नीना प्रभाव में पूर्व से पश्चिम की तरफ हवाएं तेज हो जाती हैं, जिससे समुद्र की सतह का गर्म पानी पश्चिम की तरफ चला जाता है। इसके चलते समुद्र का ठंडा पानी ऊपर सतह पर आ जाता है, जिससे पूर्वी प्रशांत महासागर क्षेत्र में समुद्र की सतह का तापमान सामान्य से अधिक ठंडा हो जाता है। भारत में 70 फीसदी बारिश दक्षिण पश्चिमी मानसून के चलते ही होती है। मानसूनी बारिश देश के कृषि क्षेत्र के लिए बेहद* ▶▶ शेष पेज 4 पर



नवरात्रि विशेष
देवी मंदिर परिक्रमा 08

# मंदिर की पांच परिक्रमा लगाने से माता होती हैं खुश, भक्तों की मुरादों को करती हैं पूरी

हरिभूमि न्यूज >> भोपाल

राजधानी के अशोका गार्डन स्थित मां दुर्गा धाम मंदिर में वैसे तो बारह महीने ही भक्तों का तांता लगा रहता है, लेकिन नवरात्रि पर्व पर भक्ताओं की भारी भीड़ रहती है। यह मंदिर लोगों की अस्था का केंद्र है। यहां माता रानी भक्तों की मनचाही मुरादें पूरी करतीं हैं। मान्यता है कि श्रद्धा के साथ जो भी भक्ता माता रानी के मंदिर की पांच परिक्रमा करता है। उसकी मुंहमांगी मुराद पूरी होती है।

खासकर लोग यहां संतान प्राप्ति की कामना के लिए आते हैं। मंदिर में मां काली, दुर्गा, हनुमान, श्रीगणेश, मंशापूरण माता, भोलेनाथ, राम-जानकी सहित अन्य देवता ब्रिजमान है। वैसे तो मंदिर का इतिहास काफी प्राचानी है, लेकिन करीब 25-26 साल पहले मंदिर को विकसित किया गया था। साथ ही लगातार विकसित किया जा रहा है।




### और पूरी होने लगी मुराद




मंदिर के पुजारी पंडित वेदांत तिवारी ने बताया कि मंदिर की मान्यता है कि जो भी भक्त सचे मन से पांच परिक्रम कर ले या फिर जो भी भक्त शुक्लपक्ष की अष्टमी पर महाआरती में शामिल हो जाए। उसकी सभी मनोकमाना पूरी होती है। इसको लेकर कई उदाहण है। कई भक्त की मनोकामना पूरी पर उन्होंने मंदिर में माता रानी का सोने का सिहांसन व छत्र चढ़ाया है। नवरात्रि में मंदिर में अखंड ज्योति जलाई जाती है।

### शुभ काम से पहले माता रानी से लेते हैं आशीर्वाद



श्रद्धालु मनीष कुमार ने बताया कि माता रानी की उनके परिवार पर तो विशेष कृप्पा है, लेकिन जो लोग भी माता के दरबार में सच्चे मन से अर्जी लगाते हैं। उनकी हर मनोकामना पूरी होती है। आज भी क्षेत्र व दूसरे जगहों से लोग माता रानी के दर्शन करने आते हैं। इसके अलावा शुभ काम से पहले माता रानी का आशीर्वाद लेते हैं। उसके बाद कोई भी शुभकाम करते हैं।

### सालों से आ रहा हूं माता रानी के दर्शन करने



श्रद्धालु अनिल ठाकुर का कहना है कि मैं कई सालों से माता रानी के दर्शन के लिए आ रहा हूं। माता के आशीर्वाद से सभी मुरादें पूरी होती हैं। हम लोग समय-समय पर माता रानी के दर्शन करने यहां आते हैं। माता रानी भी हमें बुला लेती है।

---

## खबर संक्षेप

### एसपीएम कॉलेज में स्वच्छता कार्यक्रम



**भोपाल।** सोमवार को डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा शहीद दिवस (पखवाड़ा) स्मरण श्रृखंला के तहत स्वच्छता कार्यक्रम एवं मतदाता जागरुकता अभियान का आयोजन किया गया। डॉ. हेमलता वर्मा कार्यक्रम अधिकारी रासेयो, स्वीप नोडल के मार्गदर्शन और डॉ. संजय तेलंग प्राचार्य के संरक्षण में यह आयोजन किया गया। संचालन में विषेश सहयोग सौम्या चौधरी कैम्पस एम्बेसेडर एवं सरस्वती कोसले स्वच्छता एंबेसेडर ने दिया।

### 2 मई को गृह विज्ञान विषय में पीएचडी के लिए आरडीसी

**भोपाल।** बरकतउल्ला विश्वविद्यालय ने सोमवार को कोर्सवर्क परीक्षा (डी.ई.टी. 2022) में गृह विज्ञान विषय के उत्तीर्ण शोधार्थियों के लिए आरडीसी की तारीख निर्धारित की गई है। विवि की अकादमिक शाखा के सहायक कुलसचिव द्वारा जारी सूचना के अनुसार शोध उपाधि समिति (आरडीसी) की बैठक 2 मई को सुबह 11 बजे से आयोजित की जा रही है। सभी शोधार्थी उक्त तारीख को शोध कार्य प्रस्ताव की पीपीटी के साथ कुलपति कार्यालय में सुबह10:30 बजे अपनी उपस्थिति दर्ज कराएं।

### पटेल 12वीं बार गुजराती समाज के अध्यक्ष

**भोपाल।** श्री गुजराती समाज के रविवार को द्विवार्षिक चुनाव हुए। वर्ष-2024-26 के लिए हुए चुनाव में संजय पटेल फिर से समाज के अध्यक्ष चुने गए। पटेल 12वीं बार गुजराती समाज के अध्यक्ष चुने गए हैं। वहीं पटेल के सामने खड़े हुए राजेंद्र शांतिलाल पटेल हार गए। इससे पहले संजय पटेल की पूरी पैनल निर्विरोध निर्वाचित हुई। उपाध्यक्ष चेतन नवीनभाई पटेल, सचिव मिनेश पुरषोत्तम दास काका पटेल, कोषाध्यक्ष भावेश कोठरी, कार्यकारिणी सदस्य, अमित पटेल, आलोक मेहता, संजीव पटेल, नवीन नाकरानी पटेल, राजेश पटेल, निमेश पारिख, शांतिभाई पारिख आदि निर्वाचित हुए।

---

सातवें दिन माता कालरात्रि स्वरूप की आराधना करने बड़ी संख्या में मंदिर पहुंचे भक्त

# अष्टमी पर आज होगी महागौरी की पूजा, हवन पूजा कर कन्या भोज के साथ होगा भंडारा

हरिभूमि न्यूज >> भोपाल

चैत्र नवरात्रि महोत्सव के सातवें दिन सोमवार को देवी के कालरात्रि स्वरूप की आराधना करके साधकों और श्रद्धालुओं ने अपने जीवन को भयमुक्त बनाने का मार्ग प्रशस्त किया।

राजधानी के देवी मंदिरों में सुबह से देर रात तक भक्तों भीड़ जुट रही है। पौराणिक मान्यता के अनुसार मां के इस सातवें स्वरूप की विधि-विधान से पूजा-आराधना करने से जातकों को भय से मुक्ति का वरदान मिलता है। इसी आधार पर श्रद्धालुओं ने पूरी श्रद्धा के साथ न केवल मां की पूजा की, साथ ही दूध, दही, पानी, शहद आदि पंच पदार्थों से अभिषेक भी किया। तलैया स्थित काली देवी मंदिर, पीरगेट स्थित कर्फ्यू वाली माता मंदिर, टीटी नगर के माता मंदिर और गुदावल स्थित कंकाली माता मंदिर आदि में सुबह मंदिर के पट खुलते ही भक्तगण माता रानी के दर्शन करने पहुंच रहे है।



चैत्र नवरात्र में वल्लभ नगर में मां दुर्गा की झांकी लगाई गई, जहां सप्तमी पर सैकड़ों श्रद्धालुओं ने दर्शन किए।

### महागौरी पूजा की तैयारियां

नवरात्रि महोत्सव के अंतिम दौर में मंगलवार को मां दुर्गा के अष्टम स्वरूप यानी महागौरी की पूजा की जाएगी। पुजारी गुरू पं. रामजीवन दुबे ने बताया कि चैत्र शुक्ल पक्ष दुर्गा महाअष्टमी पर मंगलवार को दुर्गा मंदिरों में महागौरी की पूजा एवं घरों में श्री माता रानी जी की पूजा-पाठ, हवन आरती, प्रसाद वितरण के साथ कन्या भोज के साथ ही महा अष्टमी व्रत का समापन होगा। नवरात्रि में मां दुर्गा के नौ रूपों की पूजा बेहद खास मानी जाती है। चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की अष्टमी तिथि को यानी आठवें दिन देवी दुर्गा के आठवें स्वरूप मां महागौरी का पूजन किया जाता है। धार्मिक मान्यता है कि अष्टमी तिथि पर सच्चे मन से मां महागौरी की पूजा-अर्चना करने से भक्तों की सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं। मां महागौरी को ममता की मूरत कहा जाता है। ज्योतिष मान्यताओं के अनुसार मां महागौरी की पूजा करने से राहु के बुरे प्रभाव कम हो जाते हैं। नवरात्रि के पावन दिनों में अष्टमी तिथि का खास महत्व है। तो वहीं कुछ मंदिरों में रामनवमी के दिन भंडारे का आयोजन किया जाएगा। इसको लेकर तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। इसके अलावा सप्तमी पर यानी सोमवार को भी घर-घर कन्या भोज आयोजन किए गए।



### भोजपुर समाज का चार दिवसीय चैती छठ महापर्व का समापन

**भोपाल।** भोजपुरी एकता मंच के अध्यक्ष कुंवर प्रसाद ने बताया कि संस्था के तत्वावधान में बटुकेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण बीडीए कॉलोनी गोंदरमऊ में आयोजन किया गया। भोजपुरी समाज का लोक आस्था का महापर्व चैती छठ पर सोमवार को उगते हुए सूर्य भगवान को गाय के कच्चे दूध से भोजपुरी समाज के लोगों ने अध्य अर्पितकर संतान की सुख समृद्धि की कामना की। वहीं महिलाओं ने एक दूसरे को नाक से लेकर मांग तक लंबा सिंदूर का टीका लगाया, जिसे पति की लंबी कामना के लिए किया जाता है। कुंड में 5 किलो गुलाब के पंखुड़ी डाली गई थी, एवं आतिशबाजी की गई। उसके उपरांत समापन व्रत का हुआ, जिसे परण कहते हैं। इस दौरान संस्था के अध्यक्ष कुंवर प्रसाद शैलेंद्र सिंह, विजय सिंह, संध्या सिंह, सरिता सिंह, अरुण सिंह, सुरभी सिंह, नरेंद्र साहू, रीमा देवी इत्यादि लोग मौजूद रहे। वहीं राजधानी के अन्य स्थानों व घाटों पर भी उगते हुए सूर्य देव को अर्घ्य अर्पित कर व्रत का समापन किया।

---

# छुट्टी के बाद हुई 408 रजिस्ट्री आज अष्टमी पर रहेगा बूम

हरिभूमि न्यूज >> भोपाल

नवरात्रि पर लगातार छुट्टियों की वजह से रजिस्ट्रियों की संख्या तो कम है, लेकिन दिन के हिसाब से रिकॉर्ड रजिस्ट्री दर्ज की जा रही हैं। शनिवार और रविवार की छुट्टी के बाद सोमवार को 409 रजिस्ट्री दर्ज की गई। अब अष्टमी पर भी प्रॉपर्टी के बाजार में बूम रहेगा। हालांकि नवमीं पर सरकारी छुट्टी होने से रजिस्ट्री नहीं हो सकेंगी। नई कलेक्टर गाइडलाइन के हिसाब से जिले के एक हजार 443 स्थानों पर पांच से 95 प्रतिशत तक प्रॉपर्टी के दामों में वृद्धि की गई है। नवरात्रि के तीन दिन लगातार अवकाश होने की वजह से आइएसबीटी, परी बाजार और बैरसिया स्थित पंजीयन कार्यालयों पर सोमवार को भीड़ रही। रजिस्ट्री के लिए सर्विस प्रोवाइडर्स ने एक दिन पहले ही स्लाट बुक कर दिए थे। इससे पहले अप्रैल माह की शुरुआत में करीब 950 रजिस्ट्रियां दर्ज की गई थी। इस तरह कुल एक हजार 787 रजिस्ट्रियां अब तक हुई हैं। साथ ही सात करोड़ रुपए से अधिक का राजस्व विभाग को मिला है।

---

नियमों के विपरीत चुनाव ड्यूटी लगाने का विरोध

# वन कर्मचारियों ने मुख्य सचिव को भेजे 5400 पोस्ट कार्ड

हरिभूमि न्यूज >> भोपाल

मध्य प्रदेश कर्मचारी मंच वन विभाग के नेतृत्व में सोमवार को कलेक्टरों द्वारा नियमों के विपरीत चुनाव ड्यूटी लगाने के विरोध में प्रांत व्यापी पोस्टकार्ड आंदोलन चलाया गया। आंदोलन प्रदेश के 54 जिलों में कर्मचारियों ने कलेक्टरों द्वारा की गई इस कार्रवाई का विरोध करते हुए चलाया।

पोस्टकार्ड आंदोलन के प्रथम चरण में 5400 पोस्टकार्ड मुख्य सचिव के नाम पोस्ट किए गए। मध्य प्रदेश कर्मचारी मंच वन विभाग के प्रदेश अध्यक्ष अशोक पांडेय ने बताया कि प्रदेश के कलेक्टरों ने राष्ट्रीय निर्वाचन आयोग के नियमों के विपरीत वन कर्मचारियों की चुनाव में ड्यूटी लगा दी है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी एवं उच्च न्यायालय जबलपुर के आदेश को भी संज्ञान में नहीं ले रहे हैं। प्रदेश के 23 हजार वन कर्मचारी दोहरी ड्यूटी करने को मजबूर हैं। चुनाव ड्यूटी लगने के कारण जंगलों में वन माफिया सक्रिय हो गया है। शिकारी शिकार करने लगे हैं। वहीं दूसरी ओर चुनाव ड्यूटी के कारण लगाए गए पौधों को पानी नहीं मिल पाएगा।

---

रुबात मिलने पर भोपाल, रायसेन और सीहोर के हज यात्रियों को मिलेगा फायदा

# भोपाल से हज यात्रा 66 हजार रुपए महंगी मुंबई से जाने पर सबसे सस्ता रहेगा सफर

हरिभूमि न्यूज >> भोपाल

हज पर जाने वाले प्रदेश के हज यात्रियों को मुंबई, दिल्ली या देश के अन्य इंबारकेशन प्वाइंट के मुकाबले ज्यादा रकम अदा करना पड़ेगी। मुंबई के मुकाबले भोपाल से जाने वालों को 66 हजार रुपए अधिक देना पड़ेंगे। जबकि भोपाल, रायसेन और सीहोर के हज यात्रियों को मक्का और मदीना में रुबात मिलने के बाद कुछ राशि कम हो जाएगी। वर्तमान में भोपाल से हज यात्रा पर जाने वाले लोगों से 3 लाख 87 हजार 150 रुपए जमा कराए जा रहे हैं, जबकि इंदौर से 3 लाख 71 हजार 200 और मुंबई से जाने वाले हज यात्रियों से 3 लाख 21 हजार 150 रुपए जमा कराए जा रहे हैं। हज यात्री दो किस्त के रूप में 2 लाख 51 हजार 800 रुपए पहले ही जमा कर चुके हैं। शेष राशि की अदाएगी 27 अप्रैल तक की जानी है।



हज कमेटी ऑफ इंडिया द्वारा तय की गई हज राशि में मुंबई इंबारकेशन प्वाइंट का खर्च 3 लाख 21 हजार 150 तय किया है, जबकि दिल्ली से यह खर्च 3 लाख 30 हजार 100 रुपए है। इसके विपरीत मप्र के दोनों इंबारकेशन प्वाइंट इन दोनों शहरों से महंगे। जहां भोपाल के हज यात्रियों को दिल्ली के मुकाबले 57 हजार तो मुंबई के मुकाबले 66 हजार रुपए ज्यादा देना पड़ेंगे। इसी तरह इंदौर से दिल्ली के मुकाबले 68 हजार और मुंबई के मुकाबले 50 हजार रुपए ज्यादा अदा करना पड़ेंगे, जबकि भोपाल या इंदौर से मुंबई और दिल्ली का हवाई किराया 5 से 7 हजार रुपए है। सहायक कार्यपालन अधिकारी मसूद अख्तर ने बताया कि हज कमेटी ने तैयारी पूरी कर ली है। तीसरी किश्त जमा होने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### सबसे सस्ता मुंबई, सबसे महंगा बिहार के गया से होगा

सेंट्रल हज कमेटी द्वारा एक ही देश के अलग-अलग हाजियों के लिए तय किए खर्च में बड़ी असमानता है। जहां तय किए गए खर्च में सबसे सस्ता मुंबई है। इसका खर्च 3 लाख 21 हजार 150 रुपए है। वहीं देश का सबसे महंगा हज खर्च बिहार के गया से तय हुआ है। यहां से हज पर जाने वाले एक हज यात्री को 4 लाख 11 हजार 600 रुपए देना पड़ेंगे।

### 9 मई से शुरू होगी जेद्दा की उड़ान

सेंट्रल हज कमेटी के शेड्यूल के हिसाब से 9 मई से प्रदेश के हज यात्रियों की उड़ान जेद्दा के लिए शुरू की जाएंगी। हालांकि अब तक फाइनल शेड्यूल जारी नहीं किया गया है। भोपाल से हज यात्रियों की संख्या के हिसाब से रोजाना दो-दो फ्लाइट सीधे जेद्दा के लिए रवाना होंगी।

---

रिपोर्ट सार्वजनिक करने और पुनः निरीक्षण करने की मांग

# एनएसयूआई मेडिकल विंग ने फर्जी नर्सिंग कॉलेजों के खिलाफ सीबीआई को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज >> भोपाल

मध्यप्रदेश में हुए नर्सिंग कॉलेज फर्जीवाड़े में फर्जीवाड़ा थमने का नाम नहीं ले रहा है। मध्यप्रदेश हाईकोर्ट के निर्देश पर सीबीआई ने 308 नर्सिंग कॉलेज की जांच की थी, जिसमे 169 नर्सिंग कॉलेजों को सूटेबल और 66 को अनसूटेबल बताया गया था।

वहीं 73 नर्सिंग कॉलेज में कमियां बताई थीं, लेकिन अब सीबीआई की जांच पर ही सवाल खड़े हो रहे हैं। एनएसयूआई मेडिकल विंग नेता रवि परमार के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने सोमवार को सीबीआई के क्षेत्रीय कार्यालय पहुंचकर कर फर्जी नर्सिंग कॉलेजों की जांच रिपोर्ट में सूटेबल बताए गए नर्सिंग कालेजों की रिपोर्ट सार्वजनिक कर पुनः जांच करने की मांग की। इस आशय का ज्ञापन क्षेत्रीय निदेशक को सौंपा गया है। ज्ञापन में मांग की है कि सीबीआई भी अगर जांच के नाम पर सिर्फ लीपापोती करेगी तो फिर आम नागरिक किस पर भरोसा करेगा?

### हकीकत कुछ और ही है

एनएसयूआई मेडिकल विंग के रवि परमार ने ज्ञापन में कहा कि सीबीआई द्वारा नर्सिंग कॉलेजों की जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत की गई, लेकिन भोपाल के कई कॉलेज ऐसे हैं, जिनको सीबीआई की रिपोर्ट में सूटेबल बताया गया है, जबकि हकीकत कुछ और ही है। रवि ने भोपाल के एपीएस नर्सिंग एकेडमी, मेहको नर्सिंग कॉलेज, अरविंदो नर्सिंग कॉलेज, मलय नर्सिंग कॉलेज सहित कुछ कॉलेजों में जांच में लीपापोती का आरोप लगाते हुए कहा कि सीबीआई द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट में इन सभी कॉलेज को सूटेबल बताया गया है, जबकि यह सभी कॉलेज नियम विरुद्ध संचालित हो रहे हैं। परमार ने कहा कि एनएसयूआई मांग करती है कि इन नर्सिंग कॉलेजों की निरीक्षण रिपोर्ट सार्वजनिक कर पुनः निरीक्षण कराकर फर्जी निरीक्षण रिपोर्ट तैयार कर जमा करने वाले अधिकारियों पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए जाएं, जिससे स्वतंत्र जांच एजेंसी की कार्रवाई पर आम जनमानस का विश्वास बना रहे।

---

मप्र मानव अधिकार आयोग ने भोपाल जिले के पांच मामलों में संज्ञान लिया

# विद्यार्थियों को नहीं मिली गणवेश राशि लोक शिक्षण आयुक्त को जांच के निर्देश

हरिभूमि न्यूज >> भोपाल

मप्र मानव अधिकार आयोग ने भोपाल जिले के पांच मामलों में संज्ञान लिया है। पहला मामला सरकारी स्कूलों में विद्यार्थियों को अब तक गणवेश राशि नहीं मिलने का है। मामले में आयोग ने लोक शिक्षण आयुक्त को जांच के निर्देश दिए है। इसके साथ ही सरकारी स्कूलों के विद्यार्थियों को गणवेश राशि के भुगतान की जानकारी तीन सप्ताह में मांगी है।

आयोग के संज्ञान में आया है कि, प्रदेश के सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले पहली से आठवीं तक के विद्यार्थियों को पिछले सत्र 2023-24 की गणवेश राशि नहीं मिली है। प्रदेश के 22 जिलों में राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा गणवेश राशि वितरित की जाती है। इन जिलों में स्व-सहायता समूहों को 15 मार्च तक राशि उपलब्ध कराया जाना था, जो अब तक नहीं किया गया है।




### इन मामलों में भी लिया संज्ञान

आयोग ने भोपाल जिले में किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग के जिला कार्यालय से सेवानिवृत्त हुए कृषि विस्तार अधिकारी के अपने बकाया भुगतान के लिए परेशान होने के मामले, कई कॉलोनियों में सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट अधूरे पड़े होने से कॉलोनी में रहने वाले लोगों के लिए मुसीबत होने, जय प्रकाश अस्पताल में रेडियोलाजिस्ट के डॉक्टर नहीं होने और बैरसिया इलाके में एक नवविवाहिता की संदिग्ध हालात में मृत्यु होने की घटना पर संज्ञान लेकर संबंधित अधिकारियों से जवाब मांगा है।

---

नगर निगम कमिश्नर ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों का किया निरीक्षण

जवाहर चौक सहित कई जगह ट्रैफिक में बाधा पहुंचा रहे हाथ ठेले जब्त किए

# कचरा ट्रांसफर स्टेशन परिसर पर गंदगी मिलने पर जताई नाराजगी, वेस्टर्न कंपनी पर सवा लाख रुपए का जुर्माना

हरिभूमि न्यूज >> भोपाल

राजधानी में सोमवार को नगर निगम की टीमों ने अलग अलग क्षेत्रों में कार्रवाई की। निगम कमिश्नर ने दानापानी कचरा ट्रांसफर स्टेशन का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान सूखे कचरे वाले नीले कंटेनर से गंदगी बहने और परिसर में गंदगी पर मिलने पर वे नाराज हुए और मौके पर ही वेस्टर्न कंपनी पर 1 लाख रुपए का जुर्माना लगाने के निर्देश दिए, जबकि ट्रांसफर स्टेशन परिसर में प्लॉस्टिक की बड़ी प्लेट में पानी भरे होने और उसमें डेंगू का लार्वा पनपने की संभावना पर सख्त नाराजगी व्यक्त करते हुए वेस्टर्न कंपनी पर ही 25 हजार रुपए का जुर्माना लगाया। कमिश्नर ने ट्रांसफर स्टेशन के बाहर सुलभ शौचालय का भी निरीक्षण किया और साफ-सफाई व्यवस्था ठीक न होने के साथ ही केयर टेकर के अनुपस्थित रहने पर 5 हजार रुपए का जुर्माना लगाया।



### विवाद की स्थिति भी बनी

जवाहर चौक में सोमवार को नगर निगम ने अतिक्रमण को लेकर कार्रवाई की। यहां सड़क किनारे खड़े ठेले हटाए गए। इनकी वजह से ट्रैफिक जाम होने की शिकायतें निगम के पास पहुंची थी। निगम की 6 टीमों ने शहर के विभिन्न इलाकों से अतिक्रमण हटाया। इस दौरान हल्की नोकझोंक भी हुई। जवाहर चौक इलाके में कार्रवाई के दौरान विवाद की स्थिति भी बनी।

### ग्रीन बेल्ट इलाके में मलबा फेंकने सहित 9 प्रकरण बनाए

नगर निगम की टीम द्वारा जवाहर चौक में सड़क किनारे ट्रैफिक जाम कर रहे हाथ ठेलों को जब्त करने की कार्रवाई की गई। ग्रीन बेल्ट इलाके में मलबा फेंकने सहित 9 प्रकरण में 20 हजार रुपए का जुर्माना वसूला गया। इसके साथ ही 10 पशुओं को कांजी हाउस में भी भेजा गया। निगम कमिश्नर हरेंद्र नारायण ने सोमवार को अरेरा कॉलोनी, त्रिलंगा, दानापानी रोड आदि क्षेत्रों में साफ-सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। इस दौरान वार्ड 48 के ई 7 में मकान नंबर 640 निर्माणाधीन भवन का सीएंडडी वेस्ट सड़क पर फेंकने वाले ठेकेदार शाहनवाज अंसारी पर 5 हजार रुपए, ई 7 में ही मकान नंबर 641 के भवन स्वामी द्वारा घर के बाहर कचरा फेंकने पर 2 हजार रुपए का स्पॉट फाइन किया गया। वार्ड 50 के होटल रेडिसन से दानापानी रोड पर भवन निर्माण सामग्री का व्यवसाय करने वाले 6 व्यवसायियों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए 11 हजार और सड़क पर सीएंडडी वेस्ट फेंकने पर पंजाब नेशनल बैंक से 2 हजार रुपए का स्पॉट फाइन वसूला गया।

भोपाल
मंगलवार, 16 अप्रैल 2024
चैत्र मास शुक्ल पक्ष-08
वर्ष : 11, अंक : 22
पृष्ठ : 14 मूल्य : 4.00

मौसम
अधि. 37
न्यून. 24

हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi com

देश की अर्थव्यवस्था के मोर्चे पर 'अच्छी खबर'

## ऑल टाइम हाई हुआ विदेशी मुद्रा भंडार, 648 अरब डॉलर के पार



सोने के भंडार में तेज बढ़ोतरी के चलते देश का विदेशी मुद्रा भंडार ऑल टाइम हाई हो चला

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

देश की अर्थव्यवस्था के मोर्चे पर एक अच्छी खबर आई है। दरअसल, सोने के भंडार में तेज बढ़ोतरी के चलते देश का विदेशी मुद्रा भंडार ऑल टाइम हाई हो चला है। जी हां, लगातार सातवें सप्ताह बढ़कर यह 648 अरब डॉलर के पार पहुंच गया है, जो अब तक का ऑल टाइम हाई है। इस संबंध में भारतीय रिजर्व बैंक ने जानकारी दी है। इससे ▸▸ शेष पेज 4 पर

### फॉरेन करेंसी असेट्स हुआ 571.17 अरब डॉलर

वहीं, आरबीआई के आंकड़ों के मुताबिक 5 अप्रैल को समाप्त सप्ताह में मुद्रा भंडार को अहम हिस्सा मानने वाली फॉरेन करेंसी असेट्स 54.9 करोड़ डॉलर बढ़कर 571.17 अरब डॉलर हो गई। ज्ञात हो, फॉरेन करेंसी एसेट्स, फॉरेन एक्सचेंज रिजर्व का अहम हिस्सा होते ▸▸ शेष पेज 4

वो अद्भुत 5 मिनट
वैज्ञानिक इस अलौकिक पलों को पूरी भव्यता से प्रदर्शित करने के लिए जुटे हुए

# 17 अप्रैल दोपहर 12 बजकर 16 मिनट पर रामलला का अभिषेक करेंगी सूर्य किरणें, सुबह 3.30 बजे से होंगे दर्शन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ अयोध्या



श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने बताया कि केवल रामनवमी के दिन 17 अप्रैल को रामलला की दर्शन अवधि में बदलाव किया जाएगा।

मंगला आरती के बाद ब्रहम मुहूर्त में प्रातः 3:30 बजे से अभिषेक, श्रृंगार एवं दर्शन साथ- साथ हो सकेंगे। श्रीरामलला मंदिर में दर्शन करने आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए रामनवमी ▸▸ शेष पेज 4 पर

रामनवमी पर रात्रि 11 बजे तक दर्शन हो सकेंगे

मंदिर का बचा हुआ कार्य भी दिसंबर 2024 तक पूरा हो जाएगा



### 19 तक कोई पास नहीं बनेंगे

तीर्थ क्षेत्र की ओर से बताया गया कि रामनवमी पर शयन आरती के पश्चात मंदिर निकास मार्ग पर प्रसाद मिलेगा। दर्शनार्थी अपना मोबाइल, जूता, चप्पल, बड़े बैग एवं प्रतिबंधित सामग्री आदि मंदिर से दूर सुरक्षित रखकर आएं। बताया कि दिनांक 16, 17, 18 एवं 19 अप्रैल को सुगम दर्शन पास, वीआईपी दर्शन पास, मंगला आरती पास, श्रृंगार आरती पास एवं शयन आरती पास नहीं बनेंगे। सुग्रीव किला के नीचे, बिड़ला धर्मशाला के सामने, श्री रामजन्मभूमि प्रवेश द्वार पर 'श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र' द्वारा यात्री सेवा केंद्र बनाया गया है जिसमें जन-सुविधाएं उपलब्ध हैं। श्री राम जन्मभूमि मंदिर में संपन्न होने वाले सभी कार्यक्रमों का सजीव प्रसारण अयोध्या नगर निगम क्षेत्र में लगभग 80 से 100 स्थानों पर एलईडी स्क्रीन लगाकर दिखाया जाएगा।




## खबर संक्षेप

### 10 मई को खुलेंगे यमुनोत्री धाम के कपाट




**देहरादून।** यमुनोत्री जयंती के अवसर पर रविवार को पुरोहित समाज ने यमुनोत्री धाम के कपाट खुलने की तिथि घोषित कर दी है। मां यमुना के मंदिर के कपाट 10 मई को अक्षय तृतीया पर सुबह 10.29 बजे रोहिणी नक्षत्र में खोले जाएंगे। पुजारी ने बताया कि इससे पहले मां यमुना की डोली खरसाली गांव में सुबह 6.15 बजे यमुनोत्री धाम के लिए रवाना होगी।

### थोक महंगाई दर मार्च में बढ़कर 0.53 फीसदी पर



**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव से पहले आम आदमी को महंगाई का झटका लगा है। फरवरी में डब्ल्यूपीआई आधारित थोक महंगाई दर 0.20 फीसदी पर थी। यह मार्च में बढ़कर 0.53 फीसदी पर पहुंच गई है। इसमें सबसे ज्यादा इजाफा आलू और प्याज की कीमतों में देखने को मिला है। यानी मार्च के महीने में मामूली रूप से बढ़ी है।

### भारत में बैन हुए 2 लाख से अधिक अकाउंट्स



**नई दिल्ली।** एलन मस्क के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ने अपनी कंप्लायंस रिपोर्ट जारी की है। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत में पॉलिसी उल्लंघन को लेकर 2,13,000 अकाउंट्स बैन किए हैं। यह आंकड़ा 26 फरवरी से 25 मार्च 2024 के बीच का है। ये अकाउंट्स बाल यौन शोषण और अश्लीलता को बढ़ावा दे रहे थे।

सीएम डॉ. यादव व प्रदेशाध्यक्ष वीडी शर्मा ने कहा-संकल्प पत्र के हर बिंदु को गारंटी के रूप में धरातल पर उतारेंगे

# हमारे संकल्प पत्र से प्रदेश में भी टूरिज्म, मेडिकल शिक्षा सहित कई क्षेत्रों में अपार संभावनाएं बढ़ेंगी

आने वाले दो सालों में मप्र के हर लोकसभा क्षेत्र में एक मेडिकल कॉलेज की सौगात दी जाएगी।

संकल्प पत्र में गरीबों की झुग्गी-झोपड़ियों का भी निदान खोजा गया है। अब सैटेलाइट टाउन का संकल्प लिया गया है। सैटेलाइट टाउन के जरिए शहर के साथ ही उसके आसपास वाले इलाकों का भी विकास होगा।

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने सोमवार को लोकसभा चुनाव-2024 के लिए पार्टी के संकल्प-पत्र 'भाजपा का संकल्प मोदी की गारंटी-2024' का विमोचन किया।

राजधानी के बंसल-वन स्थित प्रदेश मीडिया सेंटर में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा का ये संकल्प पत्र देश के साथ-साथ मध्यप्रदेश के विकास को भी गति देगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी हर गारंटी के पूरे होने की गारंटी है और यह संकल्प पत्र प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी का दस्तावेज है, जिसमें देश के साथ मध्यप्रदेश के विकास को भी गति देने वाले प्रावधान हैं। संकल्प पत्र के हर बिंदु को गारंटी के रूप में धरातल पर उतारेंगे। डॉ. यादव ने कहा कि मोदी बोलते हैं, यही समय है सही समय है। निश्चित रूप से यह भाजपा के संकल्प पत्र को लेकर आगे बढ़ने का सही समय है और हम इस समय का सदुपयोग करेंगे। इस संकल्प पत्र से मध्यप्रदेश में भी टूरिज्म, मेडिकल, शिक्षा सहित कई क्षेत्रों में अपार संभावनाएं बढ़ेंगी।

डॉ. यादव ने कहा कि मोदी बोलते हैं, यही समय है सही समय है। निश्चित रूप से यह भाजपा के संकल्प पत्र को लेकर आगे बढ़ने का सही समय है और हम इस समय का सदुपयोग करेंगे।



### स्वाभिमान के साथ ही युवाओं को रोजगार

मुख्यमंत्री ने कहा कि संकल्प पत्र में पर्यटन के विस्तार के लिए कई कदम उठाए गए हैं। आने वाले दो सालों में मप्र के हर लोकसभा क्षेत्र में एक मेडिकल कॉलेज की सौगात दी जाएगी। भाजपा ने संकल्प पत्र के माध्यम से देश के स्वाभिमान के साथ ही युवाओं को रोजगार, गरीबों को काम सहित अन्य क्षेत्रों का भी ध्यान रखा है। संकल्प पत्र में गरीबों की झुग्गी-झोपड़ियों का भी निदान खोजा गया है। अब सैटेलाइट टाउन का संकल्प लिया गया है। अब सैटेलाइट टाउन के जरिए शहर के साथ ही उसके आसपास वाले शहर का भी विकास होगा।


### मुद्रा लोन में 20 लाख रुपए तक लिमिट : शर्मा

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि पार्टी के संकल्प पत्र में भारत का श्रेष्ठ बनाने का निश्चय है, तो 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का रोड मैप भी है। पार्टी का संकल्प पत्र सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के अगले पांच वर्षों का मार्ग प्रशस्त करेगा। इसमें देश के विकास का जो ताना-बाना बुना गया है, उसमें मप्र की भी बड़ी भूमिका रहने वाली है। 70 साल से ऊपर के प्रत्येक वरिष्ठ नागरिक को आयुष्मान भारत योजना ▸▸ शेष पेज 4 पर

चुनाव अधिकारियों को तलाशी में क्या मिला, अभी खुलासा नहीं

वायनाड में 26 अप्रैल को मतदान होगा

## राहुल गांधी के 'हेलीकॉप्टर' की तलाशी, तमिलनाडु में लैंड होते ही पहुंचे अधिकारी



रविवार को ली थी टीएमसी के अभिषेक बेनर्जी के हेलीकॉप्टर की आयकर विभाग ने तलाशी

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी के हेलीकॉप्टर की तमिलनाडु के नीलगिरी में चुनाव अधिकारियों ने तलाशी ली है। पुलिस ने बताया कि चुनाव आयोग के उड़न दस्ते के अधिकारियों ने हेलीकॉप्टर के यहां उतरने के बाद तलाशी ली। राहुल गांधी चुनाव ▸▸ शेष पेज 4 पर

### क्या हताश लोगों को हेलीकॉप्टर में कुछ फल और फिश सैंडविच मिले?

वहीं, तृणमूल सांसद डेरेक ओ ब्रायन ने अभिषेक बेनर्जी के ट्वीट पर लिखा- क्या हताश लोगों को हेलीकॉप्टर में कुछ फल और फिश सैंडविच मिले? पार्टी के एक और नेता साकेत गोखले ने इस पर लिखा कि अपनी हताशा में भाजपा सरकार अब चुनाव से ठीक 5 दिन पहले एक उम्मीदवार को स्वतंत्र रूप से प्रचार करने से रोकने के लिए आयकर विभाग का इस्तेमाल कर रही है। चुनाव आयोग हमेशा की तरह उस ▸▸ शेष पेज 4 पर

इधर, नाथ के बंगले में पहुंची पुलिस

## पूर्व सीएम नाथ के पीए मिगलानी से पूछताछ, आईटी एक्ट में केस

भाजपा प्रत्याशी विवेक बंटी साहू का आरोप है कि कमलनाथ के पीए आरके मिगलानी और निजी चैनल के वीडियो पत्रकार ने अन्य मीडियाकर्मियों को मेरा एक फर्जी वीडियो वायरल करने के लिए 20 लाख रुपए का प्रलोभन दिया था।



भाजपा प्रत्याशी बंटी साहू ने पुलिस में शिकायत की थी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ छिंदवाड़ा

पूर्व सीएम कमलनाथ के छिंदवाड़ा के शिकारपुर स्थित बंगले में पुलिस पहुंची। हालांकि, थोड़ी देर छानबीन के करने के बाद पुलिस लौट गई। पुलिस ने कमलनाथ के निज सचिव आरके मिगलानी और एक अन्य के खिलाफ आईटी एक्ट में केस दर्ज किया है।

यह कार्रवाई छिंदवाड़ा लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी विवेक बंटी साहू की शिकायत पर की गई है। बंटी साहू का आरोप है कि कमलनाथ ▸▸ शेष पेज 4 पर

### सचिन गुप्ता का मोबाइल जब्त

छिंदवाड़ा पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री ने बताया कि आरके मिगलानी और सचिन गुप्ता के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। सचिन गुप्ता से पुलिस पूछताछ कर रही है, उनका मोबाइल जब्त कर लिया है। मिगलानी से पूछताछ के लिए पुलिस गई थी। मिगलानी ने खराब स्वास्थ्य का हवाला देते हुए कुछ समय मांगा है। ऐसे में पुलिस उन्हें नोटिस देकर वापस आ गई है। छिंदवाड़ा से कांग्रेस उम्मीदवार के रूप में कमलनाथ के बेटे और वर्तमान सांसद नकुलनाथ मैदान में हैं। वहीं, ▸▸ शेष पेज 4 पर

पहले फेज में 102 सीटों पर वोटिंग 19 को

## मप्र में 6 सीटों के लिए होगा मतदान 17 की शाम 6 बजे से प्रचार पर रोक

सीधी, शहडोल जबलपुर, मंडला बालाघाट एवं छिंदवाड़ा में होगी वोटिंग



एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव के पहले चरण का मतदान 19 अप्रैल को होगा। पहले फेज में 102 सीटों पर वोटिंग होगी। ये निर्वाचन क्षेत्र 21 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के अंतर्गत आते हैं। इनमें से अधिकांश सीटें तमिलनाडु (39) में हैं। जबकि राजस्थान की 12 सीटें पर, उत्तर प्रदेश की 8 सीटों पर, मध्य प्रदेश की 6, असम की 5, उत्तराखंड ▸▸ शेष पेज 4 पर

लोकसभा चुनाव 2024: टूटे सारे रिकॉर्ड

## मतदान से पहले ही 4650 करोड़ जब्त इतिहास में पहली बार इतनी जब्ती

आम चुनाव में धनबल पर नकेल कसने चुनाव आयोग की बड़ी मुहिम



एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

हर बार की तरह इस बार भी चुनाव आयोग तत्पर है ताकि निष्पक्ष चुनाव हों। चुनाव आयोग ने लोकसभा चुनावों के अब तक 75 साल के इतिहास में सबसे ज्यादा अवैध पैसे जब्त किए हैं। 2024 के आम चुनाव में धनबल पर नकेल कसने के लिए चुनाव आयोग ने बड़ी मुहिम चला रखी है। आयोग द्वारा शेयर की गई जानकारी के मुताबिक ▸▸ शेष पेज 4 पर

सीएम ने रोडमल नागर का नामांकन कराया दाखिल

## सबसे बड़े रामद्रोही दिग्विजय, हर जगह 'रंग' बदलकर करते हैं बात

यहां डुप्लीकेट रंग नहीं चलेंगे, असली रंग में आना पड़ेगा



हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा और पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने राजगढ़ लोकसभा से पार्टी प्रत्याशी रोडमल नागर का नामांकन दाखिल कराया। जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि यह लोकसभा का चुनाव राम के भक्तों, पक्षधरों और राम के विरोधियां ▸▸ शेष पेज 4 पर

गुजरात के अरबपति दंपती बने संन्यासी

## दान कर दी 200 करोड़ की पूरी संपत्ति बेटे-बेटी के नक्शेकदम पर चल रहे

'भौतिकवादी वस्तु' रखने की अनुमति नहीं होगी, वो पूरे भारत में नंगे पैर यात्रा करेंगे और केवल भिक्षा पर जीवित रहेंगे

एजेंसी ▸▸ अहमदाबाद



गुजरात के कंस्ट्रक्शन बिजनेसमैन भावेश भाई भंडारी और उनकी पत्नी ने अपनी 200 करोड़ रुपए की संपत्ति दान कर दी है। दोनों ने भिक्षु बनने का फैसला करते हुए अपनी जीवनभर की कमाई दान कर दी है।

भावेश भाई भंडारी और उनकी पत्नी ने फरवरी में एक समारोह में अपनी सारी संपत्ति दान में दे दी और इस महीने के अंत में दोनों आधिकारिक रूप से भिक्षु बन जाएंगे। हिम्मतनगर के कंस्ट्रक्शन बिजनेसमैन अपनी 19 वर्षीय बेटी और 16 वर्षीय बेटे के नक्शेकदम पर चल रहे हैं, जो 2022 में भिक्षु बन गए थे। उनके समुदाय के लोगों का कहना है कि भावेश और उनकी पत्नी अपने बच्चों के अपनी भौतिक आसक्तियों को त्यागें और तप पथ में शामिल होने के कदम ▸▸ शेष पेज 4 पर

मस्क संभवतः 22 अप्रैल को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात करेंगे

तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, गुजरात महाराष्ट्र, कर्नाटक और तेलंगाना जैसे राज्य टेस्ला को लुभाने की दौड़ में

## पीएम ने कहा - एलन मस्क मोदी के समर्थक हैं यह एक बात है, लेकिन मूल रूप से वे भारत के समर्थक

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

टेस्ला के सीईओ एलन मस्क इस महीने के आखिर में अपनी भारत यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात करेंगे। ऐसे में इस बात को लेकर चर्चा तेज है कि मस्क की यह यात्रा संभावित रूप से टेस्ला के निवेश योजनाओं और देश में एक नया कारखाना खोलने की घोषणा के साथ होगी।

वहीं, पीएम मोदी ने एक इंटरव्यू के दौरान कहा कि एलन मस्क भारत के समर्थक हैं। टेस्ला के सीईओ एलन मस्क इस महीने के आखिर में अपनी भारत यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात करेंगे। हाल ही में सोशल मीडिया एक्स पर ▸▸ शेष पेज 4 पर

टेस्ला की एंट्री से देश की अर्थव्यवस्था के लिए अपार संभावनाएं



फाइल फोटो

### 2 अरब अमेरिकी डॉलर का निवेश होगा

पहले बताया जा चुका है कि टेस्ला के अधिकारी भारत में एक निर्माण संयंत्र के लिए संभावित जगहों का पता लगा रहे थे। जिसके लिए लगभग 2 अरब अमेरिकी डॉलर का निवेश हो सकता है। वहीं विभिन्न राज्य सरकारों ने टेस्ला के 2 अरब डॉलर के निवेश को आकर्षित करने के लिए तैयारियां शुरू कर दी हैं। कई राज्यों ने टेस्ला ▸▸ शेष पेज 4 पर

### उपयुक्त जगह की तलाश कर रही कंपनी

*भारतीय बाजार में अपनी मौजूदगी का विस्तार करने में टेस्ला की रुचि बढ़ गई है। क्योंकि कंपनी एक अत्याधुनिक विनिर्माण सुविधा स्थापित करने के लिए उपयुक्त जगह की तलाश कर रही है। सरकार की ईवी योजना के तहत, जिसका लक्ष्य भारत को अत्याधुनिक तकनीक से लैस ईवी के लिए पसंदीदा विनिर्माण स्थल के रूप में स्थापित करना है, कई प्रमुख उद्देश्यों को रेखांकित किया गया है। इनमें* ▸▸ शेष पेज 4 पर




# संघ-भाजपा का गढ़ होने से पार्टी को लाभ, नेताओं की गुटबाजी से मुसीबत में कांग्रेस

# मंदसौर में कांग्रेस के दिलीप बाहरी, भाजपा के सुधीर फिर मैदान में

**लोकसभा क्षेत्र**
मंदसौर

1 **भाजपा प्रत्याशी**
सुधीर गुप्ता

2 **कांग्रेस प्रत्याशी**
दिलीप सिंह गुर्जर

**पिछली बार कौन जीता**
सुधीर गुप्ता

**जीत का अंतर**
3 लाख 76 हजार 734

*प्रदेश का मंदसौर लोकसभा क्षेत्र भाजपा और संघ का गढ़ है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी की टीम की सदस्य मीनाक्षी नटराजन पिछला चुनाव लगभग पौने 4 लाख वोटों के अंतर से हारी थीं। उन्हें हराने वाले भाजपा के सुधीर गुप्ता फिर मैदान में हैं। उनका मुकाबला कांग्रेस की ओर से पूर्वविधायक दिलीप गुर्जर कर रहे हैं। दिलीप को गुर्जर मतदाताओं के कारण टिकट दिया गया है लेकिन वे बाहरी हैं। उनका विधानसभा क्षेत्र नागदा इस लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत नहीं आता। उन्हें कांग्रेस नेताओं की गुटबाजी का भी सामना करना पड़ रहा है। दूसरी तरफ भाजपा के सुधीर बड़े अंतर से जीते और अब वे फिर मैदान में हैं। इसके साथ ही मंदसौर के भाजपा का गढ़ होने के कारण सुधीर का पलड़ा भारी दिख रहा है।*

**ग्राउंड रिपोर्ट**

दिनेश निगम 'त्यागी' ▶▶ भोपाल

मंदसौर में अफीम की खेती होती है। यह क्षेत्र काले सोने के लिए जाना जाता है। यह पशुपति नाथ का पावन नगर भी है। हाल ही में मंदसौर क्षेत्र के नीमच में बड़ा सोलर प्लांट लगा है। 2016 में हुए किसान आंदोलन के बाद कांग्रेस यहां अपनी जमीन मजबूत कर सकती थी। इस आंदोलन के दौरान किसान मौत का शिकार हुए थे। कांग्रेस हर चुनाव में यह मुद्दा उठाती तो है लेकिन अपना आधार मजबूत नहीं कर सकी। यही कारण है कि भाजपा के सुधीर गुप्ता 2014 में 3 लाख से ज्यादा वोटों के अंतर से चुनाव जीते थे और 2019 में उनकी जीत का अंतर पौने 4 लाख हो गया। दोनों बार कांग्रेस की बड़ी नेता मीनाक्षी नटराजन हारीं। इससे पहले 2009 में वे लगभग 31 हजार वोटों के अंतर से चुनाव जीती थीं। विधानसभा चुनाव में भी कांग्रेस को अपेक्षित सफलता नहीं मिली। दोनों बार उसे 8 में से महज 1 जीत से संतोष करना पड़ा। इससे पता चलता है कि मंदसौर में भाजपा का आधार कितना मजबूत है। जिसे इतना बड़ा किसान आंदोलन भी समाप्त नहीं कर सका।


सुधीर गुप्ता


दिलीप सिंह गुर्जर

भाजपा की ओर से तीसरी बार मैदान में उतरे सुधीर गुप्ता ने संगठन, सरकार और संघ की बदौलत बढ़त बना कर रखी है। उन्होंने काम काफी कराए हैं। दिल्ली- मुंबई एक्सप्रेस को मंजूरी दिलाने का श्रेय उन्हें दिया जाता है। रेल्वे लाइन का महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट भी वे स्वीकृत करा कर लाए। अन्य कई काम भी उन्होंने कराए हैं। जब मीनाक्षी नटराजन कांग्रेस से सांसद थीं तो उन्होंने रेल्वे लाइन के सर्वे का वादा किया था। उसे न वे पूरा सकीं और न ही भाजपा के सुधीर गुप्ता। दूसरी तरफ कांग्रेस के दिलीप गुर्जर को बाहरी कहा जा रहा है। मीनाक्षी नटराजन उनका काम कर रही हैं लेकिन कांग्रेस गुटबाजी की शिकार है। दिलीप का विधानसभा क्षेत्र मंदसौर की बजाय उज्जैन लोकसभा क्षेत्र के तहत है। गुर्जर सहित कुछ जातियों के भरोसे ही दिलीप जीत की उम्मीद कर रहे हैं।

## विधानसभा में कांग्रेस जीत सकी सिर्फ 1 सीट

विधानसभा में कांग्रेस की ताकत लगातार कमजोर है। 2018 में वह 8 में से सिर्फ 1 सीट जीती थी और 2023 के चुनाव में भी वह इससे आगे नहीं बढ़ सकी। 2018 में कांग्रेस एक सुवासरा विधानसभा सीट मात्र 350 वोट के अंतर से जीती थी और 2023 में उसने एक मात्र मंदसौर सीट लगभग 2 हजार वोटों के अंतर से जीती। 2014 और 2019 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को एक भी विधानसभा सीट में बढ़त नहीं मिली। भाजपा ने 2018 के विधानसभा चुनाव में 8 में से 7 सीटें जीती थीं और 2023 में भी उसने यह सिलसिला बरकरार रखा। 4 माह पहले हुए विधान सभा चुनाव में कांग्रेस एक सीट 2049 वोटों के अंतर से जीती है जबकि भाजपा का 7 सीटों में जीत का अंतर 1 लाख 73 हजार 508 वोट का रहा। लोकसभा चुनाव में इस अंतर को कवर करना कांग्रेस के लिए बड़ी चुनौती है। लोगों से बातचीत करने पर पता चलता है कि भाजपा पिछली बार की अपनी लीड और बढ़ा सकती है।

## क्या रहेंगे मुद्दे?

मंदसौर भाजपा के साथ संघ का भी गढ़ है। इसलिए यहां अयोध्या का राम मंदिर, कश्मीर की धारा 370, मथुरा-काशी, हिंदू- मुस्लिम जैसे राष्ट्रीय और भाजपा के कोर मुद्दे जमकर चल रहे हैं। भाजपा केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा कराए जा रहे विकास के अन्य काम गिना रही है। सांसद व भाजपा प्रत्याशी अपनी उपलब्धियां भी गिना रहे हैं। दूसरी तरफ कांग्रेस के चुनाव की बागडोर मीनाक्षी नटराजन के हाथ है। इसलिए कांग्रेस घोषणा पत्र में किए गए वादों को बताया जा रहा है। भाजपा सरकार को महंगाई और रोजगार जैसे मुद्दों पर कटघरे में खड़ा किया जा रहा है। किसान आंदोलन के दौरान जो हुआ, उसकी याद दिलाई जा रही है। कांग्रेस किसान कर्जमाफी का वादा फिर किया जा रहा है। कांग्रेस 5 न्याय और 24 गारंटियों का प्रचार कर रही है। इस प्रकार दोनों ओर से राष्ट्रीय मुद्दों को आगे रखकर प्रचार अभियान चलाया जा रहा है।

## तीन जिलों तक फैला है मंदसौर लोकसभा क्षेत्र

मालवा अंचल के मंदसौर लोकसभा क्षेत्र की सीमा एक जिले विशेष तक सीमित नहीं है। इसके तहत तीन जिलों रतलाम, नीमच और मंदसौर की विधानसभा सीटें आती हैं। इनमें रतलाम जिले की जावरा के अलावा नीमच जिले की मनासा, जावद और नीमच शामिल हैं। इसके तहत मंदसौर जिले की 4 सीटें मंदसौर, मल्हारगढ़, सुवासरा और गरोठ आती हैं। इनमें सिर्फ एक मंदसौर पर ही कांग्रेस का कब्जा है, शेष सभी पर भाजपा काबिज है। जहां तक मंदसौर के राजनीतिक मिजाज का सवाल है तो लंबे समय तक यह सीट प्रदेश भाजपा के शीर्ष नेता स्व लक्ष्मीनारायण पांडे के नाम से जानी जाती रही है। वे 1991 से 2004 तक लगातार यहां से चुनाव जीते और सांसद रहे हैं। 2009 में उन्हें कांग्रेस की मीनाक्षी नटराजन ने हराया था। इसके बाद दो चुनाव भाजपा के सुधीर गुप्ता जीत चुके हैं। वे लोकसभा का तीसरा चुनाव लड़ रहे हैं।

## पिछड़ा वर्ग निर्णायक जातिवाद बेअसर

मंदसौर लोकसभा क्षेत्र में सबसे ज्यादा पिछड़े वर्ग के करीब 48% मतदाता हैं। ये ही निर्णायक हैं। यह वर्ग कई जाति समूहों में बंटा है। जिस जाति का प्रत्याशी मैदान में होता है, वह समाज उसके पक्ष में जाता है। दूसरे नंबर पर क्षेत्र में 15 फीसदी दलित और आदिवासी मतदाता हैं। इनका बड़ा हिस्सा अब भी कांग्रेस के पक्ष में है। इनके अलावा सभी अन्य जातियां हैं। ब्राह्मण, क्षत्रिय और वैश्य का ज्यादा झुकाव भाजपा की ओर दिखाई पड़ता है। यहां का मिजाज देखकर लगता है कि मतदाता जातिवाद को पसंद नहीं करता और इसके आधार पर मतदान भी नहीं करता। कांग्रेस ने गुर्जर वोटर की तादाद देखकर गुर्जर को टिकट दिया है। इनके आलावा मुस्लिम, अजा- जजा वर्ग का साथ कांग्रेस को मिलता है।

---

**जैसा मैंने देखा**

## चुनाव...

### घोषणाएं तो बहुत हुईं, लेकिन महंगाई और बेरोजगारी को किया नजरअंदाज



वोट बैंक को लेकर घोषणाएं नई बात नहीं है, फर्क इतना है कि पहले मुद्दे पर आधारित घोषणा होती थीं, महंगाई, बेरोजगारी, किसानों की कर्जमाफी शामिल हैं। कांग्रेस ने गरीबों को 450 वर्गफीट का प्लॉट देने का वायदा किया। यह वायदा कुछ हद तक पूरा भी किया गया। लेकिन महंगाई और बेरोजगारी समस्या का समाधान किसी भी दल ने आज तक नहीं किया।
बात चुनाव प्रचार में भाषा की हो तो यह कहा जा सकता है कि प्रथम आम चुनाव से लेकर इंदिरा गांधी, अटल बिहारी वाजपेयी और राजीव गांधी तक चुनाव प्रचार में अमूमन संयमित भाषा का इस्तेमाल किया जाता था। इधर, पिछले एक दशक में राजनेताओं की भाषा अपना संयम खो चुकी है। यहां तक सारी मर्यादाएं तार-तार हो गई हैं। पहले चुनाव के समय रेवड़ियां नहीं बांटी जाती थीं। अब करोड़ों नहीं अरबों की कागजी घोषणाएं की जाती है, जिससे इन्हें सत्ता मिल सके। न खाउंगा, न खाने दूंगा प्रधानमंत्री का यह प्रारंभिक कथन कई नेताओं की आंख में खटक रहा है। वर्तमान में भ्रष्टाचारियों के खिलाफ कार्रवाई को चुनाव से जोड़ा जा रहा है, इधर भ्रष्टाचार के आरोप सत्ताधारी दलों पर लगते रहे हैं, लेकिन मोदी सरकार के मंत्री इससे बचे हुए हैं।
(कैलाश गौड़ वरिष्ठ पत्रकार )

**जो हो न सका...**

## रानी कमलापति के पैलेस को संवारने सिर्फ घोषणाएं होती रहीं, पानी में डूबी हुई हैं आज भी चार मंजिल

रानी कमलापति के नाम से भोपाल में राजनीति तो खूब हुईए लेकिन उनके पैलेस को संवारने का काम किसी ने नहीं किया। जबकि एएसआई के सहयोग से महल के जीर्णोद्धार की भी योजना बनाई गई थी। इस योजना के तहत पैलेस को संवारने पर करीब 15 करोड़ रुपए खर्च होना थे। वहीं छोटे तालाब पर बने आर्च ब्रिज और रानी कमलापति पैलेस के ठीक बीच में प्रतिमा की स्थापना की जानी थी । यहां पर छोटे तालाब की गहराई करीब 30 फीट है। पर्यटन विभाग के साथ ही संस्कृति विभाग और जिला प्रशासन ने कई घोषणाओं के बाद भी आज तक इस पैलेस की सुध नहीं ली है और ना ही इसका जीणोद्धार करने का काम शुरू किया। हबीबगंज रेलवे स्टेशन रानी कमलापति के नाम से कर दिया गयाए लेकिन रानी कमलापति पेलेस की सुध नहीं ली।

**वर्ष 1989 में पैलेस को संरक्षित किया गया**

पैलेस का निर्माण 1722 में गिन्नौरगढ़ के प्रमुख निज़ाम शाह की विधवा गोंड शासक रानी कमलापति ने करवाया था। इसे 1989 में राष्ट्रीय महत्व के स्मारक के रूप में नामित किया गया और यह पुरातत्व सर्वेक्षण में संरक्षित है। इस स्मारक को 1989 में भारत सरकार द्वारा संरक्षित घोषित किया गया था। कमलापति पैलेस की वास्तुकला 18वीं शताब्दी की शुरुआत की समकालीन धर्मनिरपेक्ष वास्तुकला का एक उदाहरण है और भोपाल शहर में सबसे पुराना मौजूदा उदाहरण है। इस दो मंजिला इमारत का निर्माण लाखौरी ईंटों से किया गया है। इसके अग्रभाग में नुकीले मेहराब हैं जो बांसुरीदार स्तंभों कमल की पंखुड़ी के आकार के मेरलों और छज्जों को सहारा देने वाले कोष्ठकों पर आधारित हैं। यहां एक पुराना कैनन और एक पुरानी पनचक्की के अवशेष देख सकते हैं। महल के पश्चिमी तरफ पहाड़ी पर फतेहगढ़ किले के अवशेष हैंए जिसे भोपाल के सरदार दोस्त मोहम्मद ने बनवाया था और इन्हीं ने आधुनिक भोपाल की नींव रखी थी।

## चुनावी चटखारे...

*लोकतंत्र का पर्व है आया, छाया है उल्लास,*
*जनता का अधिकार है मत,बात बहुत है खास।*
*देश की गति और प्रगति को, निर्धारित करता मत*
*मतदान करो सब मतवालो, इसे भूलना मत।*
*नेताजी के कामों की, करो समीक्षा अब*



*हम सबके मतदान से, तय होगा सब।*
*जनता का विश्वास जीतने, घर आएंगे*
*हाथ जोड़कर पैर छुएंगे, गाना गाएंगे।*
*5साल जो बीत गए हैं, फिर आए द्वारे*
*सोच समझ कर मत देना है, बात समझना प्यारे।।*
***नीतिराज चौरे**, कवि, भोपाल*

**बुजुर्ग मतदाता से बात**

### मतदान हमारा अधिकार भी, कर्तव्य भी, साफ छवि वाले नेता चुनेंगे तो देश आगे बढ़ेगा...



भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है और हमारे देश के प्रत्येक नागरिक जिनकी आयु 18 वर्ष पूर्ण हो चुकी है, उनको चुनावी प्रक्रिया में सहभागिता जरूर करनी चाहिए। वोट एक आम आदमी की सबसे बड़ी ताकत है। हमारा वोट ही यह तय करता है कि हमारा प्रदेश और देश विकास की दिशा में आगे बढ़ेगा। जब साफ छवि और ईमानदार नेताओं को चुनेंगे, तो निश्चित ही देश प्रगति करेगा। मतदान हमारा अधिकार होने के साथ ही कर्तव्य भी है। ऐसे में हर को व्यक्ति मतदान जरूर करना चाहिए। इस बार लोकसभा चुनाव काफी रोचक होने वाला है। ऐसे में हम सभी की यह जिम्मेदारी है कि हम खुद मतदान करने के साथ ही लोगों को मतदान के लिए प्रेरित भी करें और अधिक से अधिक मतदान कराएं। हम चाहते हैं कि ऐसी सरकार सत्ता में आए, जो सभी वर्ग के लिए बेहतर निर्णय ले और देश को आगे ले जाए। इसके साथ ही प्रत्याशियों के चरित्र पर भी निगाह रखें और देखें कि वह चारित्रिक रूप से मजबूत है या नहीं। क्योंकि जो व्यक्ति चरित्र से मजबूत होता है,उसी के मन में सभी के विकास की बात आती है। वहीं जो व्यक्ति चरित्र से मजबूत होगा तो संवेदनशील भी होगा, जिससे गरीब तबके तक की बात उसके समझ में आएगी और वह उसकी समस्या का जल्द निदान कर सकेगा।
प्रभा सोनी, 76 वर्ष
एमराल्ड पार्क सिटी, भोपाल

---

## चाय पे चर्चा

▶▶ अशोका गार्डन क्षेत्र की 80 फीट रोड स्थित प्राची टी स्टॉल पर लोकसभा चुनाव के मुद्दों को लेकर हुई चाय पर राजनीतिक चर्चा

### वोट डालने की अभी से कर ली है तैयारी चर्चाएं बहुत हो रहीं, सुन सबकी रहे हैं...

राजधानी में लोकसभा चुनाव को लेकर चर्चाओं के साथ वोटिंग की तैयारी भी शुरू हो रही है। केवल मतदाता ही नहीं, उम्मीदवार भी इस तैयारी के लिए अपने वोटर्स को जागरूक करने में जी जान से लगे हैं। इधर, मतदाता है कि वह हर प्रत्याशी की बात सुन रहा है, लेकिन कार्य अपने तरीके से ही करने के मूड में है। इन दिनों विशेषकर राजनैतिक पार्टियों और उनके प्रत्याशियों को लेकर सबसे अधिक चर्चाएं हो रही हैं।
ऐसी ही एक चर्चा में शहर के अशोका गार्डन क्षेत्र की 80 फीट रोड स्थित प्राची टी स्टॉल पर भी सुनाई दी। यहां चाय की प्याली के साथ चुनावी चर्चा में मशगूल उदयभान सिंह, शिवप्रसाद चिढ़ार और दीपक आठ्या आदि का कहना है कि लोकसभा चुनाव को लेकर सभी में उत्साह दिख रहा है। कुछ में इस लिए दिख रहा, क्योंकि वे ईवीएम से वोट करेंगे और अपने उम्मीदवार को जीत दिलाने में सहयोग करेंगे। वहीं, कुछ में इस लिए दिख रहा है क्यों कि उन्होंने अभी से वोट डालने की तैयारी कर ली है। चर्चाओं में तो लोग दो ही प्रमुख पार्टियों की बात कर रहे हैं। भाजपा और कांग्रेस को लेकर ज्यादा उत्साह है, लेकिन दूसरे दलों के उम्मीदवार भी जीत के लिए कोई कम प्रयास नहीं कर रहे हैं।



**फर्स्ट टाइम वोटर**

### मतदान कर होने वाली फीलिंग को मैं भी करूंगी महसूस...



जब 18 साल का नहीं हुई थी। तब माता-पिता व परिवार के अन्य सदस्य वोट डालने जाते थे। उस समय मुझे भी वोट देने के लिए बेचैनी होती थी। जब भी चुनाव होता तो सोचती रहती थी, किसी प्रत्याशी, किस पार्टी को वोट देने पर कैसी खुशी होती होगी। इस बार मतदान कर ऐसी खुशी व फीलिंग मैं भी महसूस करूंगी। युवा मताधिकार का इस्तेमाल करके शिक्षा, स्वास्थ्य, विकास के मुद्दों पर वोटकर करके सरकार को भी बदल सकता है। मैं इस बार इन्ही कुछ मुद्दों को लेकर वोट करूंगी। जिसमें शिक्षा,रोजगार व देश का विकास प्रमुख्य है।
**नायरा परवीन**,युवा मतदाता

### अपने सपनों को ध्यान में रखते हुए मतदान करना चाहिए ...



युवा मतदाताओं के अपने कई मुद्दे हैं। इनमें शिक्षा, रोजगार, कानून व्यवस्था, कौशल विकास और सुविधाएं आदि शामिल हैं। शिक्षा के लिए व्यवस्था ऐसी हो कि रोजगार मिले, कानून व्यवस्था मजबूत हो खासतौर पर युवतियों के लिए यह महत्वपूर्ण है। कौशल विकास की बात करें तो यह भी जरूरी है, युवाओं को शिक्षा के साथ ही कौशल विकास पर जोर होता है, ताकि शिक्षा पूरी करने के बाद उन्हें कौशल विकास के लिए इधर-उधर भटकना न पड़े। ऐसे ही कुछ मुद्दों को ध्यान पर रखकर मैं वोट करूंगी। मैं खुद भी मतदान करने जाऊंगी, दूसरों को भी ले जाऊंगी।
**अनीशा दुबे**,युवा मतदाता

---

**पूर्व सीएम ने सीधी में रोड-शो कर जनसभा को किया संबोधित**

## दिग्विजय सिंह, हार की भूमिका बना रहे, अभी से कर रहे ईवीएम पर दोष मढ़ने की तैयारी : शिवराज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सोमवार को सीधी और राजगढ़ में लोकसभा से भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में रोड-शो कर जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान पूर्व सीएम ने कांग्रेस पार्टी और दिग्विजय सिंह पर जमकर हमला बोला।
चौहान ने कहा कि, यहां के कांग्रेस उम्मीदवार के माथे पर मध्यप्रदेश को बीमारू राज्य बनाने का कलंक है। उन्होंने 10 साल मुख्यमंत्री रहते हुए विकास की एक ईंट तक नहीं लगाई तो सांसद बनकर क्या करेंगे। साथ ही पूर्व सीएम ने कहा कि, दिग्विजय सिंह हार की भूमिका बना रहे हैं, अभी से ईवीएम पर दोष मढ़ने की तैयारी कर रहे हैं। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि, कांग्रेस अब समाप्ति की ओर हैं। दुर्गति ये है कि, रायबरेली से कांग्रेस के पास कोई उम्मीदवार ही नहीं है। राहुल बाबा ने भी अमेठी से चुनाव लड़ने से इनकार कर दिया है, वो अमेठी छोड़कर वायनाड चले गए हैं, राहुल गांधी रणछोड़दास बन गए हैं।

**कांग्रेस में अब कुछ नहीं, उनके नेता भाजपा में शामिल हो रहे**




पूर्व मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि कांग्रेस पार्टी की ये हालत राहुल गांधी के गलत फैसलों की वजह से है। कांग्रेस में अब कुछ नहीं बच गया है। इसलिए उनके विचारवान नेता कांग्रेस छोड़कर देश के विकास के लिए भाजपा में शामिल हो रहे हैं।

**मुख्यमंत्री ने उप्र के मैनपुरी में कार्यकर्ताओं को किया संबोधित**

## श्रीरामलला 500 वर्षों तक खुले आसमान के नीचे बैठे रहे कांग्रेस मंदिर निर्माण में हमेशा अड़ंगा लगाती रही: सीएम

प्रत्याशी जयवीर के साथ चुनाव कार्यालय का किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने उत्तरप्रदेश के मैनपुरी में भाजपा कार्यालय में आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित किया। डॉ. यादव ने पार्टी प्रत्याशी जयवीर सिंह के साथ मैनपुरी लोकसभा के मुख्य चुनाव कार्यालय का शुभारंभ भी किया।
इस दौरान मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि श्रीरामलला 500 वर्षों तक खुले आसमान के नीचे बैठे रहे। कांग्रेस श्रीराम के मंदिर निर्माण में हमेशा से अड़ंगा लगाती रही। हिन्दू-मुसलमान को लड़ाती रही, ताकि मंदिर का निर्माण नहीं हो। कांग्रेस पार्टी मंदिर के नाम पर वर्षों तक वोट मांगती रही, लेकिन इसे हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा की सरकार ने मुमकिन करके दिखाया है।
उन्होंने कहा कि अयोध्या में श्रीराम मंदिर का निर्माण कराकर भगवान को गर्भगृह में विराजमान कराया। अब वे गर्भगृह में मुस्कुरा रहे हैं। इतना ही नहीं अब तो अयोध्या से लेकर अरब तक मंदिरों का निर्माण हो गया है। इस बार का चुनाव भी रामद्रोहियों और राम के पक्षधरों के बीच का चुनाव है।



### कांग्रेस ने देशभर में भ्रम फैलाया, कांग्रेस के अंदर ही माहौल खराब हो गया: डॉ. मोहन यादव

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने ग्वालियर लोकसभा के भाजपा प्रत्याशी भारत सिंह कुशवाह की नामांकन जमा कराकर जनसभा को संबोधित किया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि आज पूरे देश और प्रदेश का माहौल मोदीमय और राममय है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस के लोगों ने देशभर में भ्रम फैलाया, देशभर में माहौल खराब किया, लेकिन देश के अंदर नहीं, बल्कि पाकिस्तान और कांग्रेस के अंदर ही माहौल खराब हो गया।

### विकास में कोई कमी नहीं छोड़ी: सिंधिया

केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि ग्वालियर के भविष्य को बुलंद करना है तो एक बार फिर ग्वालियर संसदीय क्षेत्र में कमल खिले, जिससे ग्वालियर के विकास का मार्ग प्रशस्त हो। पिछले 5 वर्षों में ग्वालियर के विकास की गति में काफी तेजी आई है, क्योंकि देश और प्रदेश में डबल इंजन की सरकार है। विकास का एक नया कालखंड शुरू हुआ है।

हरिभूमि
# भोपाल भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, मंगलवार 16 अप्रैल 2024

दिग्विजय सिंह, हार की भूमिका बना रहे, अभी... 2



सिंधी मेले के अंतिम दिन मुख्यमंत्री डॉ. मोहन... 7





*होशंगाबाद रोड व रायसेन रोड से राजाभोज एयरपोर्ट जाना आसान होगा*

# एलिवेटेड कॉरिडोर के अलावा 8 लेन रोड बनेगा अयोध्या बायपास

## 1500 करोड़ रुपए की लागत से तैयार होगी यह सड़क, जिसमें गति के हिसाब से भी लेन बनेंगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अयोध्या बायपास पर रत्नागिरी तिराहे से लेकर राजा भोज एयरपोर्ट को जोड़ने सड़क अब जल्दी ही 8 लेन सड़क बन जाएगी। जबकि इस रोड पर एलिवेटेड कॉरिडोर भी बनेगा, जिससे ट्रैफिक में किसी प्रकार की दिक्कत न हो। साथ ही एलिवेटेड कॉरिडोर दो हिस्सों में रहेगा, जिससे एम्स सहित शहर के अन्य क्षेत्रों से आने वाला ट्रैफिक 8 लेन सड़क का ही उपयोग करेगा। इसके निर्माण पर करीब 1500 करोड़ रुपए खर्च का अनुमान है।

पीडब्ल्यूडी अधिकारियों के अनुसार इस रोड के लिए दो माह पहले लोकसभा चुनाव की घोषणा नहीं हुई थी तब केंद्रीय परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय से हरी झंडी मिल गई थी। इस रोड को आठ लेन सड़क में तब्दील करने का काम तीन चरणों में पूरा होगा। दोनों तरफ नई कॉलोनियों के बनने और कमर्शियल एक्टीविटीज बढ़ने से रोड के चौड़ीकरण की जरूरत को देखते हुए इसे आठ लेन में परिवर्तित किया गया है।

### रत्नागिरी तिराहे से एलिवेटेड कॉरिडोर

पहला फ्लाईओवर नर्मदापुरम रोड पर बरकतउल्ला यूनिवर्सिटी से मिसरोद थाने तक बनेगा। दूसरा फ्लाईओवर रायसेन रोड स्थित आनंद नगर तिराहे के पास बनेगा। ये आकाशवाणी माइक्रो वेव टॉपर से राज वेदांता स्कूल तक बनेगा। इसकी लंबाई करीब 1350 मीटर यानी 1.3 किलोमीटर होगी। इसकी चौड़ाई 15 मीटर 4 लेन होगी। आनंद नगर शहर का एंट्री गेट है, जिसके आसपास 5 लाख की आबादी रहती है।



### नए और पुराने शहर से जुड़ाव

अयोध्या बायपास का सीधा जुड़ाव नए और पुराने शहर से है। होशंगाबाद रोड, इंदौर, रायसेन राजमार्ग से जुड़ाव होने के कारण इस पर हेवी ट्रैफिक बीते पांच सालों में काफी बढ़ गया है। रत्नागिरी से भानपुरए करोंदए नई जेल के आसपास 300 से ज्यादा कॉलोनियां और अपार्टमेंट, कमर्शियल सेंटर, ग्रामीण इलाकों से सीधी कनेक्टिविटी हो गई है।

### शहर की आधी आबादी को मिलेगा लाभ

अयोध्या बायपास को विकसित या 8 लेन करने से शहर की आधी आबादी को लाभ उसी प्रकार होगा, जब वीआईपी रोड बनी थी। इस तरह के रोड बनाने की अब भोपाल में ज्यादा जरूरी हो गया है।

राहुल तिवारी,
प्रोफेसर, ट्रांसपोर्ट मैनिट

---

## जीएमसी में रेसीडेंट डॉक्टर्स की ग्रुप सुसाइड की चेतावनी वाला लेटर हो रहा वायरल

# 'रेसीडेंसी ऑफ टॉक्सिसिटी हब' नाम से चिट्ठी में लिखा-कॉलेज में फिर बने टॉक्सिक हालात!

*मामले के गंभीरता को देख डीन ने बुलाई आपातकालीन बैठक, तनाव के चलते पहले भी कुछ छात्र कर चुके हैं सुसाइड*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

गांधी मेडिकल कॉलेज भोपाल के कुछ छात्रों ने इच्छा मृत्यु मांगी है। इसके लिए उन्होंने संस्था डीन के नाम खुला पत्र लिखा है। छात्रों का यह पत्र जीएमसी के व्हाटसएप ग्रुप में वायरल हो रहा है। लेटर में छात्रों ने 31 मई तक की डेडलाइन दी है, जिसमें कमियों को दूर करने का आग्रह किया गया है।

ऐसा नहीं होने पर सामूहिक इच्छा मृत्यु की बात कही है। पत्र के वायरल होने के बाद जीएमसी प्रबंधन हरकत में आ गया है। सोमवार शाम पांच बजे डीन ने सभी एचओडी के साथ एक आपातकाल बैठक बुलाई, जिसमें छात्रों की समस्या पर मंथन किया गया।



### यह लिखा है छात्रों के पत्र में

जो इंसान न खुद पूरी नींद ले सकता है, न आराम कर सकता है, न खाना खा सकता है, वह दूसरों की जान बचा रहा है, लेकिन खुद की जान पर खेलकर। उसके स्वास्थ्य का क्या, उसकी जान का क्या। हमें लगा था कि डॉ. आकांक्षा माहेश्वरी और डॉ. बाला सरस्वती के सुसाइड के बाद माहौल में कुछ सुधार आएगा। लेकिन ऐसा कुछ नहीं हुआ। इस माहौल में दो आत्महत्याएं हुईं, लेकिन इस स्थिति को हम केवल दो मृत्यु से नहीं देख सकते। यह यातनाएं तो कई सैंकड़ों रेसीडेंट डॉक्टर के साथ हो रही हैं। लेकिन केवल दो लोग की आत्महत्या की हिम्मत जुटा पाए, करना तो और भी चाहते हैं, लेकिन हिम्मत नहीं जुटा पा रहे।

### ये गंभीर आरोप

जूनियर डॉक्टर्स ने वरिष्ठ चिकित्सक और फैकल्टी पर गंभीर आरोप लगाए हैं। छात्रों ने लिखा है कि 24 से 36 घंटे तक काम करने से कई बार तनाव इतना बढ़ जाता है कि हमारा व्यवहार ही बदल जाता है। जब हम अपने टीचर्स या एचओडी को बताते हैं तो वह हमारी मदद करने के बजाए हमें ही डांटते हैं।

### सिर्फ 15 मिनट का मिलता है ब्रेक

पत्र लिखने वाले छात्रों का आरोप है कि निरंतर कई घंटे काम करने के बाद सिर्फ 15 मिनट का ब्रेक मिलता है। जिसमें हमें खाना खाने, नहाने और फ्रेश होने की छूट रहती है।

### हो चुकी हैं आत्महत्याएं

जीएमसी में जूडा पर अत्यधिक काम का बोझ है। यह बात खुद प्रबंधन भी मानता है। यही कारण है कि 31 जुलाई 2023 को डॉ. बाला सरस्वती और जनवरी 2023 को डॉ. आकांक्षा महेश्वरी ने सुसाइड किया था। दोनों छात्राओं ने सुसाइड नोट छोड़ा था, जिसमें टॉक्सि कल्चर को अपनी मौत का कारण बताया था।

### जल्द बेहतर सुधार किए जाएंगे

सोशल मीडिया के माध्यम से पत्र मिला है। इसे गंभीरता से ले रहे हैं। हमने सभी विभागाध्यक्षों से चर्चा की है। जल्द ही व्यवस्था में बेहतर सुधार किए जाएंगे।

डॉ. सलिल भार्गव, डीन जीएमसी

### इच्छा मृत्यु के लिए विचार यह कारण

- निरंतर 24 से 36 घंटे तक काम करना।
- रविवार और शासकीय अवकाश के साथ साथ कभी अन्य छुट्टी भी न मिलना।
- सीनियर एवं फैकल्टी द्वारा बार बार दुर्व्यवहार करना।
- कभी मानसिक तनाव या समस्या होने पर किसी से शिकायत न कर पाना।
- अत्यधिक काम के कारण पूरा माहौल टॉक्सिक हो जाना।
- आराम या निजी कामों के लिए सिर्फ 15 से 20 मिनट का समय मिलना।

## सरकारी मेडिकल कॉलेजों में डीन की सूची जारी

# तीन बार हटाए गए डॉ. मरावी का डीन के लिए हुआ चयन

**भोपाल।** चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा सरकारी मेडिकल कॉलेजों में स्थाई अधिष्ठाता (डीन) की नियुक्ति के लिए सोमवार को सूची जारी कर दी। विभागीय सूत्रों के अनुसार 18 मेडिकल कॉलेजों के लिए डीन का चयन हो चुका है। अब शासन स्तर पर इन्हें कॉलेज आवंटित किया जाएगा। इसके साथ ही 24 नामों की प्रतीक्षा सूची भी जारी की गई है। डीन की सूची जारी होने के साथ ही विवाद भी शुरू हो गया। चयनित सूची में एक नाम ऐसा भी है जिसे विवादों के चलते शासन तीन बार अस्पताल अधीक्षक पद से हटा चुका है।



मालूम हो कि स्थाई डीन का चयन हाईकोर्ट की देखरेख में हुआ है। दरअसल, डीन की प्रक्रिया को लेकर मेडिकल कॉलेज के डॉक्टरों ने आपत्ति जताते हुए इसे हाईकोर्ट में चुनौती दी थी। इंदौर खंडपीठ ने याचिका पर सुनवाई करते हुए कोर्ट ने शासन को पूरी प्रक्रिया के बाद उसे कोर्ट समक्ष प्रस्तुत करने का आदेश दिया था। बता दें कि इस मामले में डॉ. वीपी पांडे ने याचिका दायर की थी। मामले में विभाग के आयुक्त तरुण कुमार पिथोड़े का कहना है कि फिलहाल चयन सूची जारी की गई है। नियुक्ति शासन स्तर पर की जाएगी।

*इस फैसले को लेकर कर्मचारी आए विरोध में, जल्द होंगे लामबंद*

### इनका हुआ चयन

**अनारक्षित श्रेणी**
डॉ. संजय दीक्षित, डॉ. प्रमेन्द्र सिंह ठाकुर, डॉ. देवेन्द्र कुमार शाक्य, डॉ. कविता एन सिंह, डॉ अनीता मूथा, डॉ. परवेज अहमद सिद्दिकी, डॉ. गीता गुईन, डॉ. नवनीत सक्सेना, डॉ. शशि गांधी, डॉ. मनीष निगम, डॉ. सुनील अग्रवाल और डॉ. अक्षय निगम।

**अनुसूचित श्रेणी**
डॉ. गिरीश भागेश्वर रामटेके, डॉ. अरविंद घनघोरिया, डॉ. राजधर दत्त।

**अनुसूचित जनजाति श्रेणी**
डॉ. संजय कुमार दादू, डॉ. राजेश गौर और डॉ. दीपक सिंह मरावी।

## बागसेवनिया पुलिस ने दर्ज की एफआईआर

# बीयू के एचओडी ने की महिला अतिथि व्याख्याता से छेड़छाड़ और मारपीट भी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बरकत उल्ला विश्वविद्यायल (बीयू) में एचओडी द्वार महिला अतिथि व्याख्याता से छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। महिला व्याख्याता ने एचओडी की शिकायत बागसेवनिया थाने में की है। पुलिस ने व्याख्याता की शिकायत पर एचओडी के खिलाफ छेड़छाड़, मारपीट, जान से मारने की धमकी देने का प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार 44 साल की अतिथि प्रोफेसर ने शिकायत करते हुए बताया कि वे 2008 से अतिथि व्याख्याता है। वर्ष 2014 में एसोशिएट प्रोफेसर अच्छेलाल आए थे। वे कुछ दिन तक ठीक से रहे। वर्ष 2018 में उन्हें एचओडी बना दिया गया। एचओडी बनते ही उनका आचरण बिगड़ गया और वह महिला व्याख्याता पर बुरी नजर रखने लगे।

### बताया पावर

महिला व्याख्याता का कहना है कि अच्छेलाल का उन्होंने विरोध किया था। इस पर वे कहने लगे कि एचओडी का पावर तुम जानती नहीं हो। अगले सेशन में तुम्हें देख लूंगा। व्याख्याता डर गईं और उन्होंने शिकायत नहीं की। कुछ दिन बाद एचओडी ने उन्हें हटवा दिया। जुलाई 2023 में कुलपति ने उन्हें दोबारा नियुक्ति दी थी। अच्छे लाल महिला व्याख्याता को फिर परेशान करने लगे। महिला व्याख्याता ने वीसी से भी शिकायत कर दी। महिला व्याख्याता ने पुलिस को बताया कि 5-6 फरवरी को वह अपनी क्लास में थीं, तभी अच्छेलाल पहुंचे और शिकायत वापस लेने को कहा। उन्होंने इंकार किया तो वे भड़क गए और बाल पकड़कर मारपीट की। वे धमकी देने लगे कि तुम मुझे जानती नहीं हो हमारी राजनीति इलाहबाद से शुरू होती है।

### बुरी नीयत से की थी छेड़छाड़

उन्होंने बताया कि फरवरी 2022 में शाम करीब पौने 4 बजे विवि के अधिकतर छात्र, प्रोफेसर चले गए थे। व्याख्याता और मनोहर उपाध्याय बैठे थे। इस दौरान एचओडी अच्छेलाल अपने कैबिन में थे। महिला व्याख्याता को घर जाना था। वे प्रोफेसर अच्छेलाल से अनुमति लेने उनके कैबिन में पहुंची और घर जाने की इजाजत मांगी। इस पर अच्छेलाल ने कहा कि अभी थोड़ी देर बैठो। एचओडी से अनुमति नहीं मिलने पर वे बैठ गईं। कुछ देर बाद अच्छेलाल उनके पास पहुंचे और बुरी नीयत से उनके साथ छेड़छाड़ की।

---

## 45 मिनट टहलता रहा तेंदुआ, लोगों में दहशत

# भोज विश्वविद्यालय परिसर में एक बार फिर तेंदुए की दस्तक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी के भोज विश्वविद्यालय परिसर में एक बार तेंदुए ने दस्तक दी है। वह पौन घंटे तक परिसर में टहलता रहा। उसने कुछ समय भोज विश्वविद्यालय परिसर क्वार्टर के गेट व आसपास भी घूमते हुए दिखा। घटना सोमवार देर रात की है। सूचना के बाद वन विभाग की खोजबीन में इस बात की पुष्टि तेंदुए दिखाई दिया है। अब उसे पकड़ने के लिए 3-4 ट्रैप कैमरे लगाए हैं। इनके जरिए उसके मूवमेंट पर नजर रखी जा रही है। बता दें कि भोज विश्वविद्यालय कोलार रोड पर सर्वधर्म पुल के नजदीक है। यह काफी बड़ा परिसर है।

### दहशत का माहौल, रात में भी की जा रही गश्त

भोज विश्वविद्यालय परिसर में तेंदुए की खबर से परिसर में दहशत का माहौल है। परिसर में रहने वाले अधिकारी, कर्मचारियों में भय व्याप्त है और अपने अपने घरों में कैद होकर रह गए हैं। वहीं वन विभाग ने परिसर में वनकर्मियों से गश्त बढ़ा दी है।

### वन विभाग ने लगाए पिंजरे

भोज ओपन यूनिवर्सिटी में सोमवार रात करीब 8 बजे तेंदुआ यूनिवर्सिटी कैंपस में घूमता नजर आया। रात में ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और पिंजरे लगाए। खबर लिखे जाने तक तेंदुआ यूनिवर्सिटी कैंपस में ही था और उसे पकड़ने के प्रयास लगातार किए जा रहे थे। वह क्वार्टर के आसपास चहल कदमी करता रहा। जिसके चलते लोग दहशत में आ गए हैं। डीएफओ आलोक पाठक ने बताया कि हिंसक जानवर के कैंपस में घूमने की जानकारी मिली थी। जिस पर टीम मौके पर पहुंची। उसके घूमते हुए वीडियो भी टीम ने बनाए हैं। लोगों को घरों में रहने को कहा गया है। पिंजरे भी लगाए हैं

## निजी स्कूलों की मनमानी, नहीं दी किताबों-फीस की सूची

# 321 में से सिर्फ 54 स्कूलों ने दिया ब्यौरा, वह भी अधूरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा आदेश जारी होने के बाद भी निजी स्कूलों ने अब तक पाठ्यक्रम सहित किताबों और फीस की सूची सार्वजनिक नहीं की है। राजधानी भोपाल में 321 में से करीब 54 स्कूलों ने ही पाठ्यक्रम की सूची सौंपी है, वह भी आधी-अधूरी है।

जिला शिक्षा अधिकारी (डीईओ) की अनदेखी के कारण अब तक स्कूलों ने जानकारी नहीं दी है, जबकि कई स्कूलों ने पाठ्यक्रम में भी बदलाव कर दिया है तो कुछ ने गणवेश बदल दिए हैं। इस कारण अभिभावक परेशान हो रहे हैं।

### यह है पूरा मामला

दरअसल, संयुक्त संचालक ने 31 मार्च तक निजी स्कूलों को पाठ्यक्रम सहित किताबों और फीस की सूची देने के निर्देश दिए थे, लेकिन सिर्फ लगभग 17 प्रतिशत स्कूलों ने ही आधी-अधूरी जानकारी दी है। विभाग नेआदेश जारी कर कहा था कि सभी स्कूलों को सत्र 2023-24 के लिए नियत की गई फीस संरचना की जानकारी पोर्टल पर अपलोड की जाएगी। निजी स्कूल विगत तीन वर्षों के बजट की जानकारी वेबसाइट पर अपलोड करेंगे। बैलेंस शीट, प्राप्ति एवं भुगतान पत्रक, आय-व्यय शेड्यूल सहित सभी जानकारी देनी है।

*49 हजार की चिल्लर लेकर पहुंचे 2 उम्मीदवार, गिनने में लगा डेढ़ घंटा*

# चुनाव लड़ने चार साल में जमा की 24 हजार की चिल्लर, दूसरे ने दिए पांच-पांच के सिक्के

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

लोकसभा सीट के लिए नामांकन जमा करने का सिलसिला दो दिन छुट्टी के बाद सोमवार को फिर से शुरू हुआ। सुबह 11 से दोपहर 3 बजे तक 3 नामांकन जमा हुए, जबकि 9 फार्म बिके। अब तक 4 नामांकन जमा किए गए हैं, जबकि 29 फार्म बिके हैं।

सोमवार को मानव समाधान पार्टी के प्रत्याशी संजय सरोज नामांकन लेने पहुंचे। 24 हजार रुपए की चिल्लर लेकर पहुंचे और अब फार्म लिया। पांच बोरियों में भरी चिल्लर उठाने साथ में चार लोग थे। इधर निर्दलीय आरके महाजन भी पांच-पांच के सिक्के बोरी में भरकर नामांकन फार्म लेने पहुंचे, जिन्हें गिनने में 5 कर्मचारियों को एक घंटा लगा।

*अब तक चार उम्मीदवारों ने जमा किए नामांकन*



### आलोक 18 को दाखिल करेंगे नामांकन

भाजपा उम्मीदवार आलोक शर्मा 18 अप्रैल को अपना नामांकन मुख्यमंत्री मोहन यादव की मौजूदगी में दाखिल करेंगे। इससे पहले सुबह 10.30 बजे सोमवारा स्थित भवानी मंदिर से शर्मा की नामांकन रैली शुरू होगी। कांग्रेस उम्मीदवार अरुण श्रीवास्तव 18 या 19 अप्रैल को नामांकन दाखिल कर सकते हैं।

### नामांकन के लिए अब 3 दिन शेष

19 अप्रैल तक नामांकन भरे जा सकेंगे। नामांकन दाखिल करने के लिए कैंडिडेट को 3 गाड़ी और 4 अन्य लोगों को अंदर ले जाने की परमिशन है। नामांकन के लिए यूं तो 4 दिन है, लेकिन 17 अप्रैल को छुट्टी होने से नामांकन नहीं लिए जा सकेंगे। ऐसे में उम्मीदवारों को सिर्फ 3 दिन ही मिलेंगे। 16, 18 और 19 अप्रैल को ही नामांकन जमा हो सकेंगे।

## भोपाल से इंदौर के बीच बनाया गया ग्रीन कॉरिडोर

# जीते जी तो समाज को शिक्षित किया.. जाते-जाते दोनों किडनी देकर दे गए शिक्षक हरि शंकर महादान की सीख, दो को मिलेगा नया जीवन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

दो जिंदगियों को रोशन करने के लिए सागर निवासी 56 साल के शिक्षक हरि शंकर धिमोले जाते जाते किडनी दान कर गए। वे शिक्षित समाज बनाने सरकारी स्कूल में बच्चों को पढ़ाने का कार्य करते थे। साथ ही लोगों को शिक्षा के प्रति जागरूक करने का काम किया करते थे।

किरण फाउंडेशन के सचिव डॉ. राकेश भार्गव ने बताया कि उनके ब्रेनडेड होने पर परिवार ने नेत्रदान वा त्वचा दाने के लिए भी सहमति दी लेकिन पहले उनका कैंसर जैसी गंभीर बीमारी का इलाज चला था। ऐसे में अन्य अंगों दान नहीं हो सका।

*कैंसर के कारण नहीं हो सका अन्य अंगों का दान*



**सम्मान के साथ निकली अंतिम यात्रा**
बंसल अस्पताल में अंगदान करने वाले पार्थिव शरीर का पूरे सम्मान के साथ अंतिम यात्रा निकाली गई। उनके अंतिम विदाई के दौरान फूलों की बारिश से लेकर अन्य तरह से आभार व्यक्त किया गया।

### ग्रीन कॉरिडोर बनाकर इंदौर पहुंचाई किडनी

हरि शंकर धिमोले का ब्रेन हेमरेज होने पर इलाज के लिए शनिवार को सागर से लाया गया था। भोपाल में एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान सोमवार को ब्रेन डेथ सर्टिफिकेशन कमेटी ने उन्हें ब्रेन डेड घोषित कर दिया। परिजनों की सहमति के बाद सूचना स्टेट ऑर्गन एंड टिशू ट्रांसप्लांट ऑर्गनाइजेशन (एसओटीटीओ) को दी गई। एलओटीटीओ ने एक किडनी बंसल अस्पताल और दूसरी इंदौर के निजी अस्पताल में ट्रांसप्लांट के अलॉट की। इंदौर तक किडनी को भेजने के लिए ग्रीन कॉरिडोर बनाया गया, जिसमें भोपाल और इंदौर जिले के 80 पुलिसकर्मियों ने मोर्चा संभाला।

### भाइयों की चर्चा में हुआ था अंगदान का फैसला

हरि शंकर के बेटे विनीत धिमोले ने बताया कि पिता शिक्षक होने के साथ साथ समाज को जागरूक करने का कार्य भी करते थे। उनका मानना था कि जीवनदान से बड़ा कोई दान नहीं होता है। भतीजे सौरभ ने बताया कि उनके पिता अनिल धिमोले और चाचा हरिशंकर धिमोले ने एक रोज आपस में चर्चा करते हुए अंगदान करने का फैसला लिया था। ऐसे में पूरे परिवार ने अंगदान के लिए सहमति दी।

# शुगर इंडस्ट्री को बड़ा झटका
# सरकार ने किसी तरह की राहत देने से किया मना

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने सोमवार को एक्सपोर्ट के मामले में शुगर इंडस्ट्री को किसी तरह की राहत देने से मना कर दिया।

सरकार ने स्पष्ट कहा कि अक्टूबर में खत्म होने वाले मौजूदा शुगर ईयर के लिए एक्सपोर्ट की इजाजत नहीं दी जाएगी। चीनी उद्योग सरकार से लगातार शुगर एक्सपोर्ट की इजाजत देने की मांग कर रही है। उसकी दलील है कि देश में चीनी की कोई कमी नहीं है और एक्सपोर्ट की इजाजत मिलने से उनकी वित्तीय स्थिति बेहतर होगी।

**चीनी उद्योग सरकार से लगातार शुगर एक्सपोर्ट की करने की कर रहा है मांग**



## मांगी थी 10 लाख टन चीनी निर्यात करने की अनुमति

इंडियन शुगर मिल्स एसोसिएशन (इस्मा) ने मौजूदा शुगर ईयर के लिए 10 लाख टन चीनी निर्यात करने की अनुमति मांगी थी। उसका कहना था कि इस सीजन के आखिर तक चीनी कंपनियों के पास काफी क्लोजिंग-स्टॉक बचेगा। ऐसे में निर्यात करने से कंपनियों को काफी फायदा होगा।

## मिल सकती है इथेनॉल प्रोडक्शन की अनुमति

फूड मिनिस्ट्री ने कहाकि शुगर इंडस्ट्री की लगातार डिमांड के बावजूद सरकार फिलहाल एक्सपोर्ट की इजाजत देने पर विचार नहीं कर रही है। अगर मौजूदा शुगर ईयर की बात करें, तो मार्च तक देश का चीनी उत्पादन 3 करोड़ टन को पार कर गया था। इस्मा ने 2023-24 सीजन के लिए शुगर प्रोडक्शन के अनुमान को संशोधित करके 3.2 करोड़ टन कर दिया है। वहीं सरकार का अंदाजा है कि चीनी उत्पादन 3.15 करोड़ टन से 3.2 करोड़ टन के बीच रहेगा। हालांकि चीनी इंडस्ट्री के लिए राहत की बात यह है कि सरकार चीनी मिलों को इस बात की इजाजत दे सकती है कि वे अतिरिक्त स्टॉक का इस्तेमाल इथेनॉल प्रोडक्शन के लिए करें। इस खबर से चीनी कंपनियों के शेयरों में तेजी भी दिखी थी। अगर इथेनॉल प्रोडक्शन की अनुमति भी मिल जाती है, तो काफी राहत मिल जाएगी।

---

## गलत जानकारी देने वाली स्टॉकहोल्डिंग संस्थाओं पर होगी सख्त कार्रवाई

# नया आदेश लागू... सरकार ने कसा जमाखोरों और स्टॉकिस्टों पर 'शिकंजा'

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मोदी केंद्र ने दालों की बढ़ती महंगाई पर अंकुश लगाने के लिए जमाखोरों और स्टॉकिस्टों पर शिकंजा कसा है। सरकार का नया आदेश सोमवार यानी 15 अप्रैल से मध्यप्रदेश सहित समूचे देश में लागू हो गया। दरअसल केंद्र सरकार ने दाल आयातकों, मिलर्स समेत दालों के व्यापार से जुड़े सभी कारोबारियों को दाल को स्टॉक लिमिट का खुलासा करने के निर्देश दिए हैं। सरकार ने व्यापारियों को चेतावनी दी कि दालों के वायदा व्यापार में शामिल पाए जाने पर आवश्यक वस्तु अधिनियम के प्रावधानों के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी।

मंत्रालय ने कहा कि व्यापारियों द्वारा इस तंत्र को अपनाने से मुद्रा रूपांतरण से जुड़ी लागत कम हो जाएगी और कई मुद्रा वार्तालापों की आवश्यकता को समाप्त करके विनिमय दरों से संबंधित जटिलताएं खत्म हो जाएंगी। दाल की बढ़ती कीमतों को नियंत्रित करने के साथ ही बाजार में उपलब्धता बढ़ाने के लिए सरकार ने कुछ नियमों में सख्ती दिखाई है और यह नियम सोमवार से लागू हो गया है। केंद्र ने जमाखोरी रोकने और बाजार में दाल आपूर्ति बढ़ाने के लिए स्टॉक के खुलासे के निर्देश दिए हैं।



### हनुमानगंज, जुमेराती के व्यापारी नहीं होंगे प्रभावित

केंद्र सरकार के इस नियम से राजधानी के किराना व्यापारी या दाल-चावल कारोबारी प्रभावित नहीं होंगे। क्योंकि सरकार ने जितनी भी स्टॉक सीमा तय की है हनुमानगंज, जुमेराती के किसी भी व्यापारी के पास इतना स्टॉक नहीं होगा। यह नियम ऐसे स्टॉकिस्टों के लिए जो हजारों टन मॉल का स्टॉक करते हुए और मार्केट की दशा-दिशा बदलने की कोशिश करते हैं।

**सुनील पंजाबी** अध्यक्ष,भोपाल किराना व्यापारी महासंघ

### व्यापारियों के पास कितना खाद्यान्न है पता चलेगा

सरकार की यह अच्छी पहल है। इससे पता चलेगा कि मध्यप्रदेश सहित देश के व्यापारियों के पास कितना खाद्यान्न है। व्यापारियों को भी सरकार की इस पहले पर बढ़ चढ़कर शामिल होना चाहिए। व्यापारियों को चाहिए कि रिकार्ड मेंटेन करने के लिए वह हमेशा अपने स्टॉक का खुलासा पोर्टल पर करें।

**रोहित जैन** ब्रोकर, दलाल रोहित जैन सुगंधी लाल

### पोर्टल पर बताना होगा दाल का स्टॉक

*आयातकों और उद्योग जगत के अन्य प्रतिभागियों जैसे मिल मालिकों, स्टॉकिस्टों, खुदरा विक्रेताओं आदि को पोर्टल पर साप्ताहिक आधार पर आयातित पीली मटर सहित दालों के अपने स्टॉक की ईमानदारी से घोषणा करने को कहा गया है। राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को भी सभी स्टॉकहोल्डिंग संस्थाओं द्वारा साप्ताहिक स्टॉक प्रकटीकरण लागू करने और उनके द्वारा घोषित स्टॉक को सत्यापित करने को कहा गया है स्टॉक प्रकटीकरण पोर्टल पर गलत जानकारी देने वाली स्टॉकहोल्डिंग संस्थाओं पर सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए।*

---

## एयरटेल ने हासिल की मप्र में 29 लाख 5जी ग्राहकों की उपलब्धि




**भोपाल।** टेलीकॉम सर्विस प्रोवाइडर्स कंपनी भारती एयरटेल ने घोषणा की है कि मध्य प्रदेश में अब 29 लाख ग्राहक उनकी 5जी सेवा का आनंद उठा रहे हैं। कंपनी ने मध्य प्रदेश के सभी शहरों और जिलों में सफलतापूर्वक अपनी 5जी सेवा की शुरुआत कर दी है, जो नेक्स्ट जेनरेशन की मोबाइल सुविधाएं देने की दिशा में एक उत्साहजनक कदम है। पिछले 6 महीनों में मध्य प्रदेश में एयरटेल के 5जी सुविधा का उपयोग करने वाले ग्राहकों की संख्या में वृद्धि हुई है। कंपनी ने अपने नेटवर्क का पूरे राज्य में विस्तार कर दिया है, जिससे ग्राहकों को 5जी सेवा से जुड़ना आसान हो गया। सांची स्तूप जैसे ऐतिहासिक स्थलों से ले कर प्रसिद्ध तीर्थ स्थल उज्जैन और अपनी मूर्तिकला के लिए प्रसिद्ध खजुराहो तक, एयरटेल संपूर्ण मध्य प्रदेश में अपनी सेवाएं लगातार मुहैया करा रही है। रितेश अग्रवाल, सीईओ -भारती एयरटेल ने कहाकि प्रदेश में 5जी को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने के लिए जरूरी इन्फ्रास्ट्रक्चर को तेज़ी से स्थापित करने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठा रहे हैं।

---

## शेयर बाजार में आया भूचाल! ईरान-इजराइल युद्ध से सहमे

# सोमवार को सेंसेक्स 736 अंक टूटा पांच लाख करोड़ रुपए की लगी चपत



### करीब 70 स्टॉक अपने 52 वीक हाई पर

15 अप्रैल को करीब 70 स्टॉक अपने 52 वीक हाई पर पहुंच गए हैं। वहीं, शुरुआती कारोबार में बीएसई पर 20 शेयर 52 वीक लो लेवल पर पहुंचे। 3,330 स्टॉक्स में से सिर्फ 415 शेयर हरे निशान में कारोबार कर रहे थे। करीब 2,812 स्टॉक लाल निशान में कारोबार करते नजर आए, जबकि 103 स्टॉक में बदलाव नहीं हुए।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

इजराइल और ईरान के बीच तनातनी की स्थिति से शेयर बाजार को खासा नुकसान उठाना पड़ा है। ईरान-इजराइल में चल रही तनातनी के बीच सोमवार को शेयर बाजार में बड़ी गिरावट हुई। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 736 अंक गिरकर 73,508 पर पहुंच गया, निफ्टी भी 234 अंक फिसलकर 22,285 पर आ गया। 12 अप्रैल को पिछले कारोबारी सत्र में दर्ज किए गए 399.67 लाख करोड़ की तुलना में निवेशकों का 8.21 लाख करोड़ रुपए स्वाह हो गया। यह घटकर 391.46 लाख करोड़ रुपए पर आ गया। टाटा मोटर्स, बजाज फिनसर्व, टाटा स्टील, बजाज फाइनेंस, एनटीपीसी और एसबीआई जैसे स्टॉक आगे रहे। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 3 फीसदी तक गिरा।

### गिरावट की आंधी में टिका रहा ऑयल एंड गैस सेक्टर

सोमवार भारतीय शेयर बाजार में सभी सेक्टर्स के शेयरों की पिटाई हुई है, लेकिन इस गिरावट की आंधी में ऑयल एंड गैस केवल ऐसा सेक्टर था जो आंधी में टिका रहा। ऑयल एंड गैस स्टॉक्स के शेयर्स तेजी के साथ बंद हुए जिसमें बड़ी तेजी उन गैस कंपनियों के स्टॉक्स में देखने को मिली है जो पाइप के जरिए घर-घर गैस सप्लाई करते हैं। घर-घर पाइप कनेक्शन के जरिए कुकिंग गैस पहुंचाने वाली कंपनियों के शेयरों में रौनक देखने को मिली है और इन कंपनियों के शेयरों में तेजी का क्रेडिट बीजेपी के घोषणा पत्र को जाता है।

### गैस कंपनियों के शेयरों में जोरदार तेजी

गौरतलब है कि अपने संकल्प पत्र में बीजेपी ने वादा किया है कि सरकार बनने पर वो देश के सभी प्रमुख शहरों में पाइप गैस कनेक्शन के जरिए लोगों के घर तक गैस पहुंचाएगी। अब तक देशभर में 1.1 करोड़ घरों को पाइप गैस कनेक्शन के साथ जोड़ा जा चुका है। बीजेपी के घोषणा पत्र में सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन नेटवर्क के विस्तार के वादे के चलते शेयर बाजार में गिरावट के बावजूद सिटी गैस कंपनियों के शेयरों में जोरदार तेजी देखने को मिली है।

---

## खबर संक्षेप

### वीआई का एफपीओ 18 को खुलेगा

**मुंबई।** वोडाफोन आइडिया लिमिटेड (वीआई या द कंपनी) गुरुवार 18 अप्रैल, 2024 को इक्विटी शेयरों की अपनी फर्दर पब्लिक ऑफरिंग (एफपीओ) के संबंध में अपनी बोली/प्रस्ताव खोलेगी। कुल ऑफर साइज़ में 18,000 करोड़ रुपए तक के इक्विटी शेयरों का नया इश्यू शामिल है। ऑफर का प्राइस बैंड 10 रुपए से 11 रुपए प्रति इक्विटी शेयर तय किया गया है। बोली न्यूनतम 1,298 इक्विटी शेयरों के लिए और उसके बाद 1,298 इक्विटी शेयरों के गुणकों में लगाई जा सकती है।

### श्रीराम फाइनेंस ने एफडी में बढ़ाई ब्याज दर

**मुंबई।** रिटेल एनबीएसी श्रीराम फाइनेंस लिमिटेड ने अपनी सावधि जमा योजनाओं (एफी)में 0.05 फीसदी से लेकर 0.20 फीसदी तक की बढ़ोतरी की है। परिवर्तित दरें प्रभावी हो गई है। 60 या इससे अधिक आयु वाले वरिष्ठ नागरिकों को नई जमा लेने या पहले से चल रही जमा योजना के नवीनीकरण पर 0.50 फीसदी तक अतिरिक्त ब्याज दर मिलेगा। अगर जमाकर्ता महिला हैं तो वह भी सामान्य जमाकर्ताओं की तुलना में 0.10 फीसदी तक ज्यादा ब्याज पाएंगी। सभी जमा योजनाओं के नवीनीकरण पर 0.25 % अतिरिक्त ब्याज देने की घोषणा की है।

### हजूर मल्टी प्रोजेक्ट्स के बोर्ड ने मंजूरी दी

**नई दिल्ली।** हजूर मल्टी प्रोजेक्ट्स लिमिटेड ने घोषणा की है कि उसके बोर्ड ने फुली कंवर्टिबल वारंट्स के प्रेफेरेंशिएल इश्यू के 4860 मिलियन के फंड रेज को 300 रुपए प्रति वारंट के इश्यू प्राइस मंजूरी दी। प्रस्तावित आवंटियों में एफआईआई और नॉन-प्रमोटर ग्रुप के अन्य इन्वेस्टर्स शामिल हैं। बोर्ड ने ऑथराइज्ड शेयर कैपिटल में और एक धन जुटाने वाली कमेटी के गठन की मंजूरी दी। कंपनी ने एनएच 48 हाईवे प्रोजेक्ट में योगदान देकर मजबूती दी है।

## बिजनेस न्यूज

### राधारमण ग्रुप का 6 दिवसीय ट्रेनिंग कार्यक्रम शुरू, 20 तक चलेगा



**भोपाल।** राधारमण इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नालॉजी एंड सांइस व राधारमण इंजीनियरिंग कॉलेज द्वारा संयुक्त रूप से पायथन एसेंशियल्स अनलीशिंग द पॉवर ऑफ पायथन प्रोग्रामिंग विषय पर एक ट्रेनिंग कार्यक्रम 15 अप्रैल से शुरू हुआ, जो 20 अप्रैल तक आयोजित किया जाएगा। कम्प्यूटर साइंस विभाग द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में सायब्रोम टेक्नालॉजी से आ रहे टेक्नीकल एवेंजलिस्ट मोहम्मद कासिम खान विद्यार्थियों को पायथन प्रोग्रामिंग की बारीकियों से अवगत कराएंगे। प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिन विषयों को सिखाया जाएगा। उनमें एन्वायरमेंट सेटअप, बेसिक्स एंड डेटा टाइप्स, ऑपरेटर्स, कंट्रोल स्टेटमेंट्स, अरेज इन पायथन, फंक्शंस, लिस्ट, टपल, सेट एंड डिक्शनरीज तथा ऑब्जेक्ट ओरियेंटेड प्रोग्रामिंग शामिल रहेंगे।राधारमण समूह के चेयरमैन आरआर सक्सेना ने कहा कि यह प्रोग्राम विद्यार्थियों को इंडस्ट्री रेडी बनाने में मददगार साबित होगा।

### सेंटपॉल स्कूल में जेपेनीज इंसेफेलाइटिस टीकाकरण शिविर में दिखी पैरेंट्स की जागरुकता



**भोपाल।** सेंटपॉल को -एड स्कूल आनंदनगर में स्वास्थ्य विभाग द्वारा जेपेनीज इंसेफेलाइटिस टीकाकरण अभियान चलाया गया। जिसके अंतर्गत जनसमूह को जागृत करने के लिए 'पैरेंट्स ओरिएंटेशन प्रोग्राम' तथा सेंटपॉल स्कूल द्वारा सोशल मीडिया के माध्यम से लोगों तक संदेश प्रेषित किए गए। इस शिविर में 15 वर्ष से कम आयु के बच्चों का टीकाकरण किया जाना है। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि जेपेनीज़ इंसेफेलाइटिस बीमारी का प्राथमिक लक्षण बुखार, सिर दर्द, गर्दन में दर्द है। यह तंत्रिका तंत्र को प्रभावित करने वाली बीमारी है। यह मच्छरों के काटने से फैलता है। प्राचार्य फादर जयसन ने अभिभावकों से आग्रह किया कि बच्चों को इस बीमारी से बचाने के लिए टीका अवश्य लगवाएं। शासन का यह सराहनीय कदम है।

### पीएनबी ने किया स्थापना दिवस पर पौधरोपण एवं रक्तदान शिविर का आयोजन



**भोपाल।** पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) के अंचल कार्यालय, भोपाल में 130वां स्थापना दिवस के मौके पर विविध सामाजिक कल्याण गतिविधियों का आयोजन किया। इस मौके पर शैलेंद्र सिंह बोरा, अंचल प्रबंधक ने सभी ग्राहकों और हितधारकों को संस्था के प्रति उनके समर्थन और विश्वास के लिए कृतज्ञता व्यक्त की। बोरा ने बैंक को सही मायनों में तकनीक समर्थित स्मार्ट बैंक बनाने पर जोर देते हुए लगातार बेहतर कार्य प्रदर्शन के लिए स्टाफ सदस्यों की सराहना की। बैंक को नई ऊंचाईयां प्राप्त करने के लिए नवोन्मेषी प्रोडक्ट तथा सेवाओं के माध्यम से भविष्य में भी बेहतर ग्राहक सेवाएं प्रदान करने पर जोर दिया। इस अवसर पर बैंक के उच्चाधिकारीगण उपस्थित थे। कार्यक्रम में बोरा नेकार्पोरेट लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए समुचित समन्वय के साथ कार्य के लिए संस्थान में टीम बिल्डिंग पर जोर दिया। इस अवसर पर अंचल प्रबंधक द्वारा बैंक परिसर में वृक्षारोपण किया गया एवं बैंक भवन में रेडक्रॉस सोसाइटी की ओर से आयोजित शिविर में स्टाफ सदस्यों द्वारा रक्तदान किया गया।

### रैपिडो प्रदेश में मतदाताओं को मुफ्त उपलब्ध कराएगी बाइक, टैक्सी राइड की सर्विस



**भोपाल ।** मध्यप्रदेश राज्य चुनाव आयोग के सहयोग से रैपिडो भारतीय आम चुनाव 2024 के दौरान नागरिक भागीदारी में भूमिका निभाने जा रही है। इसके लिए मप्र राज्य चुनाव आयोग के साथ कम्यूट एप रैपिडो ने साझेदारी की है। देश के लोकतांत्रिक ढांचे को सशक्त बनाने दिशामें रैपिडो ने 'सवारी जिम्मेदारी की' पहल का लांच किया है। इसके तहत रैपिडो प्रदेश के भोपाल, जबलपुर, ग्वालियर, इंदौर और उज्जैन में मतदाताओं को मुफ्त बाईक टैक्सी राईड उपलब्ध कराएगी। रैपिडो के सह-संस्थापक पवन गुंटुपल्ली ने कहाकि हम इस पहल के द्वारा सुनिश्चित करना चाहते हैं कि जबलपुर, भोपाल, ग्वालियर, इंदौर और उज्जैन में हर मतदाता भारतीय आम चुनाव 2024 के दौरान अपने मतदान के कर्तव्य को सफलतापूर्वक निभाएं। ये मुफ्त राईड्स उपलब्ध कराकर हम लोकतंत्र को बढ़ावा दे रहे हैं। मध्य प्रदेश में हमारे रैपिडो कैप्टन सिर्फ ड्राइवर से अधिक हैं; वे नागरिक भागीदारी के दूत हैं, जो दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र की चुनावी प्रणाली में में अधिक से अधिक मतदान के सक्षम बनाने में योगदान दे रहे हैं।

### दीपिका पादुकोण के ब्रांड '82डिग्री ई' ने की रिलायंस रिटेल के 'टीरा' संग साझेदारी



**मुंबई।** ग्लोबल इंडियन आइकॉन दीपिका पादुकोण के सेल्फ-केयर ब्रांड 82 डिग्री ई ने रिलायंस रिटेल के ब्यूटी प्लेटफॉर्म टीरा के साथ साझेदारी की घोषणा की। दीपिका का ब्रांड अब टीरा के ऑनलाइन और ऑफलाइन प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध होगा। 82ई स्किनकेयर और बॉडी केयर प्रोडक्ट के साथ पुरुषों के लिए भी एक खास रेंज लेकर आया है। जिसमें अश्वगंधा बाउंस, लोटस स्पलैश और हल्दी शील्ड जैसे सबसे ज्यादा बिकने वाले उत्पाद टीरा पर उपलब्ध होंगे। टीरा ऐप, वेबसाइट से इन्हें खरीदा जा सकता है। रिलायंस रिटेल वेंचर्स लिमिटेड की कार्यकारी निदेशक, ईशा एम अंबानी ने कहाकि हम 82ई के साथ साझेदारी करके उत्साहित हैं, जो सेल्फ केयर का एक प्रसिद्ध ब्रांड है।

### आईआईएचएमआर यूनिवर्सिटी ने बनाया पैकेज का नया रिकॉर्ड



**जयपुर ।** स्वास्थ्य प्रबंधन अनुसंधान विश्वविद्यालय, आईआईएचएमआर यूनिवर्सिटी ने 35.62 एलपीए के उच्चतम पैकेज के साथ इस सीजन में अब तक का अभूतपूर्व प्लेसमेंट दर्ज किया है। वर्ष 2022 में आईआईएचएमआर के 17.22 एलपीए के उच्चतम पैकेज को पीछे छोड़ते हुए यह अब तक का उच्चतम प्लेसमेंट पैकेज है। संस्थान में चल रहे प्लेसमेंट में 75 प्रतिशत छात्रों को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न संगठनों में उल्लेखनीय पैकेज पर विभिन्न भूमिकाओं पर रखा गया है। आईआईएचएमआर यूनिवर्सिटी के अध्यक्ष, डॉ. पीआर सोडानी ने बताया कि इस साल कैंपस में भर्तीकर्ताओं से उत्कृष्ट प्लेसमेंट प्राप्त होने की हमें बेहद खुशी है। स्वास्थ्य सेवा के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के वैश्विक प्रोत्साहन को देखते हुए हेल्थकेयर इंडस्ट्री के पैकेज में बढ़ोतरी देखी जा रही है।

### बैंक ऑफ बड़ौदा और इंडियन ओवरसीज बैंक ने होम लोन व व्हीकल लोन किया महंगा

**भोपाल।** बैंक ऑफ बड़ौदा ने ग्राहकों को झटका दिया है। बैंक ने ब्याज दर में इजाफा किया है। एमसीएलआर को बढ़ा दिया है। पिछले दिनों भारतीय रिजर्व बैंक की ओर से रेपो रेट 6.5 फीसदी पर स्थिर रखा गया था। इसके बाद भी अब बैंक की ओर से ब्याज दर में बढ़ोतरी की गई है। बैंक ऑफ बड़ौदा ने 12 अप्रैल 2024 से अपने मार्जिनल कॉस्ट फंड बेस्ड लेंडिंग रेट को 4 टेन्योर में 0.05 फीसदी तक बढ़ाया है। अब ये नई दरें लागू होने के साथ ही ओवरनाइट एमसीएलआर 8.10 फीसदी है, जो पहले 8.05 फीसदी था। अब 3 महीने की एमसीएलआर 8.45 फीसदी होगी। यह पहले 8.40 फीसदी थी। छह महीने की एमसीएलआर 8.65 फीसदी है। वहीं एक साल की एमसीएलआर 8.85 फीसदी होगी। इसी तरह इंडियन ओवरसीज बैंक ने भी मार्जिन कॉस्ट ऑफ फंड्स बेस्ड लेंडिंग रेट यानी एमसीएलआर में बढ़ोतरी की है। एक्सचेंज फाइलिंग के मुताबिक, सरकारी बैंक एमसीएलआर में 0.05 से 0.10 फीसदी तक की बढ़ोतरी करेगी। बैंक ने कहा कि सोमवार से एमसीएलआर दरों में बढ़ोतरी होगी।एमसीएलआर की दर वह होती है, जिससे कम पर बैंक लोन नहीं जारी कर सकता है। बैंकों को अपना एमसीएलआर जारी करना अनिवार्य होता है। एमसीएलआर यह वह न्यूनतम दर होती है जिसके नीचे कोई भी बैंक ग्राहकों को लोन नहीं दे सकता है, यानी कि इस रेट के नीचे बैंक ग्राहकों को लोन नहीं दे सकते। एमसीएलआर बढ़ने का मतलब है कि मार्जिनल कॉस्ट से जुड़े लोन महंगे हो जाएंगे। इससे लोगों को ज्यादा ईएमआई देनी पड़ती है। एमसीएलआर बढ़ने का मतलब है कि मार्जिनल कॉस्ट से जुड़े लोन जैसे- होम लोन, व्हीकल लोन पर ब्याज दरें बढ़ जाएंगी, लेकिन ये ध्यान रखें कि एमसीएलआर रेट बढ़ने पर लोन पर ब्याज दरें तुरंत नहीं बढ़ती हैं।

---

## 8 से 9 हजार करदाताओं को भेजा रहा नोटिस

# डेढ़ करोड़ करदाता आयकर विभाग के रडार पर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

करीब 1.52 करोड़ लोग आयकर विभाग के रडार पर हैं। यह वे लोग हैं जिन्हें रिटर्न फाइल करना था। अधिकारिक जानकारी के अनुसार वित्त वर्ष 2022-23 में करीब 8.9 करोड़ करदाता थे,जबकि रिटर्न दाखिल करने वालों की संख्या 7.4 करोड़ रही। हालांकि इसमें संशोधित रिटर्न भी शामिल है इसलिए आईटीआर न भरने वालों की संख्या और बढ़ी हुई दिख रही है। ये ऐसे लोगों हैं जिन्होंने टैक्स भरा है या फिर टीडीएस भरा है।रिपोर्ट के अनुसार रिवाइज्ड रिटर्न मिलाकर कुल 1.97 करोड़ लोग ऐसे थे, जिन्होंने आईटीआर फाइल नहीं किया है। इनमें से 1.93 करोड़ व्यक्तिगत श्रेणी में थे, 28,000 हिंदू अविभाजित परिवार से और 1.21 लाख कंपनियां थीं, जबकि शेष विभिन्न अन्य श्रेणियों में थे। फील्ड अधिकारियों को उचित डेटा और जानकारी के साथ ऐसे व्यक्तियों से संपर्क करने और उन्हें यह समझाने के लिए कहा गया है कि उन्हें अपना आईटीआर दाखिल करने को कहे। सीबीडीटी के पास डेटा है कि लगभग 8,000-9,000 संभावित करदाताओं को टैक्स नोटिस भेजा जा रहा है। यह ऐसे लोगों हैं जिनके खिलाफ विभाग के पास उच्च टिकट खरीद या उच्च नकद जमा का रिकॉर्ड है।

### अडाणी खरीदेगी अंबुजा सीमेंट कंपनी, 413.75 करोड़ में हुई डील

**नई दिल्ली।** अडाणी ग्रुप एक और सीमेंट कंपनी खरीदने जा रही है। जानकारी के अनुसार अडाणी ग्रुप की कंपनी अंबुजा सीमेंट्स यह अधिग्रहण करने जा रही है। अंबुजा सीमेंट्स तमिलनाडु के तूतीकोरीन में माई होम समूह की सीमेंट 'ग्राइंडिंग' इकाई का कुल 413.75 करोड़ रुपए में अधिग्रहण करेगी। अडाणी का हिस्सा अंबुजा सीमेंट्स ने सोमवार को बयान में बताया कि माई होम समूह की सीमेंट 'ग्राइंडिंग' इकाई का अधिग्रहण करने के लिए एक निश्चित समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। इकाई की क्षमता 1.5 एमटीपीए है।

**न्यायालय तहसीलदार**
**तहसील-कोलार, जिला भोपाल**
**प्रकरण क्र.5184/अ-6/ 2023-24**
:: उद्घोषणा पत्र ::

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदक राजरानी गुप्ता w/o श्री एम.सी.गुप्ता निवासी भोपाल म.प्र.भू.रा. सहिंत 1959 की धारा 109, 110 के अंतर्गत आवेदन पत्र प्रस्तुत कर ग्राम रापडिया प.ह.न. .......... स्थित भूमि खसरा नंबर 332/1,332/2, 333 एवं अन्य का अंश भाग भूखण्ड क्र. P-54 वर्ग मीटर क्षे. 74.77 वर्गमीटर का नामांतरण विक्रय पत्र के आधार राजस्व अभिलेखों में आवदेक के नाम पर किये जाने का अनुरोध किया है। 2- उक्त संबंध में किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह 30/04/2024 को या इससे पूर्व इस न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकता है। समयावधि पश्चात् प्रस्तुत किसी भी आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। उक्त उद्घोषणा पत्र मेरे द्वारा न्यायालय की पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक 15/04/2024 को जारी किया गया।

**तहसीलदार तहसील कोलार, भोपाल**

**Form No. IV**
**{See- Sub -rule 2 (A) of Rule 5}**
**Summon under sub-Section 19 of the Act, read with sub rule (2A) of rule 5 of the Debts Recovery Tribunal (Procedure) Rules, 1993**

**BEFORE DEBTS RECOVERY TRIBUNAL, JABALPUR**
**At H.No. 797-II, Shantikunj, South Civil Lines, Jabalpur (M.P.) 482001**
**CASE NO. OA NO. 10/2024**

**Punjab National Bank** — **Applicant**
**Versus**
**Vikrant Sharma & Anr.** — **Defendants**

1. **Vikrant Sharma S/o Shri Ram Gopal Sharma**
R/o 27, ADR Ambedkar Colony, Old Subhash Nagar, Near Synamic School, Bhopal (MP)
2. **Puja Sharma S/o Shri Vikrant Sharma**
R/o 27, ADR Ambedkar Colony, Old Subhash Nagar, Near Synamic School, Bhopal (MP)
3. **M/s Vaishnavi Agency Through its Sole Proprietor Mr. Vikrant Sharma**
R/o Shop No.1, House No.62, Naveen Nagar, Behind Bhopal Academy, Aishbagh, Bhopal(MP)-462010
4. **Ankit Sahu S/o Shri Rajesh Sahu**
R/o D-17, Indra Nagar, D-Sector, Huzur, GPO, Bhopal (MP)-462001

**Whereas, OA No. 10/24 was listed before Hon'ble Presiding Officer on / /2024**

Whereas, this Hon'ble Tribunal is pleased to issue summons / notice on the said application under Section 19 (4) of the Act (OA) filed against you for recovery debts of **Rs. 31,78,457.90** with expenses & future interest.

In accordance with sub-section (4) of Section 19 of the Act, you the Defendants are directed as under:-

(i) To show case within thirty days of the service of summons as to why relief prayed for should not be granted.
(ii) To disclose particulars of properties or assets other than properties and assets specified by the applicant under Serial No. 3A of the original application.
(iii) You are restrained from dealing with or disposing of secured assets or such other assets and properties disclosed under serial number 3A of the original application pending hearing and disposal of the application for attachment of properties.
(iv) You shall not transfer by way of sale, lease or otherwise, except in the ordinary course of his business any of the assets over which security interest created and/or other assets and properties specified or disclosed under serial number 3A of the original application without the prior approval of the Tribunal.
(v) You shall be liable to account for the sale proceeds realized by sale of secured assets or other assets and properties in the ordinary course of business and deposit such sale proceeds in the account maintained with the bank of financial institutions holding security interest over such assets.

You are also directed to file the written statement with a copy there of furnished to the applicant and to appear before Registrar 05.07.2024 at 10.30 A.M. failing which the application shall be heard and decided in your absence.

Given under my hand and the seal of the Tribunal on this the 28th day of March, 2024.

SEAL

**Registrar**
**Debts Recovery Tribunal, Jabalpur**

चिंतन

# पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव को रोकना जरूरी

पश्चिम एशिया में बढ़ रहे तनाव इस क्षेत्र के लिए खतरनाक तो है ही, लेकिन यह विश्व के लिए भी नुकसानदायक है। हमास व इजराइल युद्ध के बाद से ईरान जिस तरह सक्रिय हुआ है, इसे कूटनीतिक भाषा में अतिसक्रियता कही जा सकती है। विश्व पहले से ही रूस व यूक्रेन के बीच जारी युद्ध से प्रभावित है, उसके बाद हमास व इजराइल के बीच जंग छिड़ने से संकट और बढ़ गया है। अब ईरान की ओर से इजराइल पर ड्रोनों व मिसाइलों से हमले के बाद स्थिति और बिगड़ गई है। ईरान की चाहे इजराइल से जो भी अदावत रही हो, लेकिन ईरान ने बदले की भावना से इजराइल पर हमले के लिए समय गलत चुना है। अमेरिका ने जिस तरह पहले ही चेतावनी दी कि अगर ईरान ने हमला किया तो, वाशिंगटन चुप नहीं बैठेगा, इसके बाद भी ईरान ने इजराइल के ठिकानों पर हवाई हमले किए। अमेरिका व ईरान के बीच तनातनी लंबे समय से है, अमेरिकी आर्थिक प्रतिबंध से ईरान अमेरिका पर अधिक खफा है। यूं तो अमेरिका का यह प्रतिबंध अनुचित है, पर खफा ईरान अमेरिका को सबक देने की ताक में रहता है। इजराइल व हमास की जंग उसे यह मौका दे रही है, लेकिन ईरान समझ नहीं पा रहा है कि हमले करना किसी भी समस्या का समाधान नहीं है, कूटनीतिक चैनल अधिक उपयोगी है। यूं तो जैसे इजराइल पर अमेरिका का हाथ है, वैसे ही ईरान पर रूस व चीन का हाथ है, लेकिन इजराइल व ईरान जैसे छोटी आबादी वाले देशों को समझना होगा कि वे अमेरिका, रूस व चीन जैसे बड़े व शक्तिशाली देशों की महत्वाकांक्षा व आपसी अदावत के शिकार न बनें। यूक्रेन से जंग में रूस केवल यूक्रेन से नहीं लड़ रहा, बल्कि वह यूएस व नाटो से भी लड़ रहा है, यूएस रूस को घुटने पर लाना चाहता है, पर क्यों यह अमेरिका को भी पता नहीं होगा। लेकिन इसमें बर्बादी यूक्रेन की हो रही है। ऐसे ही इजराइल व हमास की जंग में पहले जिस तरह ईरान, कतर, आतंकी गुट हुती और कई मुस्लिम देश आतंकी गुट हमास के पक्ष में खड़े हो गए तो अमेरिका भी खुल कर इजराइल के पक्ष में आ गया। लेकिन बर्बादी तो गाजा पट्टी में हो रही है, लोग वहां के मारे जा रहे हैं। अरब स्प्रिंग के बाद पश्चिम व खाड़ी देशों में एक के बाद एक कई राजशाही का तो अंत हो गया, लेकिन वहां लोकतांत्रिक ढांचा विकसित नहीं पाया, इसके चलते वहां अराजकता की स्थिति पैदा हुई। इसका फायदा कुछेक प्रायोजित आतंकी गुटों ने उठाया, कमजोर सरकारें भी हैं, इसलिए क्षेत्र में अशांति है। तेल के खेल में यह क्षेत्र हमेशा पिसता रहा है, इसके बावजूद शायद पश्चिम व अरब क्षेत्र के मुल्कों को यह भान नहीं हो रहा है कि वे शांति की स्थापना के लिए काम करें, वे बाहरी तत्वों के हितों के शिकार न बनें। ईरान ने इजराइल पर हमला करके पश्चिम एशिया में शांति बहाली के मार्ग को अवरुद्ध कर दिया है। इजराइल ऐसा मुल्क है जो अपने ऊपर हमले को बर्दाश्त नहीं करता है, और बदला लेता है। बेशक अभी इजराइल हमास के साथ जंग में उलझा हुआ हो, लेकिन वह ईरान को यूं नहीं छोड़ेगा। अब इजराइल व ईरान के बीच दुश्मनी की बीज गहरी हो गई है, जो लंबे समय तक चलेगी। ईरान के कदमों से वैश्विक शांति की राह नहीं निकलेगी। ईरान के हमले की गूंज भारतीय शेयर बाजार तक पहुंची है, पश्चिम एशिया में तनाव के चलते शेयर बाजार औंधे मुंह गिरे हैं। पश्चिम एशिया में तनाव को रोकने के लिए भारत, अमेरिका व चीन शांति के लिए आगे आएं।



विश्लेषण
निर्मल यादव

# हिंदुत्व से सनातन की ओर सियासत

**इस बार का चुनाव इस मायने में अलग माना जा रहा है कि इसमें धर्म की राजनीति, एक नए शब्द के साथ की जा रही है। इस बार चुनाव में बात 'सनातन' की हो रही है। मजे की बात तो यह है कि उत्तर भारत में भाजपा सनातन पर हमला होने को लेकर जो माहौल बना रही है, वह हमला द्रविड़ अस्मिता का गढ़ रहे तमिलनाडु से हुआ है। उत्तर भारत में 'सनातन' को शाश्वत बताकर संस्कृति का हिस्सा माना जाता है, जिसकी वजह से इसे सनातन संस्कृति का दर्जा दिया गया है। दक्षिण भारत से यदि इसके तार जोड़े जाएं तो यह आर्य बनाम अनार्य का सनातन संघर्ष है। इसे हिंदुत्व से सनातन की ओर राजनीतिक शिफ्टिंग माना जा सकता है।**

इन दिनों भारत के नागरिक लोकतंत्र के महापर्व को पूरे जोश से मनाने के लिए तैयार है। अब तक के चुनावों में सियासी दलों की ओर से उठाए गए मुद्दों के आधार पर जनता, भावी सरकार की तस्वीर उकेरती थी, लेकिन इस चुनाव में मतदाताओं को यदि इस महापर्व को मनाने का जतन करना पड़ रहा है, तब फिर साफ है कि इस चुनाव के मुद्दे, गुजरे चुनावों से अलहदा हैं। चुनाव के मुद्दों की बात करने से पहले, चुनाव की ही बात कर ली जाए कि आखिर यह पिछले चुनावों से अलग क्यों है? भारत में आम चुनाव की परंपरा 75 साल पुरानी है। आजाद भारत के इतिहास में अब तक हुए 17 चुनाव किसी न किसी रूप में पिछले चुनावों से भिन्न रहे हैं। इस परंपरा को 18वां आम चुनाव भी शिद्दत से निभा रहा है। कई मायनों में यह चुनाव अनूठा है। इसमें तमाम सियासी दलों का भविष्य दांव पर लगा है, वहीं दूसरी ओर भारतीय सियासत में जातिवाद, परिवारवाद और बाहुबल की गहरी हो चुकी जड़ों का भविष्य भी यही चुनाव तय करेगा। इस चुनाव का फौरी तौर पर किया जा रहा विश्लेषण, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मुस्तकबिल को तय करने तक सीमित है, वहीं इस चुनाव का विशद विश्लेषण, राजनीति में धर्म के इस्तेमाल की भवितव्यता को भी सुनिश्चित करेगा।

यह चुनाव इस मायने में अलग है कि इसमें धर्म की चाशनी को इस कदर गाढ़ा करके पेश किया गया है कि इसकी खुमारी अब मतदाताओं के सिर चढ़कर बोलने लगी है। धर्म एक सार्वभौमिक सत्य है और इसका दायरा सिर्फ भारत तक ही नहीं, बल्कि वैश्विक स्तर पर सत्ता की ड्योढ़ी को यह अनादि काल से प्रभावित करता रहा है। दुनिया भर में राजनीति को धर्म के साथ पेश करने के अलौकिक आनंद की अनुभूति 'सनातन' रही है। भारत में भी यह बहस पुरजोर होती रही है कि धर्म की राजनीति होनी चाहिए या राजनीति का धर्म होना चाहिए। मनुस्मृति से लेकर हम्मूराबी की विधि संहिता तक, न जाने कितनी बार राजनीति को धर्म से अलग करने या इसी में समाहित करने की वकालत हो चुकी है। 21वीं सदी के भारत में एक बार फिर नए शब्द के आवरण में चुनाव के असल मुद्दों को ढकने की कवायद तेज हुई है, यह है 'सनातन'।

अब तक के चुनावों में 'धर्म की राजनीति या राजनीति का धर्म' विषय ही विमर्श का मुद्दा बनता था, मगर अब 'सनातन' शब्द ने ऐसे बहुत से नेताओं को पाला बदलने का सुरक्षा कवच दे दिया है, जिनका सनातन के सही मायने से भी कोई सरोकार नहीं है। समाज और व्यक्तियों के स्तर पर हर किसी ने अपनी समझ के आधार पर सनातन को परिभाषित किया है। सनातन का विशद और व्यापक स्वरूप ही इसे परिभाषित करने वाले समाज एवं व्यक्तियों की समझ को परखने का कारगर औजार भी बनाता है। इसलिए कम से कम यहां सनातन को परिभाषित करने के बजाए मौजूदा चुनावी मौसम में इसके सियासी गुणा-गणति पर बात करना बेहतर होगा।

यह पहला चुनाव नहीं है, जब इस देश ने धर्म को राजनीति का चोला पहने देखा हो। इससे पहले आजादी के बाद शुरुआती दौर में सोमनाथ से शुरू हुई यह कहानी अयोध्या में राम मंदिर का ताला खुलवाने से लेकर 1990



के दशक में विवादित ढांचा ढहाए जाने तक, चुनावी राजनीति के आवरण में ढंकी रही। मंदिर और मस्जिद के नाम पर होती रही राजनीति का लाभ, इससे सरोकार रखने वाले दोनों खेमों को मिलता रहा है। मंदिर के मुद्दे ने भाजपा के चुनावी सफर को सड़क से सत्ता तक पहुंचाया तो मस्जिद के नाम पर भाजपा के विरोधी दलों को भी सत्ता की खूब मलाई खाने को मिली।


इस बार का चुनाव इसी मायने में अलग माना जा रहा है कि इस चुनाव में धर्म की राजनीति, एक नए शब्द के साथ की जा रही है। इस बार चुनाव में बात 'सनातन' की हो रही है। मजे की बात तो यह है कि उत्तर भारत में भाजपा सनातन पर हमला होने को लेकर जो माहौल बना रही है, वह हमला द्रविड़ अस्मिता का गढ़ रहे तमिलनाडु से हुआ है। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के बेटे उदयनिधि स्टालिन ने सनातन विरोध का मोर्चा खोल रखा है। दरअसल उत्तर भारत में 'सनातन' को शाश्वत बताकर संस्कृति का हिस्सा माना जाता है, जिसकी वजह से इसे सनातन संस्कृति का दर्जा दिया गया है। बोलचाल की भाषा में भी हिंदी पट्टी के लोग सिर्फ सनातन शब्द का इस्तेमाल नहीं करते हैं, बल्कि 'सनातन संस्कृति' कहना ज्यादा पसंद करते हैं।

दक्षिण भारत से यदि इसके तार जोड़े जाएं तो यह आर्य बनाम अनार्य का सनातन संघर्ष है। हिंदी भाषी राज्यों में आम जन को भले ही आर्य बनाम अनार्य के प्राचीन संघर्ष का इल्म न हो, लेकिन अपनी कला, संस्कृति, पहनावा और भाषा को लेकर बेहद सजग रहे दक्षिण भारत में जन जन को इस संघर्ष का भान है। आजादी के बाद 1950 के दशक में भाषायी आधार पर राज्य बनाने के लिए दक्षिण भारत में हुए आंदोलन, इस संघर्ष के गवाह भी हैं। तत्कालीन नेहरू सरकार को इस मसले पर तीन सदस्यीय 'जेवीपी कमेटी' बनानी पड़ी थी। खुद पं नेहरू के अलावा सरदार पटेल और पट्टाभि सीतारमैया राजू की मौजूदगी वाली इस समिति को दक्षिण में भाषाई आधार पर राज्यों के विभाजन के लिए हुए आंदोलन को शांत करना पड़ा था। भाषायी राज्य बने।

अब 21वीं सदी के सबसे चर्चित चुनाव से पहले उदयनिधि ने अयोध्या में राम मंदिर की प्रतिक्रिया में सनातन पर हमला नहीं किया, बल्कि इस हमले की जड़ काशी में है। पीएम मोदी की पहल पर काशी में चल रहे 'तमिल संगमम' की सफलता, उदयनिधि की प्रतिक्रिया का परिणाम है। पीएम मोदी की पहल पर हो रहे तमिल संगमम का मौन असर काशी से ज्यादा दक्षिण में हो रहा है। यही वजह है कि इस चुनाव में भाजपा ने राजनीति में भरपूर इस्तेमाल हो चुके 'हिंदुत्व' शब्द के बजाय व्यापक अर्थ वाले 'सनातन' शब्द को मारक हथियार बनाया है। अव्वल तो इस शब्द के निहितार्थ, धर्म और समाज के इतिहास को गहराई से समझने वाले ही जानते है। ऐसे में आर्य और भारतीय अस्मिता के विशद स्वरूप की गहरी समझ रखने वाले भाजपा के रणनीतिकारों को पता है कि सीमित ज्ञान से लैस विपक्षी खेमे के अधिसंख्य राजनेताओं को सनातन के जाल में फंसाना आसान है। बेहतर होता, उदयनिधि सनातन पर हमला करने से पहले उस रावण का जिक्र करते, जिसे दक्षिण में पूज्य और उत्तर में धरती का सबसे प्रकांड पंडित माना जाता है। उदयनिधि को इस बात का भी ध्यान रखना चाहिए था कि शिव जी के सबसे प्रिय भक्त रावण के पांडित्य पर उत्तर भारत में कभी सवाल नहीं उठा। सिर्फ राम के साथ बैर होने के कारण ही रावण को उत्तर में आज भी हर साल दहन होना पड़ता है। ऐसे में उदयनिधि के लिए भी बेहतर होता कि वे एक बार रावण की उस 'रक्ष संस्कृति' का अध्ययन कर लेते, जिसकी वजह से आज भी आसुरी प्रवृत्ति के लोगों को 'राक्षस' समझा जाता है, जबकि दक्षिण की मान्यता है कि आर्य संस्कृति के विरोध में रावण द्वारा प्रवर्तित की गई रक्ष संस्कृति को मानने वाले राक्षस कहे जाते हैं। उदयनिधि भेद को समझकर यदि सनातन का मुद्दा उठाते तो भाजपा इस चुनाव में राम मंदिर और सनातन को अलग करके लाभ नहीं ले पाती।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

जमीनी हालात
आर.के. सिन्हा




# पूर्वोत्तर राज्यों में भाजपा पर प्रदर्शन दोहराने का दबाव

जिस पूर्वोत्तर भारत में सूरज की किरणें सबसे पहले पहुंचती हैं वहाँ की जानता तैयार है, एकबार फिर लोकसभा चुनावों में अपना फैसला सुनाने के लिए। बेशक, भारतीय जनता पार्टी आगामी लोकसभा चुनावों में 370 सीटें जीतने का लक्ष्य लेकर आगे बढ़ रही है, तो 25 सीटें पूर्वांचल प्रदेशों की भी उसमें शामिल हैं। पूर्वोत्तर राज्यों में आगामी 19 अप्रैल, 26 अप्रैल और 7 मई को लोकसभा चुनाव के लिए मतदान होना है। अगर बात पिछले यानी 2019 के लोकसभा चुनाव की करें तो पूर्वोत्तर में भारतीय जनता पार्टी ने जो झंडे गाड़े थे, उसे इस बार भी थामे रखने का पार्टी को पूरा भरोसा है। इस भरोसे के पीछे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का यह विश्वास है कि उन्होंने जिस तरह से पूर्वोत्तर की विकास की योजनाएं सिरे चढ़ाई हैं, उसके बाद वहां की जनता उनकी पार्टी और सरकार को कभी नहीं भूलेगी। इसमें एक पक्ष यह भी है कि प्रधानमंत्री मोदी की तरह ही गृहमंत्री अमित शाह ने भी पूरे पूर्वोत्तर भारत में विभिन्न शांति समझौते के तहत एक स्थायी शांति का माहौल बनाया है। चुस्त आंतरिक सुरक्षा के कारण ही पूर्वोत्तर के पूरे इलाके में कोई बड़ी हिंसक वारदात सुनाई नहीं पड़ रही है। हां मणिपुर इसका एक अपवाद अवश्य है और वहाँ भी गृह मंत्रालय ठोस समाधान की तरफ बढ़ रहा है। पूर्वोत्तर की 'सेवन सिस्टर्स' या 'सात बहनें' कही जाने वाली राज्य इकाइयों समेत क्षेत्र के सभी आठ राज्यों को मिलाकर कुल 25 लोकसभा की सीटें हैं। असम में सबसे ज्यादा लोकसभा की 14 सीटें हैं। 2019 के लोकसभा चुनाव में एनडीए को 25 में से 21 सीटें मिलीं थीं। भाजपा अब की बार पिछला आंकड़ा पार करना चाहती है।

अभी तक इंडिया गठबंधन ने ऐसा कोई संकेत नहीं दिया है कि उनका कोई बहुत बड़ा स्टेक पूर्वोत्तर के राज्यों में लगा है। ममता बनर्जी की टीएमसी और शरद पवार की एनसीपी पिछले चुनावों में यहां कुछ करने की एक अलग कोशिश की भी थी, लेकिन इस बार वह कोशिश भी कहीं दिखाई नहीं दे रही है। उसका सबसे बड़ा कारण यह है कि शरद पवार खुद अपनी पार्टी और अपनी वजूद के लिए अपने भतीजे से लड़ रहे हैं, तो ममता बनर्जी अपने घर में ही भ्रष्टाचार और सांप्रदायिक उपद्रवियों को बचाने के कारण घिरी हुई हैं। पूर्वोत्तर में भाजपा पर विश्वास की वजह पिछले दस साल में पीएम मोदी और गृहमंत्री अमित शाह की सक्रिय रूप से विकास पर फोकस और शांति स्थापना की कोशिश है। इसके अतिरिक्त पूर्वांचल प्रदेशों के प्रभारी और सह-प्रभारी डॉ. संबित पात्रा और राष्ट्रीय सचिव ऋतुराज सिन्हा के लगातार प्रवासों और दिन-प्रतिदिन की मॉनिटरिंग ने पूर्वोत्तर राज्यों में भाजपा के संगठन को मज़बूत ही किया है। मणिपुर में हालांकि केवल 2 लोकसभा की सीटें है, लेकिन मोदी सरकार के लिए वहाँ के जनजातीय संघर्ष को खत्म करना बहुत जरूरी है, क्योंकि मणिपुर हिंसा इस समय एक राष्ट्रीय मुद्दा बना हुआ है, जो एकतरह से पिछली कांग्रेसी सरकारों की देन ही मानी जाती है। इस दशकों पुरानी समस्या के किसी सर्वमान्य निर्णय की लगातार कोशिश गृह मंत्री अमित शाह कर भी रहे हैं। हाल ही में एक ऐतिहासिक घटनाक्रम में भारत सरकार और मणिपुर सरकार ने मणिपुर के सबसे पुराने सशस्त्र समूह यूनाइटेड नेशनल लिबरेशन फ्रंट (यूएनएलएफ) के साथ एक शांति समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। यह समझौता सामान्य रूप से उत्तर पूर्व और विशेष रूप से मणिपुर में शांति के एक नए युग की संभावना को जन्म देता है। पहली बार है कि घाटी स्थित एक मणिपुरी सशस्त्र समूह हिंसा छोड़कर मुख्यधारा में लौटने और संविधान और देश के कानूनों का सम्मान करने पर सहमत हुआ है। यह समझौता न केवल यूएनएलएफ और सुरक्षा बलों के बीच शत्रुता को समाप्त करेगा, जिसने पिछली आधी शताब्दी से अधिक समय से हजारों लोगों की जानें लीं, बल्कि समुदाय की दीर्घकालिक चिंताओं को दूर करने का अवसर भी प्रदान करेगा। यूएनएलएफ 1964 से ही सक्रिय था और यह भारतीय क्षेत्र के भीतर और बाहर दोनों जगह अपना ऑपरेशन चला रहा था। पूर्वोत्तर में स्थायी शांति के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने पहले कार्यकाल से ही तत्पर और सक्रिय हैं। मोदी सरकार ने न केवल इन समस्याओं के स्थायी निदान के लिए पहल की, बल्कि उग्रवादी गुटों को भी हिंसा का रास्ता छोड़कर समाज की मुख्य धारा में लाने के लिए ईमानदारी से कोशिश की। असम में पिछले 40 साल में पहली बार सशस्त्र उग्रवादी संगठन उल्फा ने भारत और असम सरकार के साथ त्रिपक्षीय शांति समझौते पर कायम है। मोदी सरकार के 10 साल के कार्यकाल में पूर्वोत्तर में हिंसा के काले दौर को समाप्त करने की एक ईमानदार कोशिश हुई। अब नजरें इस चुनाव पर हैं।

(लेखक वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## अशांत मन में अपने इष्टदेव के मंत्रों का जप और ध्यान करें



संकलित
दर्शन

शुकदेव राजा परीक्षित को कथा सुना रहे थे, उस समय राजा ने पूछा कि आजकल लोग इतने बेचैन क्यों हैं? लोगों का मन अशांत क्यों है? शुकदेव ने राजा को एक कथा सुनाई कि एक दिन पृथ्वी ने भी भगवान से यही बात पूछी थी। पृथ्वी ने भगवान से कहा था कि ये लोग जो खुद मौत के खिलौने हैं। ये सभी मुझे यानी धरती, राज्य जीतना चाहते हैं। अभी तक मुझे यानी धरती को कोई भी मृत्यु के बाद अपने साथ ऊपर नहीं ले जा सका है।

लोग ये बात क्यों नहीं समझते हैं? शुकदेव ने राजा से कहा कि पृथ्वी ने ये सभी बातें भगवान से इसलिए कहीं थीं, कि धरती पर जो धन-संपत्ति है, वही सारे झगड़ों की जड़ है। सभी चाहते हैं कि मेरे पास दूसरों से ज्यादा वैभव हो, सभी इसी में लगे हुए हैं। जिस दिन इस दुनिया से जाएंगे, सब कुछ यहीं रह जाएगा। परीक्षित ने शुकदेव की बातें ध्यान से सुनीं और कहा कि आजकल इतनी अशांति है तो शांति पाने के लिए हमें क्या करना चाहिए? शुकदेव ने कहा कि जब भी हमारा मन अशांत हो, हमें भगवान के नामों का जप करना चाहिए, ध्यान, पूजा-पाठ करना चाहिए। अपने इष्टदेव के नामों का जप करने से नकारात्मकता दूर होती है, मन शांत होता है। मंत्र जप से शरीर में जो परिवर्तन होते हैं, उनसे मन शांत होता है।

## मानव धर्म ही सर्वोपरि



संकलित
प्रेरणा

एक विदेशी को अपराधी समझ जब राजा ने फांसी का हुक्म सुनाया तो उसने अपशब्द कहते हुए राजा के विनाश की कामना की। राजा ने अपने मंत्री से, जो कई भाषाओं का जानकार था, पूछा- यह क्या कह रहा है? मंत्री ने विदेशी की गालियां सुन ली थीं, किंतु उसने कहाः महाराज! यह आपको दुआएं देते हुए कह रहा हैः आप हजार साल तक जिएं। राजा यह सुनकर बहुत खुश हुआ, लेकिन एक अन्य मंत्री ने जो पहले मंत्री से ईर्ष्या रखता था, आपत्ति उठाईः महाराज! यह आपको दुआ नहीं गालियां दे रहा है। वह दूसरा मंत्री भी बहुभाषी था। उसने पहले मंत्री की निंदा करते हुए कहाः ये मंत्री जिन्हें आप अपना विश्वासपात्र समझते हैं, असत्य बोल रहे हैं। राजा ने पहले मंत्री से बात कर सत्यता जाननी चाही, तो वह बोलाः हां महाराज! यह सत्य है कि इस अपराधी ने आपको गालियां दीं और मैंने आपसे असत्य कहा। पहले मंत्री की बात सुनकर राजा ने कहाः तुमने इसे बचाने की भावना से अपने राजा से झूठ बोला। मानव धर्म को सर्वोपरि मानकर तुमने राजधर्म को पीछे रखा। मैं तुमसे बेहद खुश हुआ। फिर राजा ने विदेशी और दूसरे मंत्री की ओर देखकर कहाः मैं तुम्हें मुक्त करता हूं। निर्दोष होने के कारण ही तुम्हें इतना क्रोध आया कि तुमने राजा को गाली दी और मंत्री महोदय तुमने सच इसलिए कहाः क्योंकि तुम पहले मंत्री से ईर्ष्या रखते हो। ऐसे लोग मेरे राज्य में रहने योग्य नहीं। तुम इस राज्य से चले जाओ। वस्तुतः दूसरों की निंदा करने की प्रवृत्ति से अन्य की हानि होने के साथ-साथ स्वयं को भी नुकसान ही होता है।

सटाका




आज की पाती

### जीना मुश्किल कर रहा वायु प्रदूषण

हाल ही में स्विस ग्रुप आईक्यू एयर ने विश्व भर के उन देशों की सूची जारी की है जिनमें सबसे ज्यादा प्रदूषण है। इस सूची में हमारे देश की राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली को सबसे ज्यादा प्रदूषित बताया गया है। इस सूची के अनुसार पिछले साल 134 देशों में बांग्लादेश और पाकिस्तान के बाद हमारे देश की वायु गुणवत्ता बेहद खराब थी। वर्ष 2019 में भी ग्रीनपीस और एयर विजुअल की रिपोर्ट में बताया गया था कि दुनिया के सबसे प्रदूषित देशों में भारत के बहुत से शहरों में प्रदूषण की स्थिति बेहद खराब है। इस रिपोर्ट के मुताबिक दुनिया के 10 सबसे प्रदूषित शहरों में भारत के सात शहर भी शामिल हैं। यह भारत के लिए बहुत चिंताजनक है। **-मनीष देवांगन**, दुर्ग

ट्रेंड

### हैरान करने वाला



कांग्रेस के गठबंधन वाली बिहार की आरजेडी के नेता कहते है, अगर हमारी सरकार बनी तो हम मोदी जी को जेल में डालेंगे। जिनके अपने नेता खुद जेल में गए हों, वो मोदी जी को जेल में डालने की बात करते हैं। उनका कथन हैरान करने वाला है।

-राजनाथ सिंह, केंद्रीय मंत्री

### इनाम स्वरूप



भाजपा के वरिष्ठ नेता लगातार संविधान बदलने और समाप्त करने का दावा कर रहे हैं, लेकिन प्रधानमंत्री और इनके शीर्ष नेता इन पर कुछ कारवाई करने की बजाय इसके बदले उन्हें इनाम स्वरूप चुनाव लड़वा रहे हैं।

-लालू यादव, राजद नेता


### ऐसा करके दिखाएंगे



दिल्ली के उपराज्यपाल साहब और भाजपा के नेता कह रहे थे, जेल से दिल्ली की सरकार तो नहीं चलेगी। हमने साफ कहा कि सरकार तो जेल से ही चलेगी, तुमको पीछे हटना पड़ेगा, हम लोग पीछे हटने वाले नहीं हैं। हम ऐसा करके पूरे देश को दिखाएंगे।

-संजय सिंह, आप नेता

### निराशाजनक



आईपीएल की शीर्ष फ्रेंचाइजी मुंबई इंडियंस को घरेलू मैदान पर अपमानित होते देखना निराशाजनक है। हार्दिक पंड्या कप्तानी और प्रदर्शन में संतुलन बिठाने में अभिभूत नजर आ रहे हैं।

-हर्ष गोयनका, उद्योगपति

करंट अफेयर


## डेलावेयर में बैसाखी के मौके पर किया गया भांगड़ा



अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन के गृह राज्य डेलावेयर के सात जनप्रतिनिधियों के एक समूह ने बैसाखी पर्व के मौके पर सिख समुदाय के साथ जुड़कर भांगड़ा नृत्य प्रस्तुत किया। सभी जनप्रतिनिधि परंपरागत पंजाबी पोशाक पहनकर आये थे। इस समूह में डेलावेयर सीनेट में बहुमत दल के नेता ब्रायन टाउनसेंड, सीनेट बहुमत दल की सचेतक एलिजाबेथ लॉकमैन, सीनेटर स्टेफनी हांसेन, सीनेटर लॉरा स्टुरगियोन और राज्य प्रतिनिध पॉल बॉमबैश, शैरी डोर्सी वॉकर और सॉफी फिलिप्स शामिल थीं। एक जनप्रतिनिधि के सहयोगी भी इस प्रस्तुति में समूह का हिस्सा बने। टाउनसेंड ने कहा कि जनप्रतिनिधियों के समूह ने भांगड़ा प्रशिक्षक भारतीय अमेरिकी विश्वास सिंह सोढ़ी से दो महीने करीब 30 घंटों तक नृत्य सीखा था। उन्होंने कहा, 'हमने करीब दो महीने में 30 घंटे तक अभ्यास किया था। हम आठ लोग थे। हमने साथ मिलकर जितना हो सकता था अभ्यास किया और हमारे पास विश्वास सिंह जैसे एक बेहद शानदार कोच थे।' जनप्रतिनिधियों द्वारा पहनी गयी पोशाक भारत में सिली गयी थी और वहीं से मंगवाई गयी थी। टाउनसेंड ने प्रस्तुति के बाद बताया, 'हमें इस बात की खुशी है कि (भांगड़ा करते वक्त) हममें से कोई भी नहीं गिरा।

ऑफ बीट

## समुद्र में दुष्ट लहरें होती हैं विशाल लहरें



दुष्ट लहरें समुद्र की बहुत विशाल लहरें होती हैं – अपने आसपास की लहरों से दोगुनी ऊंची – जो कहीं से भी प्रकट होती हैं। दस मंजिला इमारतों जितने ऊँचे पानी के अकल्पनीय पहाड़ों की कहानियाँ सदियों से समुद्री लोककथाओं और साहित्य में व्याप्त हैं। हाल की तकनीक ने वैज्ञानिकों को समुद्र में लहरों का पता लगाने में सहायता दी है, जिससे किंवदंती वास्तविकता बन गई है। पहला और सबसे प्रसिद्ध माप ड्रापनर लहर का था, जो 1 जनवरी 1995 को उत्तरी सागर में 25.6 मीटर का राक्षस दर्ज किया गया था। अवलोकनों के बावजूद, हम अभी भी नहीं जानते कि दुष्ट लहरें कितनी बार उठती हैं, या क्या हम उनकी भविष्यवाणी कर सकते हैं। दुष्ट लहर के रिकॉर्ड में ऐसी कोई खास विशेषताएं शामिल नहीं होती हैं, जो इसे इसके चारों ओर के समुद्र को अलग करती हैं, इसलिए हम तुलना नहीं कर सकते हैं या इसके बनने के लिए जरूरी आवश्यक स्थितियों की भविष्यवाणी नहीं कर सकते हैं। हमारी टीम दक्षिणी महासागर में दुष्ट लहरों का पीछा करने के लिए दक्षिण अफ्रीकी आइसब्रेकर एस.ए. अगुलहास-I पर रवाना हुई, जहां शक्तिशाली हवाएं पृथ्वी की सबसे भयंकर लहरों को आकार देती हैं। दुष्ट लहरें क्या पैदा करती हैं?

अपने विचार
हरिभूमि कार्यालय
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
aapkepatra.haribhoomi@gmail.com
पर भेज सकते हैं।

लालघाटी स्थित सुंदरवन गार्डन में दो दिवसीय पारिवारिक सिंधी मेले का समापन

# सिंधी मेले के अंतिम दिन मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने की शिरकत, चैतीचांद की दी बधाई, कहा- अपनी मेहनत से शिखर तक पहुंचा है सिंधी समाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर

सिंधी मेला समिति द्वारा लालघाटी स्थित सुंदरवन गार्डन में दो दिवसीय पारिवारिक सिंधी मेले का समापन रविवार को बड़े ही खुशनुमा माहौल में समापन हुआ। सिंधी मेले के अंतिम दिन मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शिरकत की। इस अवसर पर उन्होंने सिंधी समाज को चैतीचांद की शुभकामनाएं दी और समाज के लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि हर वर्ष में उज्जैन में सिंधी समाज के कार्यक्रम में जरूर जाता हूं। इस वर्ष आपके बीच आकर बहुत अच्छा लगा। मैं इस पारिवारिक कार्यक्रम को आयोजित करने के लिए सभी को बहुत-बहुत बधाइयां देता हूं। सिंधी समाज ने अपनी मेहनत से शून्य से शिखर तक का सफर तय किया है।


सिंधी मेले में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को स्मृति चिन्ह देकर सम्मान करते समाज के पदाधिकारी।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री को स्मृति चिन्ह भी भेंट किया। इस अवसर पर विधायक भगवान दास सबनानी, मुंबई सहयोग फाउंडेशन के चेयरमैन राम जवाहरानी, आलोक शर्मा, सुमित पचौरी, महाराष्ट्र सिंधी अकादमी के निर्देशक महेश सुखरामानीं, अध्यक्ष मनीष दरयानी, नरेश तलरेजा, जगदीश साहिता, अशोक मनवानी, मोहन लालवानी. हरीश नागदेव, महेश बजाज सहित समाज के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' के कलाकारों ने मचाई धूम

सिंधी मेला समिति द्वारा लालघाटी स्थित सुंदरवन गार्डन में दो दिवसीय पारिवारिक सिंधी मेले का समापन रविवार को बड़े ही खुशनुमा माहौल में समापन हुआ। इस अवसर पर मुख्य आकर्षण 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' के रोशन सिंग सोडी और डॉ. हाथी ने मेले में सिंधी समाज का मनोरंजन कर खूब धमाल मचाया। साथ लोगों के साथ सेल्फी भी खिंचवाई। इस मेले में विशेष रूप से हिंदुस्तान के अलग-अलग शहरों से आए सिंधी कलाकारों ने शाम को यादगार बना दिया।

### इन झांकियों का हुआ सम्मान

चैतीचांद की शोभायात्रा में शामिल पूज्य सिंधी पंचायत एयरपोर्ट रोड, पूज्य सिंधी पंचायत. टीटी नगर, पूज्य सिंधी पंचायत संत कंवरराम नगर, पूज्य सिंधी पंचायत टीला जमालपुरा व पूज्य सिंधी पंचायत पंचायत प्रभु नगर को सर्वश्रेष्ठ झांकी के लिए पुरस्कृत किया गया।

### सिंधी व्यंजन रहे मेले में आकर्षण का केंद्र

सिंधी मेला समिति द्वारा आयोजित मेले में सिंधी व्यंजन का भी लोगों ने भरपूर आनंद लिया। इस सिंधी फूड में लोगों ने सिंधी कड़ी चावल, सेल फुल्का, डोडो चटणी, साई भादी, कोकी जैसे अनेक सिंधी व्यंजनों का लुफ्त उठाया।

## खबर संक्षेप



### प्रत्येक मनुष्य को भागवत का श्रवण करना चाहिए

**मंडीदीप**। प्रत्येक मनुष्य को भागवत की संपूर्ण कथा का श्रवण करना चाहिए। आज की इस भाग दौड़ भरी जिंदगी में लोगों के पास पूजा पाठ के लिए समय का अभाव हो गया है, जो कि सही नहीं है। मानव जीवन में भागवत कथा का बड़ा ही महत्व है। कथा सुनने से मोक्ष की प्राप्ति होती है तथा मन का शुद्धिकरण होता है। प्रत्येक मनुष्य को भागवत की संपूर्ण कथा का श्रवण करना चाहिए। उपरोक्त बात स्कायर कलोनी में सप्त दिवसीय श्रीमद भागवत कथा में समापन पर सोमवार को कथावचाक युगल महाराज ने कही।

### खुले बोरवेल को लाल पेंट से किया चिन्हित



**औबेदुल्लागंज**। नगर परिषद द्वारा समस्त नगर वासियों को मुनादी के माध्यम से अनु उपयोगी एवं खुले बोरवेल से दुर्घटनाएं होने की सूचना दी की गई। समस्त नगरी क्षेत्र में जिन ग्रामवासियों एवं शासकीय विभागों द्वारा अपने-अपने अधिकार क्षेत्र में नलकूप खनन कराया गया है, वह उनको केप के द्वारा बंद कराकर तथा रेड पेंट एवं अन्य व्यवस्थाओं के माध्यम से चिन्हित करें, ताकि दूर से दिखाई दें और उस स्थान को पूर्ण रूप से सुरक्षित करें।

### बैनर-पोस्टर से मतदाताओं को किया जागरूक



**औबेदुल्लागंज**। नगर परिषद द्वारा स्वीप प्लान के अंतर्गत वार्ड 2 में बैनर-पोस्टर के माध्यम से मतदाताओं को लोकसभा चुनाव में मतदान करने के लिए जागरूकता अभियान चलाया। इस दौरान बीएलओ जितेन्द्र सिरसवाल, हरिशंकर उइके, मोहनलाल नागर, कन्हैयालाल धुर्वे, सुशील चतुर्वेदी सहित अन्य कर्मचारी मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

### ईंटखेड़ी की फर्नीचर दुकान में लगी आग

**भोपाल**। बैरसिया रोड स्थित ईंटखेड़ी में सोमवार शाम को फर्नीचर की एक दुकान में आग लग गई। इस आग में फर्नीचर जलने से करीब डेढ़ लाख का नुकसान हुआ। फायर ब्रिगेड अधिकारियों के अनुसार आग बुझाने चार दमकलों को करीब डेढ़ घंटे का समय आग बुझाने में लगा। इस दौरान फर्नीचर की दुकान में रखा पूरा सामान जलकर खाक हो गया। प्रारंभिक जांच में आग लगने का कोई कारण सामने नहीं आया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में जुट गई है।

## शाहपुरा के होटल में कॉलगर्ल की हत्या: सोमवार को कराया पोस्टमार्टम

# बदमाश के प्राइवेट पार्ट पर काटने को लेकर हुआ था कॉलगर्ल से विवाद, कर दी थी हत्या

» परिजन का नहीं लगा पता
» चार आरोपियों को गिरफ्तार कोर्ट में पेश किया, दो की तलाश जारी, छह लोगों को बनाया आरोपी
» गला दबाने और प्राइवेट पार्ट से अधिक खून बहने से हुई थी कॉल गर्ल की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शाहपुरा स्थित बावड़िया कलां में होटल के स्क्वायर में कालगर्ल की हुई हत्या के बाद सोमवार को उसका पीएम कराया गया। पुलिस परिजन का इंतजार कर रही थी, लेकिन आधार कार्ड और मोबाइल के आधार पर जो भी पते मिले, वहां परिजन से संपर्क नहीं हो सका। लिहाजा पुलिस ने सोमवार को पीएम कराने के बाद कॉलगर्ल का शव सुरक्षित रख दिया है। डॉक्टर ने शार्ट पीएम रिपोर्ट में मौत के कारण दम घुटने से बताए हैं। इसके अलावा अपने ओपीनियन में बताया कि प्राइवेट पार्ट से हुई ब्लडिंग भी उसकी मौत का कारण है।


रितुल पांडेय, आरोपी | इंद्र बहादुर सिंह, आरोपी | सागर चौहान, आरोपी | योगेश सिंह, आरोपी

### कोर्ट में आरोपियों को किया पेश, 18 तक रिमांड पर भेजे गए

शाहपुरा पुलिस ने इस सनसनीखेज हत्याकांड में मुख्य आरोपी रितुल पांडेय, सागर, इंदर कुमार, योगेश को कोर्ट में कर दिया। सभी की 18 अप्रैल तक रिमांड ली गई है। पुलिस फरार महक यादव और कुणाल की तलाश की जा रही है। पुलिस की जांच में सामने आया कि महक यादव ई-5 अरेरा कॉलोनी निवासी आशुतोष वाजपेयी की पत्नी है। आशुतोष सेक्स रैकेट चलाता है और तीन बार पूर्व में पकड़ा चुका है। महक यादव उसकी पत्नी है और कालगर्ल सप्लाई करती है। इस मामले में पुलिस ने आशुतोष को आरोपी नहीं बनाया है। दरअसल, चार हजार रुपए रितुल कुमार ने जो ट्रांसफर किए थे वह महक के खाते में

**..तो नहीं करता हत्या**



पुलिस ने आरोपी रितुल से पूछताछ की तो उसने बताया कि वह कालगर्ल की हत्या नहीं करना चाहता था, लेकिन कॉल गर्ल ने उसके प्राइवेट पार्ट पर दांत से काट लिया था। वह नशे में था। विवाद होने के बाद उसने गुस्से में कॉलगर्ल के प्राइवेट पार्ट पर अघात कर दिया था। इसके बाद गला दबा दिया। पुलिस ने बताया कि प्रियंका नगर कोलार रोड निवासी निवासी 28 साल का रितुल पांडेय पिता अरुण पाण्डेय निगरानी बदमाश है। उसके खिलाफ जिलाबदर की कार्रवाई भी की जा चुकी है। आरोपी 4 अप्रैल से होटल के कमरा नंबर-1008 में रुका हुआ था। होटल मैनेजर योगेश, रूम अटेंडर सागर ने उसके लिए कालगर्ल बुलाई थी। शाहपुरा पुलिस को अभी तक कालगर्ल की असल पहचान नहीं कर सकी है। आधार कार्ड में लिखे मिले नाम और पते के आधार पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है।

### चौथी मंजिल से कूदकर युवक ने दी जान

**भोपाल**। कमलानगर थाना क्षेत्र स्थित नया बसेरा मल्टी में एक युवक ने चौथी मंजिल से कूदकर जान दे दी। उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। प्राथमिक जांच में यह बात सामने आई कि पत्नी पति के चरित्र पर संदेह करती थी। इसी बात को लेकर दोनों में विवाद होता था। अनुमान है कि इसी कारण उसने छत से कूदकर जान दी है। पुलिस के अनुसार 37 साल का रवि परमार पिता कैलाशचंद्र गोविंदपुरा थाना में रहता था। कमलानगर में वह पत्नी के घर नया बसेरा मल्टी में दो बच्चों के साथ रह रहा था। रवि सिलाई का काम करता था और शराब पीने का आदी था। रविवार सुबह करीब 11 बजे रवि ने बिल्डिंग की चौथी मंजिल से छलांग लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना मिलते ही पुलिस ने शव बरामद कर पीएम के लिए भिजवाया। मामले की जांच कर रहे कमलानगर थाने के एएसआई अकल सिंह ने बताया कि मृतक की पत्नी, मृतक के चरित्र पर संदेह करती थी। इसके चलते आए दिन उनके बीच विवाद होता रहता था। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।



### भाजपा जिला मंत्री ने मोदी का पिपरिया में किया स्वागत

**औबेदुल्लागंज**। भाजपा जिला मंत्री रायसेन की सीमा चौहान ने पिपरिया पहुंचकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का स्वागत किया। विदिशा सांसद प्रीतिनिधि सीमा चौहान ने तामोट में जनपद सदस्यों की जिला अध्यक्ष सुलेखा चौहान से भी मुलाकात की और चर्चा की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी सबका साथ, सबका सम्मान, सबका विकास, भारत को विश्व गुरु बनाना है।

## हनुमान जन्मोत्सव पर होंगे कई कार्यक्रम, नगर में चल रही तैयारी

▶▶ निकलेगी भव्य शोभायात्रा, जगह-जगह होंगे भंडारे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

हनुमान जन्मोत्सव को लेकर युवा में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है। 23 अप्रैल मंगलवार को हनुमान जन्मोत्सव पर गौहरगंज रोड स्थित हनुमान मंदिर से शाम 5 बजे भव्य भगवा यात्रा निकाली जाएगी। इच्छा पूर्ति हनुमान मंदिर पर विशाल भव्य भंडारा का आयोजन किया जाएगा। विशाल भगवा यात्रा को ऐतिहासिक बनाने के लिए तैयारियां जोरों पर चल रही है। हनुमान जन्मोत्सव पर श्री हनुमान जी की, भगवान श्री राम जी की भव्य झांकी भी निकाली



जाएगी। इसके लिए नगर के प्रमुख मार्गों पर सजावट भी की जा रही है। महाराष्ट्र के ढोल-ताशा एवं ध्वज पताखा, श्री राम बजरंग अखाड़ा, जय शिव महाकाल मंडल, श्री शिव शंभू डमरू मंडल आदि अपनी प्रस्तुति देंगे।

बाबा साहेब के विचारों को गीतों के माध्यम से प्रस्तुत किया

## बुंदेलखंड के कलाकारों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की दी प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडीदीप

औद्योगिक नगर में आंबेडकर समिति के तत्वावधान में बुंदेलखंड के कलाकारों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी, जिसमें खजुराहो, छतरपुर के कलाकार बाबूलाल मस्ताना, ऋषि मस्ताना, गोमती मस्ताना, फिल्म अभिनेत्री अंशिका सिंह ने बाबा साहेब के विचारों को अपने गीतों के माध्यम से प्रस्तुत किया।

समिति के अध्यक्ष हरभजन जांगड़े ने बताया समिति बुंदेली कलाकारों ने देर रात तक बाबा साहेब आंबेडकर पर आधारित बुंदेली लोकगीत प्रस्तुत किए। लोक गीत कार्यक्रम देर रात तक जारी रहा। इस दौरान फिल्म अभिनेत्री अंशिका सिंह के द्वारा मनमोहक नृत्य की प्रस्तुति दी। इस मौके पर



फिल्म प्रोड्यूसर सुनील वर्मा, भाजपा नेता राजेंद्र अग्रवाल, पूर्व नपा अध्यक्ष बद्री सिंह चौहान, मेहरा समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अशोक आजाद, संस्कार सेना के युवा प्रकोष्ठ राष्ट्रीय अध्यक्ष रोहित यादव, ब्लॉक अध्यक्ष दीपेश मीणा, सुनील सेरिया, समाज सेवी विनोद जैन सहित अनेक गणमान्य नागरिक एवं सर्व समाज के लोग उपस्थित रहे। आंबेडकर सोसाइटी के अध्यक्ष हरभजन जांगड़े, कार्यकारी अध्यक्ष राधेश्याम चिंतामन, रवि पवार, अनिल चौहान सहित पूरी टीम ने समस्त अतिथियों एवं कलाकारों तथा समाज सेवियों का स्मृति चिन्ह प्रशस्ति पत्र एवं मेडल देकर सम्मनित किया गया।

### सभी व्यापारी संगठित होकर करें काम

**औबेदुल्लागंज**। व्यापार प्रकोष्ठ के जिला मीडिया प्रभारी नीरज चावला और व्यापार संरक्षक अशोक मित्तल, अशोक सेठी, भाजपा भोजपुर मीडिया प्रभारी ने सभी व्यापारियों एवं शुभचिंतकों से कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी एवं सबका साथ सबका विकास सबका सम्मान के लिए भारत को विश्व गुरु बनाना है। लोकसभा चुनाव के लिए सभी व्यापारी संगठित होकर काम करें। इस अवसर पर व्यापार संघ अध्यक्ष जगदीश चंदानी, विक्रम धाड़ी, विवेक मित्तल, शंकर चोपड़ा, अशोक कामरा, देवेंद्र सिंह राजू, रवि कमल, गिरीश चावला, बल्लू अरोरा, दिलीप मित्तल, संजय अग्रवाल, सुधीर, कमल, प्रदीप अरोरा, संतोष गुप्ता, विनोद केवट, आशीष दीक्षित, रमेश महेश्वरी, सलमान खान, नफीस, दिलीप मेघानी आदि ने लोग मौजूद थे।

भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा की मंडल कार्यसमिति की बैठक आयोजित

## सरकार की प्रत्येक योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाएं: शिवहरे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडीदीप

औद्योगिक नगर में भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा की बैठक आयोजित की गई, जिसमें मोर्चा के लोकसभा प्रभारी राजाराम शिवहरे ने ओबीसी वर्ग को सरकार द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने ने कहा कि पिछड़ा वर्ग मोर्चे का काम काफी महत्वपूर्ण है। हमें पिछड़ा वर्ग में आने वाले सभी समाजों के लोगों की मोर्चे में भागीदारी लानी पड़ेगी। इस वर्ग में शामिल लोगों को शासन की योजनाओं की जानकारी देकर उन्हें लाभान्वित करवाना हमारी जिम्मेदारी है।

मोर्चा के मण्डल अध्यक्ष सुनील पाल ने भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा की मंडल कार्यसमिति की बैठक में कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव की



तैयारी में अभी से सभी जुड़ जाएं। बैठक के दौरान प्रभारी प्रदेश मंत्री राजाराम शिवहरे, सह प्रभारी रामकिशोर नदंवशी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष अरविंद जैन ने कहा कि केंद्र सरकार गरीब, किसान, महिला, युवा सभी वर्ग के लिए अनेक योजनाएं चला रही हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश का चहमुंखी विकास हो रहा है। देश तेजी से आगे बढ़ रहा है। देश व जनता के हित में ऐतिहासिक निर्णय लिए गए हैं।

उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने पिछड़ा वर्ग को संवैधानिक दर्जा दिलाया है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि केंद्र सरकार की योजनाओं को जन-जन पहुंचाएं।

## पुलिस ने नाबालिग सहित 5 वाहन चोर किए गिरफ्तार

# बोट क्लब और सैर सपाटा घूमने चुराया ऑटो, कोच फैक्टरी के पीछे शराब पीते, हंगामा करते पकड़ाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

स्टेशन बजरिया पुलिस ने सवारी ऑटो चोरी करने वाले पांच वाहन चोरों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने बोट क्लब-सैर सपाटा घूमने के लिए ऑटो चोरी किया था। पुलिस ने इन्हें उस दौरान पकड़ा जब चोरी के ऑटो में बैठकर आरोपी शराब पार्टी कर रहे थे। पुलिस आरोपियों से अन्य वारदातों को लेकर पूछताछ कर रही है।

### ऑटो में बैठकर चोर पी रहे थे शराब, कोच फैक्ट्री के पास जंगल में पुलिस ने दबोचा



पुलिस के अनुसार फातिमा-बी मस्जिद के पास अशोका गार्डन निवासी 40 साल के अब्दुल हसीव खुद का ऑटो चलाते हैं। उन्होंने बताया कि शनिवार रात करीब साढ़े 10 बजे वह अपना ऑटो लेकर ए-वन शादी हाल 80 फीट रोड कोच फैक्ट्री सवारी छोड़ने जा रहा था। रास्ते में ऑटो रोककर बाथरूम करने लगा। तभी ऑटो में बैठे पांच अज्ञात लड़के ऑटो लेकर फरार हो गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश में जुटी। इसी बीच पुलिस को पता चला कि कोच फैक्ट्री के जंगल में कुछ लड़के एक सवारी ऑटो में बैठकर शराब पी रहे हैं। वह नशे की हालत में हंगामा भी कर रहे हैं। पुलिस ने घेराबंदी कर ऑटो में बैठे युवकों को पकड़ा। उनसे पुलिस ने ऑटो के दस्तावेज मांगे। आरोपी पुलिस को गुमराह करने लगे। पुलिस उन्हें पकड़कर थाने लेकर आई। सख्ती से पूछताछ करने पर आरोपियों ने गुनाह कबूल लिया। बताया कि उन्होंने ने ही ऑटो चोरी किया है। आरोपियों की पहचान नीमपुरा शंकराचार्य नगर निवासी 20 साल के अविनाश बौद्ध उर्फ जीरो नाइन, महामाई का बाग निवासी 18 साल के रवि कुशवाह उर्फ लेकिन, चांदबड़ बजरिया निवासी प्रिंस राजपूत उर्फ इंदौरी के रूप में हुई। इनके साथ दो नाबालिगों को पुलिस ने पकड़ा है।

हिंदू संगठन पदाधिकारियों का आरोप, सौंपा ज्ञापन

## रामपाल की लिखी पुस्तक में वर्णित वाक्यांश कर रहे भावनाएं आहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडीदीप

औद्योगिक नगर में हिंदूवादी संगठनों ने रामपाल की लिखित पुस्तक बेचते कुछ युवकों को पकड़ा। उन्हें पुस्तकों के साथ थाने ले गए। हिंदू संगठन पदाधिकारियों का आरोप है कि पुस्तक में वर्णित कुछ वाक्यांश हिंदू धर्म की भावनाओं को आहत करते हैं। उन्होंने युवकों के पास से किताबें भी बरामद की। साथ ही उन्होंने बताया कि ऐसे लगभग 25-30 लोग किताब का विक्रय कर रहे हैं।

जिसमें धर्म के विरुद्ध भ्रमित करने वाली जानकारी प्रकाशित की गई है। कार्यकर्ताओं ने थाने में लिखित शिकायत करते हुए पुस्तक जब्त करने और इस पुस्तक के वितरण में लगे सभी कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार करने की मांग की। पुलिस ने विभिन्न संगठनों से आवेदन लेकर उचित कार्रवाई करने का आश्वासन दिया।

मामले की गंभीरता को देखते हुए एसडीओपी शीला सुराना, सतलापुर थाना प्रभारी महेंद्र सिंह ठाकुर भी मंडीदीप थाना पहुंचे। थाना प्रभारी सुरेश मीणा की अनुपस्थिति में प्रभारी अमर सिंह निगम ने बताया हिंदूवादी संगठनों की ओर से रामपाल की लिखित पुस्तक 'गीता तेरा ज्ञान' पुस्तक बेचने वाले संगठन के कार्यकर्ताओं को लेकर आए हैं। बताया गया कि पुस्तक में हिंदू धर्म की भावनाएं आहत करने वाली कुछ टिप्पणी है। लिखित आवेदन दिया गया है, जिसके बाद जांच की जा रही है।

## जीपी बिड़ला संग्रहालय में श्री राम के जीवन पर आधारित चित्र प्रदर्शनी एवं नारायण व्यास के संकलन का किया प्रदर्शन

# कलमकारी आर्ट फॉर्म से दर्शाई बुराई पर अच्छाई की जीत तो वहीं अशोक वाटिका में मां सीता की व्यथा सुनते हनुमान...


हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मधुबनी आर्ट से सजी राम सीता के विवाह की पेंटिंग, तो वहीं कलमकारी आर्ट फॉर्म में रावण वध के रुप में बुराई पर अच्छाई का जीत दशार्ती पेंटिंग, साथ ही एक्रेलिक कलर से तैयार राम का भरत मिलाप की खूबसूरत पेंटिंग... श्री राम के जीवन पर आधारित एक से बढ़कर एक खूबसूरत पेंटिंग को एक्जीबिट किया गया जीपी बिरला संग्रहालय में। संग्रहालय में श्री राम के जीवन पर आधारित चित्र प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें शहर के आर्टिस्ट ने राम पर आधारित चित्रों की प्रदर्शनी लगाई साथ ही भगवान श्रीराम के जनमोत्स्व पर लगभग 1500 से अधिक वर्षों पूर्व में अपने ही पूर्वजों द्वारा बनाई मूर्तियों के छायाचित्रों के संकलन को भी डॉ. नारायण व्यास ने प्रस्तुत किया।



### बेहद खास रूप में दिखा राम-भरत मिलाप


एक अन्य चित्र में नेहा जैन ने एक्रेलिक कलर से बनी पेंटिंग में राम-भरत मिलाप भी बेहद खास रूप में प्रस्तुत किया। इस पेंटिंग एग्जीबिशन में सादिया खान ने कलमकारी आर्ट फॉर्म से रावण वध के रूप में बुराई पर अच्छाई की जीत को दशार्या साथी कनिका कौशल ने राजा दशरथ की तीनों रानियों के साथ चारों पुत्रों के आखेट को दर्शाती पेंटिंग ने दर्शकों का मन मोह लिया।



### श्रवण कुमार प्रसंग से दर्शाई रामायण की शुरुआत

पेंटिंग एग्जीबिशन में जहां अरुणा गुप्ता ने श्रवण कुमार प्रसंग से रामायण की शुरूआत को दर्शाया। जब राजा दशरथ के बाण से श्रवण कुमार के प्राण गए और उन्होंने श्राप के रुप में पुत्र वियोग की त्रासदी झेली। तो वहीं एक अन्य चित्र में डॉ संजू कौशल ने अशोक वाटिका में सीता जी से मिलने आए हनुमान जी को दर्शाया।







## शहीद भवन में 9 महिलाओं के म्यूजिकल बैंड की प्रस्तुति

# वर्किंग वूमन ने बनाया शहर का पहला फीमेल म्यूजिक बैंड

**गीत, गजल के साथ पॉप म्यूजिक से संवरी शहीद भवन की संध्या**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अपने शौक को जिंदा रखने के लिए लोग क्या क्या नहीं करते, कोई अपने शौक के लिए घर द्वार छोड़ देता हैं तो कोई नौकरी। लेकिन भोपाल की महिलाओं का एक ऐसा भी ग्रुप है, जिसने अपनी पारिवारिक जिम्मेदारियों, नौकरी के साथ अपना शौक भी जिंदा रखा और इसी शौक की अभिव्यक्ति सोमवार शाम शहीद भवन सभागार में म्यूजिकल नाइट के रूप में सुनने को मिली। भोपाल की 9 महिलाओं से मिलकर बने शहर के पहले फीमेल म्यूजिक बैंड की सभी महिलाएं वर्किंग हैं और इस म्यूजिकल बैंड की परफार्मेंस सोमवार शाम शहीद भवन में सुनने को मिली।



### वीकेंड इवनिंग में प्रेक्टिस

ग्रुप की फाउंडर और म्यूजिक टीचर रूपाली पाल ने बताया कि बैंड का ख्याल पिछले वर्ष आया था। शुरुआत में हम तीन मेंबर थे, जो शौकिया सिंगिंग करते थे। ग्रुप में वाद्य कलाकार जुड़ती गईं,ग्रुप 9 सदस्यों का हो गया। इनमें हारमोनियम, की-बोर्ड, पर्कशन, तबला, ढोलक, गिटार की कलाकार शामिल हैं। : अधिकतर आर्टिस्ट वर्किंग हैं, जिसके चलते समय निकालना मुश्किल होता है, इसीलिए हम हर शनिवार शाम चार बजे से रात 9 बजे तक संबंधित कला की प्रैक्टिस करते हैं।

### गीत-गजल और भजन के साथ पॉप म्यूजिक की प्रस्तुति

शहीद भवन में आयोजित इस म्यूजिकल नाइट में इन महिलाओं ने संगीत की तमाम शैलियों का मिश्रण प्रस्तुत किया। जिसमें इंडो-वेस्टर्न फ्यूजन के कुल 18 गीतों की मनभावन छटा ने शाम को ओर भी सुहाना बना दिया। इस परफार्मेंस के :प में इस ग्रुप ने पॉप म्यूजिक, गीत, गजल, लोकगीत, सूफी, भजन और बॉलीवुड सॉन्ग्स की एक से बढ़कर एक प्रस्तुति देकर श्रोतओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

**ये हैं इस बैंड की आर्टिस्ट**

**गायक कलाकार** - रूपाली पाल, हारमोनियम एवं की-बोर्ड - मौसमी साहा, तलत हसन, पर्कशन- शिखा यादव, शिखा बामने

**तबला एवं ढोलक** - आरती मारन, की-बोर्ड- सोनाली पाल, हारमोनियम- दीपिका गढ़ेकर, गिटार- श्रेया सिंह



# मां दुर्गा के नवरात्र में 9 रूपों का नृत्य नाटिका से वर्णन

## रंग श्री लिटिल बैले ट्रूप में नृत्य नाटिका 'दुर्गा नव रूपम' की प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

ऊं देवी शैलपुत्र्यै नमः वंदे वाद्द्रिछतलाभाय चंद्रार्धकृत शेखराम...ब्रह्मरूपधरा ब्रह्मचारिणी प्रणमाम्यहम॥ शंकरप्रिया त्वंहि भुक्ति-मुक्ति दायिनी.....

नवरात्रि के दिनों में मां दुर्गाके नौ रूपों पर आधारित भरतनाट्यम नृत्य प्रस्तुति के रूप में मां की आराधना का मनभावन रूप देखने को मिला सोमवार शाम रंग श्री लिटिल बैले ट्रूप में, जिसमें प्रतिभा आर्ट कल्चर एंड वेलफेयर सोसाइटी के द्वारा सृजन रंग महोत्सव के दूसरे दिन नृत्य नाटिका 'दुर्गा नव रूपम' की प्रस्तुति दी गई।

कला पदम भरतनाट्यम नृत्य अकादमी के द्वारा प्रस्तुत इस नृत्य नाटिका का निर्देशन गुरु भारती होंबल एवं सह निर्देशन सुरभि होंबल ने किया। एक घंटे की इस प्रस्तुति में 3 वर्ष से 45 वर्ष आयु तक की 22 शिष्यों ने प्रस्तुति देकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।





### सर्व मंगल मांगल्ये शिवे सर्वार्थ साधिके...

प्रस्तुति की शुरुआत सर्व मंगल मांगल्ये शिवे सर्वार्थ साधिके, शरन्ये त्रयम्बिके गौरी नारायणी नमोस्तुते... से की। इसके बाद नौ दुर्गा के प्रत्येक रूप पर आधारित श्लोक से नृत्य नाटिका प्रस्तुत की। जिसमें मां शैलपुत्री, मां ब्रह्मचारिणी , मां चंद्रघंटा, मां कुष्मांडा, मां स्कंदमाता, मां कात्यायनी, मां कालरात्रि, मां महागौरी तथा मां सिद्धिदात्री पर आधारित श्ललोक पर प्रस्तुति देकर उनका विस्तार पूर्वक वर्णन किया। इस प्रस्तुति के माध्यम से दर्शाया गया कि सभी नवदुर्गा एक ही रूप है, शक्ति का और यह शक्ति रूप महिषासुर जैसे दानवों का विनाश कर बुराई पर अच्छाई का ध्वज लहराकर, इस सृष्टि की रक्षा करती है। एक घंटे की इस प्रस्तुति में भरतनाट्यम नृत्य की मनभावन भाव भंगिमाओं और नृत्य की तीव्रता के माध्यम से मां का पूजन वंदन किया गया।

## 'बहुआयामी बाबा साहेब' पर विशेष व्याख्यान

# बाबा साहेब की पत्रकारिता पर शोध होना चाहिएः प्रो. सुरेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय में 'बहुआयामी बाबा साहेब' विषय पर विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के स्वामी विवेकानंद सभागार में आयोजित इस विशेष व्याख्यान की अध्यक्षता कुलपति प्रो. डॉ.के.जी. सुरेश ने की, वहीं मुख्य वक्ता लेखक, विचारक, चिंतक एवं समाज सेवक हेमंत मुक्तिबोध थे। कुलपति प्रो. सुरेश ने कहा कि बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर अपनी कर्मठता की वजह से इस मुकाम तक पहुंचे हैं। वे सभी को स्वायत, स्वतंत्र और स्वाबलंबी बनाना चाहते थे। उन्होंने कहा कि बाबा साहब एक शिक्षाविद और पत्रकार भी थे। प्रो. सुरेश ने कहा कि बाबा साहब शिक्षा को सबसे ज्यादा महत्व देते थे और शिक्षित होना उनका मूलमंत्र था। उन्होंने कहा कि व्यापक राष्ट्रहित में बाबा साहब ने पूना पैक्ट पर हस्ताक्षर किए। इसके साथ ही प्रो. सुरेश ने कहा कि बाबा साहब पत्रकार भी थे और उन्होंने अखबार भी निकाले हैं, इसलिए उनकी पत्रकारिता पर भी शोध भी होना चाहिए।

## राही की 21वीं कृति गीत संग्रह 'अस्तमित सुर्खियां' का लोकार्पण

# विगत और आगत के बीच सेतु की तरह हैं, यतीन्द्र नाथ राही के गीत..

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

यतीन्द्रनाथ राही के गीत विगत और आगत के बीच सेतु की तरह हैं। एक संवेदनशील मन से सृजित ये गीत जितने सशक्त हैं, भावनात्मक दृष्टि से भी उतने ही समृद्ध हैं, वे जहां विसंगतियों को उजागर करते हैं वहीं आशावादी सोच को भी विस्तार देते हैं। यह कहना था प्रसिद्ध साहित्यकार एवं आरएनटीयू के कुलाधिपति संतोष चौबे का, जो गीतकार यतीन्द्र नाथ राही की 21वीं कृति गीत संग्रह 'अस्तमित सुर्खियां' के लोकार्पण में अध्यक्षीय उद्बोधन दे रहे थे।



### नवगीतकारों की अग्रिम पंक्ति में प्रतिष्ठित

विशिष्ट अतिथि डॉ. राम वल्लभ आचार्य ने कहा कि नये टटके बिम्बों, सटीक उपमानों और प्रकृति के अनपम दृष्यों के कारण राही जी के नवगीत उन्हें नवगीतकारों की अग्रिम पंक्ति में प्रतिष्ठित करते हैं।

**गीत को जीते हैं...**

मनोज श्रीवास्तव का कहना था कि 97 पड़ाव पार कर चुके राही गीत लिखते ही नहीं गीत में सोचते हैं और गीत को जीते हैं।

## सीहोर जिला जेल में भोपाल के कलाकारों ने दी प्रस्तुति

# हमारा मधुवन मानव सेवा एक संकल्प के चमकते सितारों की गीतों की बौछार

**भोपाल।** अपराध से दूर रहकर अपना जीवन यापन करने और संगीत के माध्यम से अवसाद से दूर रहकर स्वस्थ रहने की दृष्टि से सीहोर जिला जेल में बंदियों के समक्ष हमारा 'मधुवन मानव सेवा एक संकल्प' कार्यक्रम में भोपाल के सदस्यों ने अपनी संगीतमयी प्रस्तुति दी। संगठन की अध्यक्ष सारिका सप्रे ने जेल अधीक्षक प्रतिभा पटेल और ज्योति तिवारी के बुलावे पर बताया कि इस कार्यक्रम में संगठन के कोषाध्यक्ष मधुसूदन दातार, सचिव हर्षा श्रीवास्तव, सहसचिव ज्योत्सना दातार के अलावा अन्य गायकों अजय पाटिल, संजय सप्रे, रिदविक सप्रे, अभय बापट, मीना बापट, मोईन खान, शालिनी भास्करे ने अपने गीतों की प्रस्तुति से सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम का प्रारंभ दीप प्रज्वलन,और वंदना से किया गया। इसके बाद 22 गीतों की प्रस्तुति दी गई। अंत में हर्षा श्रीवास्तव ने जेल प्रशासन का आभार व्यक्त किया।



**भोपाल तमिल संगम ने हर्षोल्लास से मनाया तमिल नव वर्ष समारोह 2024**

# तमिल नव वर्ष समारोह में नृत्य के जरिए बताया रीति-रिवाजों का महत्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



भोपाल तमिल संगम द्वारा तमिल नव वर्ष समारोह 2024 कार्यक्रम का सफलता पूर्वक आयोजन किया गया, उत्सव पारंपरिक धूमधाम और तमिल रीति-रिवाजों की भव्यता के साथ शुरू किया गया। कृष्णा गौर राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) ने कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रहीं। इस अवसर पर तमिल संगम के महासचिव ए. स्वामीदुरई ने कहा कि तमिल नव वर्ष समारोह 2024 ने तमिल संस्कृति की समृद्धि को प्रदर्शित करने और हमारे समुदाय के भीतर संबंधों को मजबूत करने के लिए एक मार्मिक मंच प्रदान किया।



### प्रस्तुतियों की मनभावन छटा बिखरी

इस समारोह में संगीत और नृत्य प्रस्तुतियों की सुंदर मनभावन छटा ने दर्शकों का मन मोह लिया। जिसमें तमिल समूह की नृत्यांगनाओं ने सुंदर नृत्य प्रस्तुति देकर दर्शकों का मन मोह लिया, वहीं कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान की सामूहिक प्रस्तुति के साथ हुआ।



# विशु संगम में जुटे हजारों मलयाली परिवार, नृत्य से बताई संस्कृति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



केरलवासियों के नए साल के दिन, शबरीमला अयप्पा सेवा समाजम मध्य भारत प्रांत के तत्वावधान में भेल के हेमा हायर सेकेंडरी स्कूल में विशु संगम नामक एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विशेष अतिथि मंत्री विश्वास सारंग ने कार्यक्रम में उपस्थित समस्त मलयाली समाज को विशु संदेश दिया और शुभकामनाएं प्रेषित कीं। इस अवसर पर प्रज्ञा प्रवाह के राष्ट्रीय समन्वयक जे. नंदकुमार ने स्मरण दिलाया कि न केवल केरल समाज, बल्कि भारत के विभिन्न राज्यों में इस नववर्ष दिवस समारोह को अलग-अलग नामों से मनाया जाता है और यह भारत की सांस्कृतिक एकता का एक उदाहरण है। कार्यक्रम की अध्यक्षता माखनलाल चतुर्वेदी विश्व विद्यालय के कुलपति प्रोफेसर डॉ के जी सुरेश ने की। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ भोपाल खंड संघचालक सोमकांत उमालकर विशिष्ट अतिथि थे। इस कार्यक्रम में शबरीमला गुरुस्वामी, अयप्पा मंदिर में दशकों से सेवा कर रहे अयप्पा भक्त, सिविल सेवा में उच्च सेवा देने वाले मलयाली बंधु और कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले कलाकारों को सम्मानित किया गया।



## प्रधानमंत्री मोदी ने केरल के पलक्कड़ में चुनावी जनसभा में कहा

# जनता के पैसों को लूट रहे, ये भ्रष्टाचार के नए-नए मॉडल ला रहे, प्रवर्तन निदेशालय ने अटैच की 90 करोड़ रुपए की संपत्ति

उन्होंने कहा कि सीपीएम के मुख्यमंत्री तीन साल से लगातार झूठ बोल रहे है कि इस कॉपरेटिव स्कैम के पीड़ितों को उनका पैसा वापस मिलेगा। ये यह भी झूठ बोलते हैं दोषियों पर कार्वाई होगी। आज तक लूट के अलावा कुछ नहीं किया

एजेंसी ▶▶ पलक्कड़

पीएम नरेंद्र मोदी ने केरल के पलक्कड़ में चुनावी जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि सीपीएम के मुख्यमंत्री तीन साल से लगातार झूठ बोल रहे हैं कि इस कॉपरेटिव स्कैम के पीड़ितों को उनका पैसा वापस मिलेगा। ये यह भी झूठ बोलते हैं कि दोषियों पर कार्रवाई होगी।

ये आपका सेवक मोदी है जिसने इस केस की जांच करवाई। अब तक स्कैम करने वालों की करीब 90 करोड़ की संपत्ति भारत सरकार के ईडी ने अटैच कर ली है। मैं इस बारे में कानूनी सलाह ले रहा हूं कि कैसे जिनके पैसे डूब गए हैं, ऐसे गरीबों को उनका पैसा वापस करूं? उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार पहले भी देश में 17 हजार करोड़ ऐसे स्कैम पीड़ितों को वापस दिलवा चुकी है। मैं कॉपरेटिव स्कैम के पीड़ितों को ये भरोसा दिलाता हूं कि उनका पैसा वापस दिलाने में भाजपा और मेरी सरकार कोई कसर बाकी नहीं छोड़ेगी। पीएम मोदी ने अलाथुर में जनसभा को संबोधित किया। पीएम ने कहा कि करुवन्नूर कोऑपरेटिव बैंक स्कैम के पीड़ितों को उनका पैसा वापस किया जाएगा।

**भाजपा सरकार ने देश में 17 हजार करोड़ वापस दिलवाए**

नए एयरपोर्ट एक्सप्रेसवे बन रहे, बुलेट ट्रेन पर चल रहा काम

हम लूट के पैसों को वापस दिलवाने के लिए कानूनी सलाह ले रहे



### सीपीएम वालों ने गरीबों के जमा पैसे वाले बैंक को ही कंगाल कर डाला

पीएम मोदी ने कहा कि जनता का हर एक रुपया लूटना चाहते हैं। जिस बैंक में गरीबों और मध्यम वर्ग ने अपनी मेहनत के सैकड़ों-करोड़ों रुपए जमा किए थे, उस बैंक को सीपीएम को लोगों ने पूरी तरह लूटकर कंगाल कर दिया। इन्होंने गरीब की बेटी की शादी को भी अनेक संकटों में डाल दिया। केरल के लोगों ने बीते 10 सालों में देखा है कि कैसे एनडीए सरकार ने दुनिया भर में भारत की साख बढ़ाई है। कांग्रेस सरकार ने भारत की छवि कमजोर देश की बना दी थी। भाजपा सरकार ने भारत को एक मजबूत देश बनाया है। आज जब कोई भारतीय विदेश जाता है तो उसे सम्मान से देखा जाता है।

### हमारे 10 साल के काम तो केवल ट्रेलर...

पीएम मोदी ने कहा कि आज का भारत युद्ध में फंसे अपने नागरिकों को रेस्क्यू करने की ताकत रखता है। आज का भारत कोरोना जैसी महामारी में दूसरे देशों की ओर नहीं देखता। हम स्वदेशी वैक्सीन बनाते हैं। अपने देश के साथ-साथ दूसरे देशों की सहायता भी करते हैं। मोदी कहता है कि 10 साल में इनता सारा काम भले हुआ लेकिन जो हुआ है वो तो ट्रेलर है ट्रेलर।

### आधुनिक संरचना से होगी भारत की पहचान

पीएम ने कहा कि विकसित होते भारत की पहचान आधुनिक संरचना से भी होगी। आज देश में नए एक्सप्रेस बन रहे हैं, नए एयरपोर्ट बन रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा ने कल अपने घोषणापत्र में घोषणा की है कि जैसे पश्चिम भारत में अहमदाबाद-मुंबई के बीच बुलेट ट्रेन का काम चल रहा है। देश की पहली बुलेट ट्रेन दौड़ेगी।

## एक भाषा और एक नेता चाहते हैं भाजपा-संघ

**वायनाड में भाजपा पर राहुल का हमला भाजपा और संघ के विचारों पर आरोप**



कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने वायनाड में एक बड़ा रोड शो किया। इसमें हजारों लोग शामिल थे। इस दौरान उन्होंने लोगों का अभिवादन भी किया। उन्होंने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और भाजपा पर करारा हमला बोला है। राहुल का रोड शो वायनाड के सुल्तान बठेरी में हुआ। राहुल एक कार की खुली छत पर बैठकर जनता का अभिवादन करते नजर आए। राहुल ने कहा कि यह सोच लोगों का अपमान है कि भारत में केवल एक ही नेता होना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमें अंग्रेजों से आजादी सिर्फ आरएसएस की विचारधारा का औपनिवेश बनने के लिए नहीं मिली। उन्होंने कहा कि कांग्रेस मान्यताओं, भाषा धर्म, संस्कृति से प्यार और उनका सम्मान करना चाहती है।


## राजस्थान में बरसीं प्रियंका गांधी



### भाजपा जनता के अधिकार छीन रही

कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी ने भाजपा पर जमकर निशाना साधा। राजस्थान में एक सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि देश में संविधान बदलने की बात इसलिए हो रही है क्योंकि भाजपा के लोग जनता के अधिकार छीनना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार के 10 साल के शासन और झूठे वादों के बाद उनकी बातें अब हल्की लगने लग गई हैं। प्रियंका गांधी बांदीकुई (दौसा) में चुनावी सभा को संबोधित कर रही थीं। इस दौरान उन्होंने भाजपा पर कई हमले किए।

### बीजेडी के पूर्व सांसद प्रभास कुमार भाजपा में शामिल



**नई दिल्ली।** बीजद के पूर्व सांसद प्रभास कुमार सिंह लोकसभा चुनाव के पहले चरण के पहले ही भाजपा में शामिल हो गए। प्रभास ने बीजद छोड़कर भाजपा में शामिल होने का कारण भी बताया और कहा कि वो प्रधानमंत्री मोदी के काम से काफी प्रभावित हैं। प्रभास ने कहा कि बीजू जनता दल (बीजेडी) में कोई गरिमा और स्वाभिमान नहीं है।

**मणिपुर और त्रिपुरा में शाह**

## हम मणिपुर को टूटने नहीं देंगे, अफ्स्पा का दायरा घटा



**इंफाल।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने इंफाल में एक सार्वजनिक रैली को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि हम मणिपुर को टूटने नहीं देंगे। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी का मानना है कि पूर्वोत्तर आगे बढ़ेगा तो देश आगे बढ़ेगा। भारत विकसित तब बनेगा जब मणिपुर विकसित होगा।

### 10 समझौतों पर हस्ताक्षर, हजारों आतंकवादियों ने किया आत्मसमर्पण

**अगरतला।** गृह मंत्री शाह ने त्रिपुरा के कुमारघाट में एक चुनावी रैली में कहा कि मोदी सरकार ने पूर्वोत्तर में 10 से अधिक समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं और क्षेत्र के विभिन्न राज्यों में 10,000 से अधिक विद्रोहियों ने आत्मसमर्पण कर फिर से अपने जीवन की शुरुआत की। कांग्रेस सरकार के दौरान, देश भर में आदिवासी विकास के लिए कुल बजट केवल 24,000 करोड़ था और मोदी सरकार ने इसे बढ़ाकर 1.25 लाख करोड़ कर दिया।

### पूर्वोत्तर को 98,000 करोड़ की मिलीं परियोजनाएं

उन्होंने बताया कि 2014 से पहले, देश में केवल 90 एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय थे और 10 वर्षों में मोदी सरकार ने आदिवासी छात्रों की शिक्षा के लिए पूरे भारत में 740 ऐसे स्कूल स्थापित किए हैं। उन्होंने कहा कि 21 प्रतिशत घर इसके अंतर्गत हैं। केंद्र में कांग्रेस सरकार के दौरान, त्रिपुरा को 40,000 करोड़ की परियोजनाएं मिलीं, जबकि मोदी सरकार के दस वर्षों के दौरान, राज्य को 98,000 करोड़ की बड़ी संख्या में परियोजनाएं मिलीं।

**मसूरी में नड्डा ने कांग्रेस सरकार पर बोला हमला**

## जमीन से लेकर आसमान तक किया घोटाला, कांग्रेस ने देश को गर्त में डाला

उत्तराखंड लोकसभा चुनाव के दौरान मसूरी में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि कांग्रेस शासनकाल में जमीन से लेकर आसमान तक सिर्फ और सिर्फ भ्रष्टाचार हुआ है। यूपी में गोमती रिवर घोटाला, लैपटॉप घोटाला किया, लालू ने जमीन के बदले नौकरी, चारा घोटाला किया, ममता बेनर्जी सरकार में घोटाले हुए हैं। इंडिया गठबंधन के कई नेता या जेल में हैं या बेल पर हैं। कांग्रेस शासनकाल में देश को काफी नुकसान उठाना पड़ा। मोदी सरकार ने देश को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए कई ठोस कदम उठाए हैं।



### पहले नेता ये तय नहीं कर पाए मानवता जरूरी है या राजनीति

**देहरादून।** नड्डा ने कहा कि पहले लोग ये तय नहीं कर पाए कि अर्थ जरूरी है, अर्थशास्त्र जरूरी है या मानवता जरूरी है। मसूरी के गांधी चौक पर आयोजित विजय संकल्प जनसभा में नड्डा ने कहा कि 10 वर्ष पहले राजनीति का रवैया उदासीन भरा था, लेकिन मोदी ने राजनीति की परिभाषा, संस्कृति, चाल-ढाल, तौर-तरीका और राजनीतिक दृष्टि से संकल्प की परिभाषा बदल दी है।

## खबर संक्षेप

### अनंतपुर के एक गोदाम में लगी भीषण आग

**अनंतपुर।** आंध्र प्रदेश के अनंतपुर शहर के गुट्टी रोड पर सोमवार की सुबह एक गोदाम में भीषण आग लग गई। आग बुझाने के लिए दमकल की गाड़ियां मौके पर मौजूद हैं। फिलहाल किसी के हताहत होने या घायल होने की सूचना नहीं है। समाचार एजेंसी एएनआई ने एक वीडियो साझा किया है। इसमेंबताया गया कि अग्निशमन अभियान के दौरान गोदाम से धुएं का गुबार निकल रहा है।



### हथियार के साथ 7 नक्सली गिरफ्तार

**जगदलपुर।** सुकमा जिले के किस्टाराम इलाके से सुरक्षाबलों ने 7 नक्सलियों को हथियार और विस्फोटक के साथ गिरफ्तार किया है। टेटेमड़गू आरपीसी व डीकेएमएस अध्यक्ष पर एक लाख रुपए का इनाम घोषित था। नक्सल उन्मूलन अभियान के तहत नक्सलियों को गिरफ्तार किया। क्सलियों से भरमार बंदूक के अलावा भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री बरामद किया गया है।



### जयपुर एयरपोर्ट से सफर करना पड़ेगा महंगा!

**जयपुर।** जयपुर इंटरनेशनल एयरपोर्ट से हवाई यात्रा अब महंगी हो सकती है। एयरपोर्ट प्रशासन ने यात्रियों पर लगने वाले टैक्स यूडीएफ को दोगुना करने की तैयारी कर ली है। यूजर डवलपमेंट फीस के तौर पर वसूला जाता है। वर्तमान में जयपुर एयरपोर्ट से उड़ान भरने वाले हर यात्री से 465 रुपए बतौर यूडीएफ टैक्स लिया जाता है। इसे 910 रुपए करने की तैयारी की जा रही है।



### दिल्ली शराब नीति घोटाले में केजरीवाल ने की त्वरित सुनवाई की मांग

# सुप्रीम कोर्ट ने राहत देने से किया इनकार 24 अप्रैल तक ईडी से जवाब तलब किया



**केजरीवाल को जेल में ही रहना होगा**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली शराब नीति घोटाला मामले में जेल में बंद दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल को सुप्रीम कोर्ट ने त्वरित राहत देने से इनकार कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने ईडी को नोटिस जारी कर 24 अप्रैल तक जवाब देने का निर्देश दिया है। अब केजरीवाल मामले पर 29 अप्रैल को सुनवाई करेगी। सुप्रीम कोर्ट में केजरीवाल की ओर से पेश हुए वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने दावा किया कि केजरीवाल को लोकसभा चुनाव में प्रचार से रोकने के लिए गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने मामले की अगली सुनवाई जल्दी करने की मांग की।

### जस्टिस खन्ना और जस्टिस दीपांकर दत्ता की पीठ अब 29 को करेगी सुनवाई



### हाईकोर्ट से नहीं मिली थी राहत

दिल्ली उच्च न्यायालय ने उनकी उस याचिका को खारिज करते हुए राहत देने से इनकार कर दिया था। केजरीवाल ने आबकारी नीति से जुड़े धनशोधन मामले में गिरफ्तारी को चुनौती दी थी। कोर्ट ने कहा था कि बार-बार समन भेजने के बावजूद केजरीवाल के ईडी के समक्ष पेश नहीं होने और जांच में शामिल नहीं होने से ईडी के पास कोई विकल्प नहीं था।

### ईडी के दावे का भी हवाला दिया


उच्च न्यायालय ने केजरीवाल की याचिका खारिज करते समय निदेशालय के इस दावे का भी हवाला दिया था कि केजरीवाल अपराध से हुई आय के उपयोग और उसे छिपाने में सक्रिय रूप से शामिल थे। दिल्ली उच्च न्यायालय ने ककहा था कि 'आम और खास व्यक्ति' के खिलाफ जांच अलग-अलग नहीं हो सकती।

### जेल से चलेगी दिल्ली सरकार,अब हर दिन दो मंत्रियों से मिलेंगे केजरीवाल

खबर है कि केजरीवाल दिल्ली सरकार के मंत्रियों से भी जेल में मुलाकात करेंगे और सरकार के कामकाज का ब्योरा लेंगे। पंजाब से राज्यसभा सांसद संदीप पाठक ने कहा कि जेल में मैं और भगवंत मान केजरीवाल से मिलने गए थे।

**केजरीवाल से मुलाकात के बाद भावुक हुए मान**

### आतंकवादियों की तरह हो रहा व्यवहार



पंजाब के सीएम भगवंत मान ने तिहाड़ जेल में केजरीवाल से मुलाकात की। मान ने कहा उन्हें वे सुविधाएं नहीं मिल रही हैं, जो कट्टर अपराधियों को भी मिलती हैं।

**जेल मैन्युअल के हिसाब से हुई दोनों की मुलाकात**

जेल प्रशासन का कहना है कि दोनों नेताओं की मुलाकात पूरी तरीके से जेल मैन्युअल के हिसाब से हुई है। सुरक्षा चीफ ने प्रशासन को धन्यवाद दिया है।


**श्रीकृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह मामला**

## मुस्लिम पक्ष को झटका, कोर्ट में एक साथ नहीं होगी सुनवाई

एजेंसी ▶▶ मथुरा

यहां के श्रीकृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह मस्जिद मामले में मुस्लिम पक्ष को सुप्रीम कोर्ट से झटका लगा है। इस केस के जुड़े सभी मामलों की इलाहाबाद हाईकोर्ट में एकसाथ सुनवाई के फैसले को चुनौती देने वाली याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने राहत देने से इनकार कर दिया है।

जमीन विवाद से जुड़े मामले से जुड़ी सभी याचिकाओं को हाईकोर्ट में सुनवाई के लिए ट्रांसकर करने के फैसले के खिलाफ मुस्लिम पक्ष सुप्रीम कोर्ट पहुंचा था। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने निचली अदालत में चल रहे 15 मामलों को सुनवाई के लिए खुद से समझ ट्रांसफर कर लिया था।



### हाईकोर्ट ने दिया था आदेश

इलाहाबाद हाईकोर्ट के इस फैसले को मुस्लिम पक्ष की ओर से चुनौती दी गई। सोमवार को इस मामले की सुप्रीम कोर्ट में जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस दीपांकर दत्ता की बेंच ने सुनवाई की। सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में मुस्लिम पक्ष को कोई राहत नहीं दी। सुप्रीम कोर्ट ने मुस्लिम पक्ष की मांग को खारिज कर दिया और कहा कि हाईकोर्ट में सुनवाई चलती रहेगी।

### क्या है पूरा मामला?

श्रीकृष्ण जन्मभूमि और शाही ईदगाह से संबंधित कई याचिकाओं पर एकसाथ सुनवाई की जा रही है। हिंदू पक्ष द्वारा दाखिल याचिकाओं में दावा किया गया है कि मस्जिद का निर्माण कटरा केशव देव मंदिर की 13.37 एकड़ भूमि पर किया गया है। वहीं मुस्लिम पक्ष की ओर से दलील दी जा रही है कि हिंदू पक्ष की ओर से दाखिल याचिकाएं पोषणीय नहीं है। 1968 में हुए समझौते को लेकर भी मुस्लिम पक्ष ने दलील पेश की है।

**अयोध्या से दिल्ली जा रही थी उड़ान**

## चंडीगढ़ में फ्लाइट की इमरजेंसी लैंडिंग, 2 मिनट का था फ्यूल

एजेंसी ▶▶ चंडीगढ़

अयोध्या से दिल्ली जाने वाली इंडिगो की फ्लाइट 6ई2702 दिल्ली में मौसम खराब होने के कारण लैंड नहीं कर पाई। इसके बाद इसे चंडीगढ़ डायवर्ट किया गया जहां उसे लैंड किया गया। हालंकि इस दौरान प्लेन के पास सिर्फ 2 मिनट का फ्यूल बच गया था। ये घटना 13 अप्रैल की है।

दिल्ली पुलिस के डीसीपी क्राइम सतीश कुमार ने इसकी जानकारी सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर की है। इस फ्लाइट में वो भी सवार थे। हालांकि चंडीगढ़ एयरपोर्ट के सीईओ राकेश सहाय ने घटना को सिरे से खारिज कर दिया है। इस मामले में इंडिगो ने सफाई भी दी है और कहा है कि कैप्टन ने सारे नियमों का पालन किया है और सभी सुरक्षित हैं। विमान में पर्याप्त फ्यूल था और विमान को चंडीगढ़ ले जाने में कोई दिक्कत नहीं हुई। इंडिगो के मुताबिक उसके लिए यात्रियों की सुरक्षा सबसे अहम है।

**यात्रियों की जान हलक में आई**



**मणिपुर हिंसा के विस्थापितों ने की वोटिंग सुविधा देने की मांग**

## सुप्रीम कोर्ट ने ठुकराई याचिका, बाधाएं आने का दिया हवाला

### नौलक खामसुअनथांग सहित अन्य लोगों की याचिका पर सुनवाई

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने मणिपुर से जुड़ी एक याचिका को खारिज कर दिया है। याचिका में मांग की गई थी कि सर्वोच्च अदालत चुनाव आयोग (ईसीआई) को निर्देश दे कि वे जातीय हिंसा के कारण विस्थापित हुए 18,000 लोगों के लिए लोकसभा चुनाव में मतदान की व्यवस्था करे। जिन राज्यों में विस्थापित लोग रह रहे हैं, वहां-वहां चुनाव आयोग विशेष मतदान केंद्र स्थापित करे। मणिपुर में दो लोकसभा सीट है, जहां दो चरणों में 19 अप्रैल और 26 अप्रैल को मतदान होना है।

**खास बातें**

- लोगों ने चुनाव आयोग से निर्देश देने की मांग उठाई
- 18,000 लोगों के लिए चुनाव में मतदान की मांग की थी

### विधायकों ने चुनाव आयोग के सामने रखी थी बात




कुकी और मैतेई समूहों के नेताओं ने चुनाव आयोग के साथ भी यह मुद्दा उठाया था। जिन लोगों ने राज्य के बाहर शरण ली है, उनका कहना है कि अगर मतदान की व्यवस्था नहीं हो सकती है तो उन्हें डाक मतपत्रों के माध्यम से मतदान करने की अनुमति दी जानी चाहिए। मणिपुर के कुकी समुदाय से जुड़े दस विधायकों ने इस महीने की शुरुआत में चुनाव आयोग से कहा था कि राज्य के बाहर रह रहे विस्थापित लोगों को वहां से मतदान करने की अनुमति दी जाए, जहां वो रह रहे हैं।

### मैतेई समूह ने डाक मतपत्र की व्यवस्था मांगी

उधर, एक मैतेई समूह ने भी इस बारे में चुनाव आयोग को पत्र लिखकर अनुरोध किया कि राज्य के बाहर रहने वाले मणिपुर के मतदाताओं के लिए डाक मतपत्र की व्यवस्था की जाए। समूह से जुड़े लोगों ने कहा कि राज्य के बाहर रहने वाले मतदाताओं के लिए महंगी उड़ानें लेना असंभव है और सड़क यात्रा पूरी तरह से असुरक्षित है।

### सीजेआई की पीठ ने सुनवाई की

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की तीन सदस्यीय पीठ ने मणिपुर निवासी नौलक खामसुअनथांग सहित अन्य लोगों की याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा कि अदालत के हस्तक्षेप के कारण मणिपुर में लोकसभा चुनाव कराने में बाधाएं आ सकती हैं।आपने अंतिम समय में याचिका दायर की है। ऐसे में क्या ही किया जा सकता है। हम इस मामले में हस्तक्षेप नहीं कर सकते।

ईरान-इजराइल की लड़ाई में दुनिया दो धड़ों में बंटी

# ईरानी हमले का जवाब देगा इजराइल, ब्रिटेन का भी मिला साथ, रूस ने कहा... हम ईरान के साथ, भारत की हिंसा से दूर रहने की अपील

एजेंसी ▶▶ यरुशलेम

ईरान और इजराइल की लड़ाई ने दुनिया को एक बार फिर दो धड़ों में बांट दिया है। ईरान के हमले के बाद अमेरिका, ब्रिटेन और फ्रांस डटकर इजराइल के पाले में खड़े हो गए। वहीं, रूस ने कहा है कि अगर अमेरिका ने इजराइल का साथ दिया तो वह ईरान का साथ देगा। ईरान के हमले के बाद इजराइल में रविवार को इजराइली वॉर कैबिनेट की मीटिंग हुई और इसमें इस बात पर सहमति बन गई है कि इजराइल काउंटर अटैक करेगा। इजराइल के पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा है कि उनका देश किसी भी स्थिति के लिए तैयार है। इजराइल, ईरान पर कब हमला करेगा, इस बात का खुलासा नहीं हुआ है। वहीं, इजराइल का साथ देने के लिए इजराइल के विदेश मंत्री काट्ज ने ब्रिटिश विदेश सचिव और फ्रांस के विदेश मंत्री को धन्यवाद दिया है।



## ब्रिटेन ने इजराइल का किया समर्थन




ब्रिटेन ने इजराइल का खुलकर समर्थन किया है। ब्रिटेन के पीएम ऋषि सुनक ने कहा कि ब्रिटेन, इजराइल और अपने सभी क्षेत्रीय भागीदारों की सुरक्षा के लिए खड़ा रहेगा। युद्ध के खतरे को देखते हुए यूके ने भी कई रॉयल एयरफोर्स जेट और टैंकरों को क्षेत्र में भेज दिया है। यूके सरकार तनाव दूर करने के लिए अन्य सहयोगी दलों के साथ काम कर रही है।

## काउंटर अटैक में इजराइल का साथ नहीं देगा अमेरिका



अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने जी-7 नेताओं के साथ एक कॉन्फ्रेंस कॉल की। उन्होंने जॉर्डन के राजा अब्दुल्ला और इजराइल के पीएम नेतन्याहू के टेलीफोन पर बातचीत की। बाइडेन ने इजराइल को कहा है कि अगर इजराइल ने ईरान पर जवाबी कार्रवाई की तो अमेरिका इसमें उनका साथ नहीं देगा।

## हम खुलकर ईरान को समर्थन देंगे: रूस



रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने अमेरिका को चेतावनी दी है कि वह ईरान और इजराइल मामले में दखल नहीं दें। पुतिन ने कहा कि अगर ईरान पर इजराइल के काउंटर अटैक में अमेरिका शामिल होता है तो या किसी तरह से मदद करता है तो हम हाथ पर हाथ रखकर नहीं बैठेंगे। हम खुलकर ईरान के समर्थन में खड़े हो जाएंगे।

## हिंसा से दूर रहें, कूटनीति के रास्ते वापस आएं: भारत

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने रविवार को इजराइली समकक्ष काट्ज और ईरानी समकक्ष हुसैन अमीर-अबदुल्लानह्यान के साथ फोन पर बात की। जयशंकर ने कहा



कि मैंने घटनाक्रम पर अपनी चिंता शेयर की। व्यापक क्षेत्रीय स्थिति पर चर्चा की। साथ ही, तत्काल तनाव कम करने की अपील की। हम इजराइल और ईरान के बीच शत्रुता से ज्यादा चिंतित हैं। इससे क्षेत्र में शांति और सुरक्षा को खतरा है। मंत्रालय ने सभी से हिंसा से दूर रहने और कूटनीति की अपील की है।

**भारत ने हर देश से बनाए रिश्ते**

भारत ने मिडिल ईस्ट के अब प्रमुख क्षेत्रीय अभिनेताओं - मिस्र, ईरान, इजराइल, कतर, तुर्की, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात - के साथ अपने जुड़ाव को संतुलित कर लिया है।

## खबर संक्षेप

### सिंगापुर के पीएम 15 मई को देंगे इस्तीफा

**सिंगापुर।** सिंगापुर के प्रधानमंत्री ली सीन लूंग ने अपने पद से इस्तीफा देंगे। उन्होंने सोमवार को



ऐलान किया कि वह आर्थिक रूप से समृद्ध देश की सरकार का नेतृत्व करने के लगभग 20 वर्षों के बाद 15 मई को पद छोड़ देंगे। उनकी जगह उप प्रधानमंत्री (डिप्टी) लॉरेंस वोंग लेंगे। 72 वर्षीय ली ने फेसबुक पोस्ट में इस बात की जानकारी भी दी है।

### कांगो में भूस्खलन से 15 लोगों की मौत



**किंशासा।** दक्षिण पश्चिम कांगो में भारी बारिश के कारण हुए भूस्खलन में कम से कम 15 लोगों की मौत हो गयी और करीब 60 लोग लापता हो गए। इडियोफा शहर के निकट बंदरगाह से कुछ दूरी पर शनिवार को हुए भूस्खलन के बाद सात लोग जीवित पाए गए। ढेधे मुपासा ने यह जानकारी दी।

### तंजानिया में बाढ़ के कारण 58 लोगों की मौत




**नैरोबी।** तंजानिया में बाढ़ के कारण पिछले दो सप्ताह में कम से कम 58 लोगों की मौत हो गई। इस पूर्वी अफ्रीकी देश में जबरदस्त बारिश जारी है। सरकार ने एक आधिकारिक बयान में बताया कि तटीय इलाकों में बारिश से सबसे अधिक कहर ढाया और करीब 126,831 लोग प्रभावित हुए हैं।

### इंडोनेशिया में भूस्खलन में 18 लोगों की मौत



**तारा तोराजा।** इंडोनेशिया के सुलावेसी द्वीप पर हुए भूस्खलन के बाद खोज एवं बचाव दल ने 18 लोगों के शव मलबे से निकाल लिये हैं जबकि दो लापता लोगों की तलाश अब भी जारी है। बचावकर्मियों ने रविवार दोपहर को मकाले गांव में करीब 14 शवों को (मलबे से) बाहर निकाला।

### मिजोरम में 30 लाख रुपए की हेरोइन जब्त



**आइजोल।** मिजोरम के चंपई जिले में 30.10 लाख रुपए की हेरोइन जब्त कर एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। असम राइफल्स के बयान के मुताबिक गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए राज्य पुलिस के सहयोग से रविवार को भारत-म्यांमा सीमा के निकट जोटे गांव में एक अभियान चलाया।

भारत में निर्मित हल्के लड़ाकू विमानों और हेलीकॉप्टरों की विदेशों में बढ़ी मांग

# 'तेजस' और 'प्रचंड' पर आया फिलीपींस का दिल, अन्य देशों ने भी दिखाई रुचि



*भारत में निर्मित हल्के लड़ाकू विमानों और हेलीकॉप्टरों की अपनी श्रेणी में बेहतरीन परफॉर्मेंस के चलते विदेशी खरीदारों में इसे खरीदने को लेकर काफी रुचि पैदा हुई है। निर्माता कंपनी एचएएल की कई देशों से इसे खरीदने को लेकर बातचीत चल रही है और जल्द ही पांच-छह देश इसे खरीदने को लेकर इच्छुक हैं।*

- तेजस की खरीद को लेकर अर्जेंटीना और मिस्र से चल रही बातचीत
- भारतीय वायुसेना तेजस और प्रचंड का कर रही है उपयोग
- 97 एलसीए की खरीद के लिए एचएएल को दिया ऑर्डर

एजेंसी ▶▶ दिल्ली

भारत में निर्मित स्वदेशी हल्के लड़ाकू विमान (एलसीए) 'तेजस' और हल्के लड़ाकू हेलीकॉप्टर (एलसीएच) 'प्रचंड' की लोकप्रियता पूरी दुनिया में लगातार बढ़ रही है।

इसे बनाने वाली कंपनी हिंदुस्तान एरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) का कहना है कि 'तेजस' अपनी श्रेणी में बेहतरीन परफॉर्मेंस होने की वजह से विदेशी खरीदारों में इसे खरीदने को लेकर काफी रुचि पैदा हुई है। एचएएल की कई देशों से इसे खरीदने को लेकर बातचीत चल रही है और जल्द ही पांच-छह देश इसे खरीदने को लेकर इच्छुक हैं। एचएएल ने हाल ही में गुयाना को डॉर्नियर-228 एयरक्राफ्ट भी डिलीवर किए हैं।

पीएम मोदी ने तेजस में भरी थी उड़ान



### प्रचंड को लेकर फिलीपींस उत्सुक

एचएएल चीफ को उम्मीद है कि एलसीए तेजस के साथ ही एडवांस लाइट हेलीकॉप्टर प्रचंड की भी मांग बढ़ेगी। उन्होंने कहा, हेलीकॉप्टरों की डिमांड को लेकर हमें देर-सबेर सफलता मिलेगी। इस हेलीकॉप्टर का आर्म्ड वर्जन एमके4 वेरिएंट भी उपलब्ध है। 2023 में, फिलीपींस तट रक्षक बल ने एमओयू पर हस्ताक्षर करते हुए एडवांस लाइट हेलीकॉप्टर एमके2 और भारत में निर्मित युद्धपोतों को लेकर गहरी रुचि दिखाई थी। पिछले साल फिलिपिनो तटरक्षक बल के प्रमुख ने अपनी भारत यात्रा के दौरान, गोवा में एडवांस्ड लाइट हेलीकॉप्टर एमके3 की उड़ान का एक डेमो भी लिया था।

### तेजस को लेकर बड़ा निर्यात ऑर्डर

एचएएल के चीफ मैनेजिंग डायरेक्टर सीबी अनंतकृष्णन ने उम्मीद जताई है कि एलसीए तेजस को लेकर बड़ा निर्यात ऑर्डर मिलने की अधिक उम्मीद है। उन्होंने कहा जब से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तेजस में उड़ान भरी है, उसके बाद से दुनियाभर के देशों का ध्यान तेजस ने खींचा है, जिससे इसके निर्यात में और बढ़ोतरी मिलने की उम्मीद है। एक साक्षात्कार में सीबी अनंतकृष्णन ने कहा कि पांच-छह देशों ने रुचि दिखाई है। अर्जेंटीना के साथ इस पर अभी भी बातचीत चल रही है। फिलीपींस के साथ बातचीत अंतिम चरण में है। मिस्र के साथ भी हम चर्चा कर रहे हैं और नाइजीरिया के साथ बातचीत सकारात्मक है।

### नाइजीरिया के साथ बातचीत अंतिम दौर में

*फिलीपींस के अलावा नाइजीरिया ने भी तेजस और प्रचंड के अलावा लाइट यूटिलिटी हेलीकॉप्टर (एलयूएच) और एडवांस्ड लाइट हेलीकॉप्टर (एएलएच) 'ध्रुव' में रुचि दिखाई है। 2023 में, नाइजीरिया ने भारत के साथ एक बिलियन अमेरिकी डॉलर के रक्षा सौदों को मंजूरी दी। नाइजीरियाई प्रतिनिधिमंडल ने एयरक्राफ्ट का डेमो देखा था, लेकिन अभी भी उन्हें उड़ाना बाकी है। इनकी खरीद के लिए बातचीत प्रक्रिया अभी प्रारंभिक चरण में है। एचएएल ने छह नाइजीरियाई सेना के विमान पायलटों को पहले चेतक हेलीकॉप्टरों पर प्रशिक्षित किया है। प्रशिक्षण का पहला चरण दिसंबर 2021 और दूसरा चरण दिसंबर 2022 में पूरा हो चुका है।*

### हर साल बनेंगे 24 तेजस एमके1ए एयरक्राफ्ट

एचएएल को भारतीय वायु सेना से 83 एलसीए एमके1ए के ऑर्डर मिले हैं। रक्षा मंत्रालय 97 अतिरिक्त एलसीए की खरीद के लिए पहले ही एचएएल को टेंडर जारी कर चुका है। जिन्हें अगले तीन से चार सालों में डिलीवर किया जाएगा। एचएएल ने इसकी बढ़ती मांग को देखते हुए अपनी उत्पादन क्षमता बढ़ाई है, जिसके बाद सालाना उत्पादन क्षमता 8 एयरक्राफ्ट से 16 एयरक्राफ्ट हो जाएगी।

सिडनी के चर्च में भी चाकूबाजी

# अज्ञात शख्स ने पादरी पर किया हमला, 4 घायल



एजेंसी ▶▶ सिडनी

ऑस्ट्रेलिया के सिडनी में सोमवार को एक बार फिर चाकूबाजी की घटना हुई है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इस घटना में 4 लोग घायल हुए हैं। सोशल मीडिया पर इससे जुड़ा एक वीडियो भी वायरल हो रहा है, जिसमें एक शख्स पादरी को चाकू मारता हुआ दिखाई दे रहा है। घटना सिडनी के क्राइस्ट द गुड शेफर्ड चर्च में हुई। यह घटना स्थानीय समयानुसार सोमवार रात को चर्च सर्विस के दौरान हुई।

एक युवक ने चर्च के पादरी बिशप 'मार मारी इमैनुएल' पर चाकू से हमला कर दिया, जिसके बाद पूरे चर्च में भगदड़ मच गई। यह घटना लाइव स्ट्रीम में रिकॉर्ड हो गई। पुलिस ने घटना की सूचना मिलते ही इलाके की घेराबंदी कर ली और एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। उससे पूछताछ की जा रही है। घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायल हुए लोगों की उम्र 20 से 70 साल के बीच हैं।

### सिर और शरीर पर चाकू से वार

सोशल मीडिया पर एक वीडियो में दिखाया गया है कि काला कपड़ा पहनकर एक व्यक्ति उपनगरीय वेकली में 'क्राइस्ट द गुड शेफर्ड' के बिशप के पास पहुंचता है और उनके सिर और शरीर के ऊपरी हिस्से पर कई बार चाकू से वार करता है। वीडियो में एकत्र श्रद्धालु (मंडली के सदस्य) चीखते हुए बिशप की सहायता के लिए दौड़ते नजर आ रहे हैं। चर्च की वेबसाइट ने बिशप की पहचान मार मारी इमैनुएल के रूप में की है। एनएसडब्ल्यू एम्बुलेंस सेवा ने कहा कि उसने कई चोट से घायल 50 साल से अधिक उम्र के एक व्यक्ति का प्राथमिक इलाज किया और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया। एनएसडब्ल्यू एम्बुलेंस सेवा ने बताया कि तीन अन्य घायलों को एक या इससे अधिक चोटें लगी थीं लेकिन उनका इलाज घटनास्थल पर ही कर दिया गया।

### 'एलजीबीटीक्यू प्लस' समुदाय के बारे में की थी टिप्पणी

पुलिस ने कहा है कि पुलिस बड़े स्तर पर कार्रवाई कर रही है और जनता से इस क्षेत्र से दूर रहने का आग्रह किया गया है। बिशप पिछले साल सुर्खियों में थे। 'एलजीबीटीक्यू प्लस' समुदाय को लक्षित करने वाले एक अभियान के बारे में ऑस्ट्रेलियाई ब्रॉडकास्टिंग कॉर्पोरेशन द्वारा मई 2023 में एक वीडियो पोस्ट किया गया था। इस वीडियो में बिशप को एक उपदेश में यह कहते हुए दिखाया गया है कि जब कोई पुरुष खुद को महिला कहता है, तो वह न तो पुरुष है और न ही महिला, आप इंसान नहीं हैं, तो फिर आप कुछ और हैं। चूंकि आप अब कुछ और हैं, मैं आपको एक इंसान के रूप में संबोधित नहीं करूंगा क्योंकि यह मेरी पसंद नहीं है, यह आपकी पसंद है।

यूक्रेन के शीर्ष कमांडर का दावा

# बखमुत के पास के शहरों पर कब्जा करना चाहता है रूस

एजेंसी ▶▶ कीव

रूस-यूक्रेन जंग को दो साल से ज्यादा का समय हो चुका है। फिलहाल, यह जंग थमती नजर नहीं आ रही है।

इस बीच, यूक्रेन के शीर्ष कमांडर ने रविवार को दावा किया कि रूसी बलों ने नौ मई तक चासिव यार शहर पर कब्जा करने का लक्ष्य रखा है। रूसी हमलों को देखते हुए यह शहर अखाड़े के लिए तैयार हो गया है। बता दें, पूर्वी हिस्सों पर कब्जा करने के लिए यह शहर महत्वपूर्ण है।



### चासिव यार पर कब्जा करने की कोशिश

इस सप्ताह के अंत में कर्नल जनरल ऑलेक्जेंडर सिरस्की ने चेतावनी दी थी कि पूर्व में स्थिति काफी खराब हो गई है। अब उन्होंने फिर एक बार कहा कि रूस क्रामटोरस्क शहर की ओर बढ़ने से पहले चासिव यार पर कब्जा करने की कोशिश करेगा।

सलमान के आवास पर फायरिंग मामला

# क्राइम ब्रांच ने शुरू की जांच घटनास्थल का जायजा लिया

एजेंसी ▶▶ मुंबई

फिल्म अभिनेता सलमान खान के आवास के सामने हुई फायरिंग की जांच मुंबई क्राइम ब्रांच ने शुरू कर दी है। बांद्रा पुलिस स्टेशन की टीम ने रविवार को जांच सौंपी थी। मुंबई क्राइम ब्रांच की टीम ने सोमवार को मौके पर जाकर घटना का जायजा लिया है और छानबीन कर रही है।

इसी बीच सलमान खान के पिता सलीम खान ने कहा है कि डरने की कोई बात नहीं है, यह घटना पब्लिसिटी के लिए रची गई है। इसमें बताने को कुछ नहीं है।



### बिश्नोई ने घटना की जिम्मेदारी ली

गोलीबारी के कुछ घंटों बाद अनमोल बिश्नोई ने ऑनलाइन पोस्ट में घटना की जिम्मेदारी ली और बॉलीवुड अभिनेता को चेतावनी जारी करते हुए कहा कि यह एक 'ट्रेलर' था। आरोपियों में से एक की पहचान विशाल उर्फ कालू के रूप में हुई है।

# भारत ने निभाया 'पड़ोसी धर्म'



**काठमांडू।** भारत ने रविवार को नेपाल के विभिन्न संगठनों को 35 एंबुलेंस व 66 स्कूल बसें भेंट कीं। नेपाल में भारत के राजदूत नवीन श्रीवास्तव ने नेपाल सरकार के वित्त मंत्री बर्षमान पुन की मौजूदगी में अधिकारियों को एंबुलेंस व स्कूल बसों की चाभियां अधिकारियों को सौंपीं। कुल 101 वाहनों में से दो एंबुलेंस भूकंप प्रभावित जजारकोट व पश्चिम रुकुम जिलों को सौंपी गईं।

भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने 'सिंगापुर समुद्री सप्ताह' में भाग लिया

# समुद्री जहाज ईंधन के क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव की तरफ बढ़ रही है दुनिया

एजेंसी ▶▶ सिंगापुर

भारत ने नई प्रौद्योगिकियों और जहाज ईंधन के रूप में मेथनॉल और अमोनिया का उपयोग करने की क्षमता का पता लगाने के लिए वैश्विक पोत परिवहन उद्योग के साथ भागीदारी का आह्वान किया है।

सरकार के एक वरिष्ठ अधिकारी ने सोमवार को जानकारी देते हुए बताया कि सिंगापुर के दौरे पर आए एक भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने यह मांग रखी है। भारतीय प्रतिनिधिमंडल 'सिंगापुर समुद्री सप्ताह' में भाग लेने के लिए यहां आया है। इस सम्मेलन में दुनियाभर से 10 हजार से अधिक प्रतिनिधि शिरकत कर रहे हैं।

### दुनिया भर से 10 हजार लोगों ने भाग लिया

**खास बातें**

- भारत हाइड्रोजन उत्पादन में आगे बढ़ रहा
- पारंपरिक ईंधन अधिक कार्बन उत्सर्जन करते हैं



### मेथनॉल और अमोनिया अच्छा विकल्प

बंदरगाह, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय के संयुक्त सचिव भूषण कुमार ने कहा कि हम सभी नई प्रौद्योगिकियों के लिए सहयोग तलाशने और जहाजरानी उद्योग के हितधारकों के साथ जहाज ईंधन के रूप में मेथनॉल और अमोनिया का उपयोग करने की क्षमता का पता लगाने के लिए यहां हैं। मेथनॉल और अमोनिया को पारंपरिक समुद्री ईंधन का स्वच्छ विकल्प माना जाता है।

### हरित ईंधन पर करना होगा काम

भूषण कुमार ने कहा कि हमें हरित ईंधन पर काम जारी रखना होगा। भले ही इस स्तर पर यह व्यावसायिक रूप से बहुत आकर्षक न हो लेकिन इसे वाणिज्यिक रूप से बेहतर बनाना होगा। उन्होंने कहा कि हाइड्रोजन उत्पादन की दिशा में भारत के प्रयासों से उद्योग को ऊर्जा बदलाव में भी मदद मिलेगी।

भारत-उज्बेकिस्तान संयुक्त सैन्य अभ्यास शुरू

# भविष्य की सैन्य बातचीत की नींव को मजबूत करेंगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत और उज्बेकिस्तान के बीच संयुक्त सैन्य अभ्यास 'डस्टलिक' का 5वां संस्करण सोमवार) से उज्बेकिस्तान के टर्मेज़ जिले में शुरू हो गया है। यह अभियान 28 अप्रैल 2024 तक चलेगा। भारतीय सशस्त्र बलों और उज्बेकिस्तान गणराज्य के सशस्त्र बलों के भाग लेने वाले दल सहयोग और भविष्य की सैन्य बातचीत की नींव को मजबूत करने के लिए एक साथ प्रशिक्षण लेंगे। इस अभियान का उद्देश्य दोनों सेनाओं के बीच परिचालन प्रभावशीलता और समन्वय को बढ़ावा देना है।



### सेना प्रमुख पांडे पहुंचे उज्बेकिस्तान

थल सेनाध्यक्ष जनरल मनोज पांडे चार दिवसीय यात्रा पर उज्बेकिस्तान पहुंचे। वे उज्बेकिस्तान के रक्षा मंत्री लेफ्टिनेंट जनरल बखोदिर कुर्बानोव, प्रथम उप रक्षामंत्री और सशस्त्र बलों के जनरल स्टाफ के प्रमुख मेजर जनरल खलमुखामेदोव शुक्रत गैरतजानोविच और वायुसेना प्रमुख मेजर जनरल बुरखानोव अहमद जमालोविच के साथ बातचीत करेंगे।

## आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| राजस्थान | 6 | 5 | 1 | 10 |
| कोलकाता | 5 | 4 | 1 | 8 |
| चेन्नई | 6 | 4 | 2 | 8 |
| हैदराबाद | 6 | 4 | 2 | 8 |
| लखनऊ | 6 | 3 | 6 | 6 |
| गुजरात | 6 | 3 | 3 | 6 |
| पंजाब | 6 | 2 | 4 | 4 |
| मुंबई | 6 | 2 | 4 | 4 |
| दिल्ली | 6 | 2 | 4 | 4 |
| बेंगलोर | 7 | 1 | 6 | 2 |

ऑरेंज कैप



विराट कोहली
361 रन
बेंगलोर

पर्पल कैप



यजुवेन्द्र चहल
11 विकेट
राजस्थान

### बाउंड्री मीटर

894 चौके

525 छक्के

# फोटो-विडियो पोस्ट न करें खिलाड़ी, नहीं तो लगेगा नौ लाख का जुर्माना

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड सोशल मीडिया में फोटो-विडियो पोस्ट करने पर नाराज चल रहा है। आईपीएल टीमों, खिलाड़ी और कमेंटेटर्स द्वारा यदि नियमों का उल्लंघन किया जाता है तो उन पर अब 9 लाख रुपए का जुर्माना लगाया जाएगा। इंडियन प्रीमियर लीग 2024 सीजन अपने रोमांचक मुकाबलों के साथ आगे बढ़ रहा है। रविवार तक आईपीएल में 29 मैच हो चुके हैं। इस टूर्नामेंट के दौरान आईपीएल टीमें, खिलाड़ी और कमेंटेटर्स काफी एक्टिव नजर आ रहे हैं। वो लगातार सोशल मीडिया पर मैच के दौरान के फोटो और वीडियो शेयर करते रहते हैं। बस यही बात भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड और ब्रॉडकास्टर्स को पसंद नहीं आ रही है।

## बीसीसीआई का फरमान, ब्रॉडकास्टर्स के अधिकारों का हो रहा उल्लंघन टीमें, खिलाड़ी और कमेंटेटर्स पल-पल की जानकारी कर रहे पोस्ट



### ब्रॉडकास्टर्स को होता है नुकसान

*दरअसल, आईपीएल टीमों, खिलाड़ियों और कमेंटेटर्स का फोटो-वीडियो शेयर करना नियमों का उल्लंघन माना जा रहा है। इससे सबसे ज्यादा दिक्कत ब्रॉडकास्ट राइट्स होल्डर्स को ही हो रही है, क्योंकि अगर कोई भी ऐसा करता है तो ये नियम के खिलाफ है और इससे ब्रॉडकास्टर्स का नुकसान भी होता है। इसी के चलते बीसीसीआई ने एक ऐसा फरमान जारी किया है। दरअसल, हाल ही में भारतीय टीम के पूर्व बल्लेबाज ने कमेंट्री के दौरान एक फोटो खींचकर सोशल मीडिया पर शेयर की थी। इस कमेंटेटर के 1 मिलियन से ज्यादा फॉलोअर्स हैं। कुछ समय बाद ही बीसीसीआई के एक स्टाफ मेंबर ने उस फोटो को डिलीट करने का आदेश दे दिया।*



### स्टार इंडिया और वायकॉम 18 के पास हैं राइट्स

*कमेंटेटर ने पोस्ट डिलीट करने से मना कर दिया। नियमों का हवाला देकर स्टाफ मेंबर ने बार-बार कमेंटेटर को फोटो डिलीट करने के लिए कहा। इसके बाद कहीं जाकर फोटो डिलीट किया गया। बता दें कि स्टार इंडिया और वायकॉम 18 के पास डिजिटल राइट्स हैं। ऐसे में सबकुछ इन्हीं का है।*

### टीम पर लगा जुर्माना

रिपोर्ट के मुताबिक, बीसीसीआई ने सभी को ये आदेश दे दिया है कि अगर कोई भी ये नियम तोड़ेगा तो उसे इसकी भरपाई करनी पड़ेगी। यदि नियमों का उल्लंघन किया जाता है, तो 9 लाख रुपए तक का जुर्माना भी लग सकता है। हाल ही में एक कमेंटेटर ने स्टेडियम से इंस्टाग्राम लाइव कर दिया था जिसपर मिलियन व्यूज आ चुके हैं। वहीं एक आईपीएल टीम पर लाइव मैच के दौरान वीडियो पोस्ट करने के लिए 9 लाख का जुर्माना लगाया जा चुका है।

### फ्रेंचाइजी पर होगी कार्रवाई

बीसीसीआई अधिकारी ने बताया कि आईपीएल टीमों को मैच से फुटेज या वीडियो लेने और शेयर करने की अनुमति नहीं है, लेकिन मैच के दिन वो लिमिटेड फोटो डाल सकते हैं। ब्रॉडकास्टर्स ने आईपीएल अधिकारों के लिए बड़ी रकम चुकाई है। इसलिए कमेंटेटर मैच के दिन वीडियो या तस्वीरें सोशल मीडिया पर पोस्ट नहीं कर सकते। वे लिमिटेड तरीके से ही तस्वीरें पोस्ट कर सकते हैं और अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लाइव मैच अपडेट दे सकते हैं। ऐसे में दोषी पाए जाने पर फ्रेंचाइजी पर जुर्माना लगाया जाएगा।

## आईपीएल : सनराइजर्स ने टूर्नामेंट के इतिहास का रिकॉर्ड स्कोर 287 बनाया

# हाई स्कोरिंग मुकाबला : हैदराबाद 25 रन से जीता, रिकॉर्ड 549 का स्कोर, लगे 38 छक्के

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

ट्रेविस हेड के आक्रामक शतक के दम पर सनराइजर्स हैदराबाद ने सोमवार को इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर को 25 रन से हरा दिया। हेड के पहले टी20 शतक के अलावा हेनरिच क्लासेन ने ताबड़तोड़ 67 रन बनाए जिसकी मदद से सनराइजर्स ने टूर्नामेंट के इतिहास का रिकॉर्ड स्कोर जड़ते हुए तीन विकेट पर 287 रन बनाए। सनराइजर्स ने इसी सत्र में 27 मार्च को मुंबई इंडियंस के खिलाफ तीन विकेट पर 277 रन बनाकर रिकॉर्ड अपने नाम किया था और आज अपना ही रिकॉर्ड तोड़ दिया। जवाब में आरसीबी की टीम सात विकेट पर 262 रन ही बना सकी।

इस आईपीएल मैच में 40 ओवरों में 549 रन बने जो एक रिकॉर्ड है। मैच में 38 छक्के लगे जो एक अब का नया रिकॉर्ड है। कप्तान फाफ डु प्लेसी और दिनेश कार्तिक ने आरसीबी को चमत्कारिक जीत दिलाने की कोशिश की लेकिन नाकाम रहे। डु प्लेसी ने 28 गेंद में सात चौकों और चार छक्कों की मदद से 62 रन बनाए जबकि कार्तिक ने 35 गेंद में 83 रन बना डाले जिसमें पांच चौके और सात छक्के शामिल थे। विराट कोहली ने 42 रन का योगदान दिया। आरसीबी के लिए यह सीजन अच्छा नहीं रहा है और टीम सात में से सिर्फ एक ही मैच जीत सकी है। आरसीबी की यह लगातार पांचवीं हार है। हैदराबाद ने इस सीजन अब तक छह मैचों में चार मैच जीते हैं, जबकि दो में उसे हार का सामना करना पड़ा है।



### आईपीएल के सबसे तेज शतक

| गेंद | खिलाड़ी | टीम | साल |
|---|---|---|---|
| 30 | क्रिस गेल | बेंगलोर | 2013 |
| 37 | युसूफ पठान | राजस्थान | 2010 |
| 38 | डेविड मिलर | पंजाब | 2013 |
| 39 | ट्रेविस हेड | बेंगलोर | 2024 |
| 42 | गिलक्रिस्ट | बेंगलोर | 2008 |

### चौके-छक्कों की हुई बरसात

सनराइजर्स हैदराबाद और आरसीबी के बीच खेले गए मुकाबले में कुल 81 बाउंड्री लगी। हैदराबाद और बेंगलुरु के बल्लेबाजों ने मिलकर 43 चौके जमाए, तो गेंद को 38 बार हवाई यात्रा पर छह रन के लिए भेजा। इससे पहले वेस्टइंडीज और साउथ अफ्रीका के बीच खेले गए मुकाबले में 81 बाउंड्री लगी थीं।

### आरसीबी ने रचा इतिहास

भले ही रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर की टीम को हार का मुंह देखना पड़ा, लेकिन आरसीबी के बल्लेबाजों ने धमाल मचाते हुए इतिहास रच डाला है। एक टी-20 क्रिकेट मैच में रनों का पीछा करते हुए 250 से ज्यादा रन बनाने वाली आरसीबी दुनिया की पहली टीम बन गई है।

### कार्तिक ने खेली धांसू पारी



दिनेश कार्तिक ने आरसीबी की ओर से आखिर तक लड़ाई लड़ी। कार्तिक ने तूफानी अंदाज में बल्लेबाजी करते हुए 35 गेंदों पर 83 रन की यादगार पारी खेली। अपनी इस पारी के दौरान कार्तिक ने 5 चौके और सात छक्के जमाए। हालांकि, कार्तिक टीम को जीत दिलाने में नाकाम रहे।

### टी-20 में दूसरा सबसे बड़ा स्कोर

सिर्फ आईपीएल ही नहीं, बल्कि सनराइजर्स हैदराबाद ने टी-20 क्रिकेट का दूसरा सबसे बड़ा स्कोर भी खड़ा किया है। हैदराबाद ने 20 ओवर में 3 विकेट खोकर 287 रन स्कोर बोर्ड पर लगाए। एसआरएच ने अफगानिस्तान द्वारा साल 2019 में बनाए गए 278 के स्कोर को पीछे छोड़ दिया है। टी-20 में सबसे बड़ा स्कोर नेपाल टीम ने खड़ा किया है। साल 2023 में नेपाल ने 3 विकेट खोकर 314 रन बनाए थे।

### स्कोर बोर्ड

| सनराइजर्स हैदराबाद | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| अभिषेक का फर्ग्युसन बो टॉपली | 34 | 22 | 2 | 2 |
| हेड का डु प्लेसी बो फर्ग्युसन | 102 | 41 | 9 | 8 |
| क्लासेन का विशाख बो फर्ग्युसन | 67 | 31 | 2 | 7 |
| एडेन माक्रम नाबाद | 32 | 17 | 2 | 2 |
| अब्दुल समद नाबाद | 37 | 10 | 4 | 3 |


अतिरिक्त : 15, कुल : 20 ओवर में 287/3
गेंदबाजी : जैक्स 3-0-32-0, टॉपली 4-0-68-1, दयाल 4-0-51-0, फर्ग्युसन 4-0-52-2, विशाक 4-0-64-0, लोमरोर 1-0-18-0.

| रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| विराट कोहली बो मार्कंडेय | 42 | 20 | 6 | 2 |
| डु प्लेसी का क्लासेन बो कमिंस | 62 | 28 | 7 | 4 |
| विल जैक्स रन आउट | 07 | 04 | 1 | 0 |
| रजत का रेड्डी बो मार्कंडेय | 09 | 05 | 0 | 1 |
| चौहान पगबाधा बो कमिंस | 00 | 01 | 0 | 0 |
| कार्तिक का क्लासेन बो नटराजन | 83 | 35 | 5 | 7 |
| महिपाल लोमरोर बो कमिंस | 19 | 11 | 0 | 2 |
| अनुज रावत नाबाद | 25 | 14 | 5 | 0 |
| विजयकुमार नाबाद | 01 | 02 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 14, कुल : 20 ओवर में 262/7
गेंदबाजी : शर्मा 1-0-10-0, भुवनेश्वर 4-0-60-0, शाहबाज 1-0-18-0, नटराजन 4-0-47-1, कमिंस4-0-43-3, मार्कंडेय 4-0-46-2, उनादकट 2-0-37-0.

पेरिस ओलंपिक

## सीन नदी के बजाय स्टेडियम में हो सकता है उद्घाटन समारोह



*पेरिस। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुअल मैक्रों ने सोमवार को कहा कि योजना के अनुसार सीन नदी पर होने वाले पेरिस ओलंपिक के उद्घाटन समारोह को सुरक्षा कारणों से राष्ट्रीय स्टेडियम 'स्टेड डि फ्रांस' में कराया जा सकता है। पेरिस ओलंपिक और पैरालंपिक से पहले फ्रांस में सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त किए जा रहे हैं क्योंकि इस दौरान लाखों दर्शकों के देश पहुंचने की उम्मीद है। उद्घाटन समारोह में करीब 10,500 खिलाड़ियों को नावों में बिठाकर सीन नदी पर छह किलोमीटर दूर तक परेड कराई जाएगी और दर्शक किनारे से बैठकर उन्हें देखेंगे। लेकिन 26 जुलाई को होने वाले इस समारोह के लिए सुरक्षा के कई स्तरों की जरूरत होगी और अगर ऐसा होता है तो स्टेडियम के बाहर होने वाला यह पहला ओलंपिक उद्घाटन समारोह होगा। फ्रांस की मीडिया 'बीएफएम-टीवी' और 'आरएमसी' से बात करते हुए मैक्रों ने कहा, 'अगर हमें लगता है कि जोखिम होगा जो हमारे सुरक्षा विश्लेषकों के आकलन पर निर्भर करेगा तो हमारे पास 'बी' और 'सी' योजना भी है।'*

## रॉयल्स को हराकर अंक तालिका के शीर्ष पर पहुंचना चाहेगा कोलकाता

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

राजस्थान रॉयल्स की टीम मंगलवार को इंडियन प्रीमियर लीग में यहां जब दो बार के चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स से भिड़ेगी तो उसके बल्लेबाजों के सामने ईडन गार्डन्स में सुनील नारायण की गेंदबाजी का जवाब ढूंढने की चुनौती होगी।

अगले महीने 36 बरस के होने जा रहे नारायण ने 2012 और 2014 में पूर्व कप्तान गौतम गंभीर के नेतृत्व में केकेआर की दो खिताबी जीत में अहम भूमिका निभाई थी। वर्ष 2012 में नाइट राइडर्स का हिस्सा बनने के बाद से नारायण ने ईडन गार्डन्स पर अपनी गेंदबाजी से विरोधी बल्लेबाजों को काफी परेशान किया है। मेंटर के रूप में टीम में गंभीर की वापसी के बाद नारायण ने एक बार फिर शानदार प्रदर्शन करते हुए टीम को खिताब के दावेदारों में शामिल कर दिया है।

## खबर संक्षेप



### धोनी के खिलाफ करते हैं गेंदबाजी का अभ्यास

**मुंबई।** चेन्नई सुपरकिंग्स के गेंदबाजी सलाहकार एरिक सिमंस ने खुलासा किया है कि उनके गेंदबाज महेंद्र सिंह धोनी के खिलाफ डेथ ओवरों की गेंदबाजी करते हैं और ट्रेनिंग सत्र में उनके खिलाफ सफल रहने वाली रणनीतियां मैच के दौरान भी अच्छा काम करती हैं। धोनी सुपरकिंग्स की पारी की आखिरी चार गेंदों पर बल्लेबाजी के लिए आए और उन्होंने पहली तीन गेंदों पर छक्के लगाकर टीम को रविवार रात मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या के आखिरी ओवर में 26 रन जुटाने में मदद की। उनकी चार गेंद में नाबाद 20 रन की पारी अंत में अंतर साबित हुई और मुंबई इंडियन्स को 20 रन से हराकर सुपरकिंग्स की टीम अंक तालिका में तीसरे स्थान पर पहुंच गई।

### जेहान ने फार्मूला ई में बनाया पहला अंक



**मिसानो।** भारत के जेहान दारुवाला ने पूर्ण रूप से इलेक्ट्रिक रेसिंग सीरीज फार्मूला ई में अपने पहले सत्र में खराब शुरुआत के बाद पहले अंक जुटाए। फार्मूला टू में चार सत्र बिताने के बाद फार्मूला ई से जुड़ने वाले जेहान ने मासेराती एमएसजी रेसिंग की ओर से प्रतिस्पर्धा करते हुए रविवार को यहां मिसानो ई-प्री की दूसरी रेस में नौवें स्थान पर रहते हुए दो अंक हासिल किए फिया विश्व चैंपियनशिप का दर्जा रखने वाली इस सीरीज में इससे पहले जेहान की शुरुआत खराब रही थी।

### हार्दिक की बेहद साधारण गेंदबाजी और कप्तानी

**मुंबई।** भारत के स्टार ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या को मौजूदा आईपीएल



में मुंबई इंडियंस की चौथी हार के बाद प्रमुख पूर्व खिलाड़ियों की तीखी आलोचना का सामना करना पड़ा। पूर्व महान बल्लेबाज सुनील गावस्कर ने 'बिलकुल साधारण गेंदबाजी और साधारण कप्तानी' के लिए उनकी आलोचना की। मुंबई की कप्तानी संभालने के बाद से प्रशंसकों की हूटिंग का सामना कर रहे पंड्या को रविवार रात चेन्नई के खिलाफ टीम की 20 रन की हार के बाद गावस्कर और इंग्लैंड के पूर्व कप्तान केविन पीटरसन की आलोचना झेलनी पड़ी।

# बिलबाओ को विलारियल ने ला लिगा मैच में 1-1 से ड्रॉ पर रोका

एजेंसी ▶▶ मैड्रिड

कोपा डेल रे विजेता एथलेटिक बिलबाओ को स्पेनिश फुटबॉल लीग में विलारियल ने 1-1 से बराबरी पर रोक दिया। पिछले सप्ताहांत एथलेटिक ने मालोर्का को हराकर चार दशक में पहली कोपा डेल रे ट्रॉफी जीती। रविवार को विलारियल के खिलाफ मुकाबले के दौरान ट्रॉफी को दर्शकों के लिए सैन मेम्स स्टेडियम में रखा गया था। एथलेटिक को 66वें मिनट में ओइहान सांचे ने बढ़त दिलाई।

इससे लगभग 20 मिनट पहले सेंटियागो कोमेसाना को फाउल करने पर दूसरा लाल कार्ड दिखाकर मैच से बाहर कर दिया गया था। हालांकि जब लग रहा था कि एथलेटिक की टीम मैच जीत लेगी तब दूसरे हाफ के इंजरी टाइम के पांचवें मिनट में डेनी पारेजो ने गोल करके स्कोर 1-1 कर दिया। इस ड्रॉ से एथलेटिक की चैंपियन्स लीग के लिए क्वालीफाई करने की उम्मीदों को झटका लगा है। टीम अभी चौथे स्थान पर चल रहे एटलेटिको मैड्रिड से चार अंक पीछे है जबकि सात मैच बचे हैं। एटलेटिको ने शनिवार को तीसरे स्थान पर चल रहे गिरोना को 3-1 से हराया था।



### भारतीय टीम स्पेशल ओलंपिक फुटबॉल टूर्नामेंट के लिए रवाना

*फरीदाबाद। भारत के पुरुष और महिला खिलाड़ियों का 28 सदस्यीय मजबूत दल स्पेशल ओलंपिक दक्षिण एशिया यूनीफाइड सेवन-ए-साइड फुटबॉल टूर्नामेंट में हिस्सा लेने के लिए सोमवार को ढाका रवाना हुआ। भारतीय दल में 22 खिलाड़ी और पांच कोच शामिल हैं जो आठ राज्यों का प्रतिनिधित्व करते हैं। दल को सोमवार को विदाई दी गई। स्पेशल ओलंपिक भारत के खेल निदेशक हरप्रीत सिंह ने समारोह के दौरान कहा, 'हमें एसओबी की महिला टीम से कम से कम एक कदम की उम्मीद है। पुरुष टीम को हालांकि अपने कौशल में सुधार करना होगा। महत्वपूर्ण चीज यह है कि गोल नहीं होने दें लेकिन हमें सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन की उम्मीद है।' स्पेशल ओलंपिक भारत बौद्धिक रूप से दिव्यांग लोगों का राष्ट्रीय खेल महासंघ है जो खेल मंत्रालय से मान्यता प्राप्त है।*

## एलेकना ने चक्का फेंक में बनाया नया विश्व रिकॉर्ड...



**रेमोना।** लिथुआनिया के माइकोलास एलेकना ने ओकलाहोमा थ्रो सीरीज प्रतियोगिता में चक्का फेंक में 1986 में बना विश्व रिकॉर्ड तोड़ दिया। इक्कीस साल के माइकोलास ने रविवार को चक्के को 243 फीट 11 इंच (74.35 मीटर) की दूरी तक फेंका और छह जून 1986 को बनाए जर्मनी के जुर्गेन शुल्ट के 243 फीट (74.08 मीटर) के पिछले रिकॉर्ड को तोड़ा। माइकोलास के थ्रो को शुरू में 244 फीट एक इंच (74.41 मीटर) मापा गया था लेकिन विश्व एथलेटिक्स के अनुसार बाद में इसे संशोधित किया गया। इस रिकॉर्ड की हालांकि अभी पुष्टि होना बाकी है।

## कैंडिडेट्स शतरंज : गुकेश और प्रज्ञानानंदा के बीच मैच ड्रॉ

# गुजराती ने फिर दूसरे वरीय नाकामूरा को हराया

एजेंसी ▶▶ टोरंटो

भारतीय ग्रैंडमास्टर विदित गुजराती ने पिछले मैच में शिकस्त के बाद जोरदार वापसी करते हुए रविवार को यहां कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट के नौवें दौर में अमेरिका के दूसरे वरीय हिकारू नाकामूरा को हरा दिया। डी गुकेश और आर प्रज्ञानानंदा के बीच ऑल इंडियन मुकाबला ड्रॉ रहा जबकि किसी अन्य बाजी का भी नतीजा नहीं निकला।

रूस के इयान नेपोमनियाची ने



फ्रांस के फिरोजा अलीरेजा के साथ अंक बांटे जबकि अजरबेजान के निजात अबासोव ने अमेरिका के फाबियानो कारुआना को बराबरी पर रोका। साल के इस सबसे बड़े टूर्नामेंट में अब पांच दौर का खेला बाकी है। नेपोमनियाची और गुकेश संभावित नौ में से 5.5 अंक के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष पर हैं। प्रज्ञानानंदा पांच अंक के साथ तीसरे स्थान पर हैं। नाकामूरा, गुजराती और कारुआना 4.5 अंक के साथ चौथे स्थान पर हैं।

### वैशाली को मिली हार

आर वैशाली की वापसी की उम्मीदों को झटका लगा जब उन्हें चीन की झोंगयी टैन के खिलाफ शिकस्त का सामना करना पड़ा। चीन की इस खिलाड़ी ने संभावित 9 में से 6 अंक के साथ एकल बढ़त बना ली है। रविवार को टैन और वैशाली की बाजी के अलावा अन्य किसी बाजी का नतीजा नहीं निकला। भारत की कोनेरू हंपी ने रूस की कैटरीना लेगनो के साथ अंक बांटे जबकि कल तक शीर्ष पर चल रहीं टिंगजी लेइ और बुल्गारिया की नुर्गयुल सेलिमोवा की बाजी भी ड्रॉ रही।

## '180 नॉटआउट' में रुख साझा करेंगे गंभीर, हरभजन, वाल्श

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

गौतम गंभीर, हरभजन सिंह, सुरेश रैना और कर्टनी वॉल्श जैसे कुछ पूर्व दिग्गज खिलाड़ी पॉडकास्ट सीरीज '180 नॉटआउट' में खेल की चुनौतियों, विवादों और भविष्य की संभावनाओं पर रुख साझा करते नजर आएंगे। पॉडकास्ट में 60 से अधिक पूर्व क्रिकेटर और विशेषज्ञ शामिल हैं और पिछली दो शताब्दियों में क्रिकेट की यात्रा और विकास पर चर्चा करेंगे। पंद्रह एपिसोड की इस श्रृंखला में गंभीर, हरभजन, वॉल्श, अफरीदी, क्रिस




गेल की अंतर्दृष्टि के साथ खिलाड़ियों पर खेल का प्रभाव, लीग, कोचिंग, फिटनेस, विभिन्न प्रारूप और रिकॉर्ड सहित विविध विषयों को शामिल किया गया है।



# ‘साइलेंस 2’ में मनोज जंचे एसीपी अविनाश के किरदार में

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता मनोज बाजपेयी इन दिनों अपनी आगामी फिल्म ‘साइलेंस 2’ को लेकर चर्चा में हैं। यह 2021 में आई फिल्म ‘साइलेंस’ की दूसरी किस्त है। हाल ही में फिल्म का ट्रेलर जारी किया गया, जिसे काफी पसंद किया गया। इसके बाद अब ‘साइलेंस 2’ मनोज की नई झलक सामने आई है, जिसमें उनका धांसू अवतार दिख रहा है। मनोज एसीपी अविनाश बन एक बार दर्शकों का मनोरंजन करने के लिए लौट रहे हैं। मनोज ने ‘साइलेंस 2’ से अपनी पहली झलक साझा करते हुए लिखा, ‘हर बुरे के लिए हमेशा एक बदमाश पुलिस वाला होता है और वह है एसीपी अविनाश।’ ‘साइलेंस 2’ का प्रीमियर 16 अप्रैल से ओटीटी प्लेटफॉर्म जी5 पर होगा।

लाइफ Style

# आलिया

## अब राजकुमारी बन चलाएंगी जादू

एजेंसी ▸▸ मुंबई

फिल्म इंडस्ट्री की सबसे लोकप्रिय अभिनेत्रियों में से एक आलिया भट्ट ने अपने अभिनय से हमेशा दर्शकों को प्रभावित किया है। आलिया के पास एक से बढ़कर एक फिल्में हैं, जिनमें वह अभिनय कौशल दिखाती नजर आने वाली हैं।

इस बीच अब एक ऐसी खबर आई है, जिसे सुनकर अभिनेत्री के प्रशंसक खुशी से झूम उठेंगे। दरअसल, खबर है कि जानी-मानी फिल्म निर्माता गुरिंदर चड्ढा की म्यूजिकल फिल्म में आलिया नजर आ सकती हैं।

**मुख्य किरदार निभा सकती हैं आलिया :** ‘बेंड इट लाइक बेकहम’ और ‘ब्राइड एंड प्रेजुडिस’ जैसी फिल्मों के लिए प्रसिद्ध गुरिंदर इस समय एक म्यूजिकल फिल्म पर काम कर रही हैं। फिल्म की कहानी भारतीय राजकुमारी के इर्द-गिर्द बुनी जाएगी। गुरिंदर इस फिल्म का निर्माण डिज्नी के तहत कर रही हैं। ऐसे में जिस दिन से फिल्म बनने की खबरें सामने आई हैं, तभी से दर्शकों को इसके कलाकारों के बारे में जानने की उत्सुकता है। रिपोर्ट के अनुसार, गुरिंदर काफी समय से आलिया के साथ मुख्य भूमिका निभाने को लेकर चर्चा कर रही हैं। सूत्र ने कहा, गुरिंदर-आलिया के बीच कुछ समय से बातचीत चल रही है। हालांकि, कास्टिंग पर फैसला इसकी पूरी स्क्रिप्ट तैयार होने के बाद ही होगा, लेकिन आलिया फिल्म के लिए निर्माता की पहली पसंद हैं। बता दें, अफवाहें तब से तेज हो गई हैं, जब से गुरिंदर ने लंदन में आलिया के होप गाला में भाग लिया।



## हॉलीवुड मसाला



# फिर सुर्खियों में नजर आया मॉर्गन

**लॉस एंजिलस।** हॉलीवुड सिंगर मॉर्गन वालेन अक्सर ही किसी न किसी वजह से सुर्खियों में रहते हैं। हाल ही में सिंगर इंडियानापोलिस के लुकास ऑयल स्टेडियम में अपने प्रदर्शन के बाद काफी चर्चाओं में बने हुए हैं। खबरों के मुताबिक, 30 साल के हॉलीवुड सिंगर मॉर्गन वालेन ने नैशविले शहर में एक नए खुले छह मंजिला बार की छत से एक कुर्सी फेंक दी, जिसके बाद पुलिस ने उनको गिरफ्तार कर लिया। मेट्रो नैशविले पुलिस ने ट्वीट करते हुए बताया, ‘30 साल के वालेन पर लापरवाह खतरे के तीन गंभीर मामलों और अव्यवस्थित आचरण के एक दुष्कर्म मामले में सोमवार सुबह जेल भेज दिया गया है।

# ‘फोली अ दु’ का सामने आया ट्रेलर

**लॉस एंजिलस।** साइकोलॉजिकल थ्रिलर ‘जोकर’ के सीक्वल का टीजर ट्रेलर रिलीज हो गया है। जी हां, ‘जोकरः फोली अ दु’ का टीजर ट्रेलर न हैरानी पैदा करता है बल्कि दुनिया के सबसे सनकी और खूंखार विलेन से रूबरू करवाता है। एक बार फिर ऑर्थर के रोल में जोकिन फीनिक्स दिल-दिमाग सब जीत लेते हैं। उनके साथ हार्ले क्विन (लेडी गागा) भी हैं। मेकर्स ने इसे टीजर ट्रेलर कहा है। वैसे कुछ लोग इसे पहला ट्रेलर मान रहे हैं जो कि 2 मिनट 25 सेकेंड का है। ‘जोकरः फोली अ दु’ को डायरेक्टर डोट फिलिप्स ने बनाया है जो कि सिनेमाघरों में 4 अक्टूबर 2024 को रिलीज होगी। साल 2019 में आई जोकर का सीक्वल में लेडी गागा और जोकिन फिनिक्स के अलावा ज़ाज़ी बीट्ज़, ब्रेंडन ग्लीसन, स्टीव कूगन और कैथरीन कीनर भी नजर आएंगे।






# मनीषा ने भंसाली का जताया आभार...

**मुंबई।** मनीषा कोइराला ने कई शानदार फिल्मों से दर्शकों का दिल जीता है। हालांकि, 2012 में कैंसर के कारण अभिनेत्री ने फिल्मी दुनिया से पूरी तरह दूरी बना थी तो अब वह फिर पर्दे पर वापसी कर चुकी हैं। मनीषा जल्द ही संजय लीला भंसाली की पहली वेब सीरीज ‘हीरामंडी’ में नजर आएंगी। ऐसे में अभिनेत्री ने ‘हीरामंडी’ के लिए आभार जताया है। मालूम हो कि भंसाली की ‘हीरामंडी’ 1 मई को नेटफ्लिक्स पर दस्तक देगी। मनीषा ने इंस्टाग्राम पर अपने करीबियों की तस्वीरें साझा कर आभार जताते हुए नोट साझा किया। मनीषा ने लिखा भगवान की कृपा से कैंसर के बाद मुझे दूसरी जिंदगी मिली है। मैंने जीवन में बहुत कुछ देखा है और कई गलत रास्ते भी अपनाए हैं। जिंदगी में आए उतार-चढ़ावों ने बहुत कुछ सिखाया। और मैं समय के महत्व को ज्यादा समझती हूं। बीता हुआ कल दर्दनाक था, लेकिन आज शांति है। मनीषा बोलीं, मुझे अब बेहतरीन फिल्में या शहरी जीवन नहीं चाहिए। मैंने केवल उन लोगों के साथ काम करना चुना है, जिनका मैं सम्मान करती हूं। फिल्म ‘खामोशी’ के बाद ‘हीरामंडी’ में भंसाली के साथ काम कर अभिनेत्री खुश हैं।

# ‘12वीं फेल’ ने तोड़ा गदर का रिकार्ड

**मुंबई।** बॉलीवुड फिल्मकार विधु विनोद चोपड़ा की फिल्म 12वीं फेल ने सिल्वर जुबली पूरी कर इतिहास रच दिया है। विधु विनोद चोपड़ा की लिखी और निर्देशन में बनी 12वीं फेल अनुराग पाठक की इसी नाम की किताब पर आधारित है। यह फिल्म आईपीएस अधिकारी मनोज कुमार शर्मा के जीवन पर आधारित है। विक्रांत मैसी ने इस फिल्म में मनोज शर्मा की मुख्य भूमिका निभायी है। इस फिल्म में विक्रांत मैसी के अलावा मेधा शंकर की भी अहम भूमिका है। फिल्म 12वीं फेल 27 अक्तूबर 2023 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। फिल्म 12वीं फेल ने सिनेमाघरों में सिल्वर जुबली पूरी कर इतिहास रच दिया है। फिल्म 12वीं फेल के पहले वर्ष 2001 में प्रदर्शित सनी देओल और अमीषा पटेल की फिल्म गदर-एक प्रेम कथा ने सिल्वर जुबली मनाई थी।









# फरदीन खान का 14 साल बाद ‘हीरामंडी’ से कमबैक



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता फरदीन खान ने अपनी आने वाली वेबसीरीज हीरामंडीः द डायमंड बाजार के जरिए बतौर अभिनेता 14 साल बाद कमबैक किया है, जिसे लेकर वह भावुक हो गए। फिल्म में फरदीन खान भी अहम भूमिका में नजर आएंगे। संजय लीला भंसाली की फिल्म हीरामंडीः द डायमंड बाजार में मनीषा कोइराला, सोनाक्षी सिन्हा, अदिति राव हैदरी, शर्मिन सहगल, ऋचा चड्ढा और संजीदा शेख जैसे कलाकार शामिल हैं। फरदीन खान ने कहा कि संजय लीला भंसाली और नेटफ्लिक्स का बहुत-बहुत आभारी हूं, जो मुझे ये मौका मिला। हीरामंडीः द डायमंड बाज़ार 01 मई 2024 को ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज हो रही है।

दूल्हा मिल गया में आए थे नजर : फरदीन खान 14 साल बतौर अभिनेता वापसी कर रहे हैं। फरदीन खान अंतिम बार वर्ष 2010 में प्रदर्शित फिल्म दूल्हा मिल गया में बतौर अभिनेता नजर आए थे। इस फिल्म में फरदीन खान के साथ सुष्मिता सेन ने भी अहम भूमिका निभाई थी। बतौर अभिनेता 14 साल बाद कमबैक करने को लेकर भावुक हो गए। फरदीन खान ने कहा, मैं खुद को बहुत लकी मानता हूं कि दुबारा से मुझे आप सबसे जुड़ने का और फिल्म इंडस्ट्री में वापसी करने का अवसर मिल रहा है। यह पल मुझे बहुत इमोशनल करने वाला है।

*मुंबई। आज के समय में ओटीटी पर हर तरह का कंटेंट उपलब्ध है। यहां क्राइम से लेकर लेकर कॉमेडी हर जॉनर की फिल्में और वेब सीरीज उपलब्ध हैं। ऐतिहासिक फिल्मों की भी ओटीटी पर भरमार है। ऐसे में अगर आपको इतिहास में रुचि है तो आपके लिए यहां बहुत से विकल्प हैं, लेकिन आज हम आपको ऐतिहासिक शो के बारे में बता रहे हैं, जो आपका मनोरंजन तो करेंगे ही साथ ही साथ आपका ज्ञान भी बढ़ाएंगे।*

# इतिहास में दिलचस्पी है तो देखिए ओटीटी पर मौजूद ये शानदार शो



## ‘जोधा अकबर’

जोधा बाई और अकबर की प्रेम कहानी हमारे इतिहास की अब तक की सबसे मशहूर प्रम कहानियों में से एक है। इस पर बनी फिल्म तो आपने देखी होगी, लेकिन हम आपको जी टीवी पर प्रसारित हुए शो के बारे में बता रहे है, जिसमें रजत टोकस और परिधि शर्मा नजर आई थीं।









हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930